formula. यह फॉर्मूला सौ प्रतिशत सही नहीं है। अगर इस फॉर्मूले के तहत बजट एलोकेशन होता है तो राज्य आगे बढ़ते हैं, उनका िवकास होता है और जो पिछड़े राज्य हैं, जैसे छत्तीसगढ़, उड़ीसा हैं, वे आगे नहीं बढ़ सकते हैं। इसलिए मेरा सुझाव है कि इस फॉर्मूले में थोड़ा परिवर्तन कीजिए। मेरा प्रस्ताव है कि इस संबंध में एक नयी पॉलिसी बनाई जाए। जब बजट में आप फंड्स का एलोकेशन करते हैं, प्रोजेक्ट्स सलैक्शन करते हैं, उस क्षेत्र को कितना पैसा दिया जाएगा, इसका फैसला करते हैं तो कम से कम उस राज्य में अभी कितने कि.मी. की रेल लाइन है, इसे भी ध्यान में रखा जाए। आजादी के 56-57 साल के बाद भी हिन्दुस्तान के कई राज्य ऐसे हैं, जिनमें से ज्यादातर में नयी रेलवे लाइन नहीं बनी हैं। उस राज्य में कितने किलोमीटर रेल लाइन है, यह भी विचारणीय होना चाहिए। दूसरी बात यह है कि उस राज्य में कम रेल लाइन होते हुए भी, रेलवे का ज्यादा इंफ्रास्ट्रक्चर न होते हुए भी, उसका केन्द्रीय राजस्व में योगदान कितना है, यह भी देखा जाना चाहिए। मैं फिर अपने राज्य उड़ीसा का उदाहरण देना चाहता हूं। वहां सबसे कम रेल लाइन है, लेकिन साउथ-ईस्टर्न रेल वे में सबसे ज्यादा रेवेन्यू का योगदान रेलवे को वहां से मिलता है, जो कुल दो तिहाई है। लेकिन जब फंड का एलोकेशन होता है, जब प्रोजेक्ट तय होता है और उसके लिए फंड दिया जाता है, तो हमें सबसे कम मिलता है। इसलिए यह फार्मूला सही नहीं है। इसमें रेल मंत्री जी को परिवर्तन करना चाहिए।

मैं एक प्रांतीय दल का नुमाइंदा हूं, इसलिए अपने राज्य उड़ीसा के संदर्भ में कुछ बातें कहना चाहूंगा। रेलवे के मामले में हमें जितना न्याय मिलना चाहिए, वह नहीं मिल पाया है। मैं केवल उड़ीसा की नहीं, अन्य चार-पांच जो पिछड़े राज्य हैं, उनकी बात भी करता हूं। इन सभी राज्यों को रेलवे ने बार-बार नेग्लेक्ट किया है। रेल विभाग की परम्परा बन गई है कि इन राज्यों को नेग्लेक्ट किया जाए। जिन राज्यों की राजनीतिक लॉबी है, राजनीतिक वजन ज्यादा है, जहां से रेल मंत्री आते हैं, उन राज्यों का अधिक ख्याल रखा जाता है।

जब हमारे देश में अंग्रेजों का राज था, उस समय उन्होंने आज के तमिलनाडु और उस समय के मद्रास, से कोलकाता में सेना भेजने का इंतजाम करना था, इसलिए उन्हें रेल लाइन की आवश्यकता महसूस हुई, परिणामस्वरूप उड़ीसा के समुद्री तट पर रेल लाइन बनाई। आपको यह सुनकर आश्चर्य होगा कि आजादी के बाद से अब तक वहां सिर्फ दो नई रेल लाइनें, टालचर से सम्भलपुर 174 किलोमीटर और कोरापुट से रायगढ़ 164 किलोमीटर ही बनी हैं। यह स्थिति आजादी के 57-58 साल बाद आज उड़ीसा की है। जो रेल लाइन अंग्रेजों ने बनाई थी, वैसी ही अब तक है। उड़ीसा हिन्दुस्तान का सबसे गरीब राज्य है। यह राज्य बिहार से भी गरीब है, इस बात को सभी जानते हैं, फिर भी कहा जा रहा है कि यह रेल बजट गरीबों के लिए है, जबकि हमारे राज्य के लिए इसमें कुछ भी नहीं है। रेल मंत्री जी का यह गरीब बजट है और गरीब राज्य को ही नेग्लेक्ट किया जाता है। जब गरीबों के प्रति न्याय नहीं है, तो फिर यह कैसे गरीबों का रेल बजट हो सकता है, इसलिए मैं इसका समर्थन नहीं कर सकता।

आप नेशनल एवरेज देखें, 1000 किलोमीटर रेल लाइन में से केवल 19 किलोमीटर रेल लाइन उड़ीसा में है, फिर भी आप इसे गरीबों का रेल बजट कह रहे हैं। मैं कहना चाहता हूं कि हमारे साथ इस रेल बजट में पक्षपातपूर्ण व्यवहार किया गया है। इस रेल बजट में न तो गरीबों के प्रति कोई ख्याल रखा है और न ही गरीब राज्यों के साथ कोई न्याय किया गया है। उड़ीसा के अंदर औद्योगिक क्रांति शुरू हुई है। उड़ीसा में प्राकृतिक सम्पदा काफी है, लेकिन कई सालों से उसका खनन नहीं हो रहा है। आज एक नया सिलसिला वहां शुरू हुआ है, एक नया युग शुरू होने वाला है औद्योगिक क्रांति का और उड़ीसा चंद सालों में देश का औद्योगिक रूप से एक विकसित राज्य बनने वाला है। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में खनिज हैं, वहां सारी पोटेंशिएलिटी है, लेकिन रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं होगा, तो उड़ीसा जैसा राज्य कैसे आगे बढ़ेगा, इस पर थोड़ा ख्याल रेल विभाग और रेल मंत्री जी को करना चाहिए, यह मेरी उनसे गुजारिश है।

जैसा मैंने कहा कि रेलवे का फार्मूला हो सकता है कि कुछ राज्यों को नेग्लेक्ट करो, अनदेखा करो, सारा पैसा एक ही जगह डाल दो - यह बात सबको मालूम है। Almost all the Rail Budgets are not free from political influence. उसमें राजनीति का पुट ज्यादा होता है, वास्तविकता का कम होता है ।

**17.00 hrs.**

इस बजट में माननीय लालू जी द्वारा भी वही काम हुआ है। मैं पिछले कई सालों के आंकड़े आपको देना चाहूंगा। वर्ा 1995-96 में हमें मात्र 149 करोड़ रुपये मिले थे। वर्ा 1996-97 में मात्र 80 करोड़ रुपये मिले। यह उस राज्य को मिला जो मिनरल्स के मामले में बहुत ऊपर है। वहां पानी है, खनिज है लेकिन पैसा नहीं मिलता है। वर्ा 1997-98 में हमारे राज्य को 158 करोड़ रुपये मिले और वर्ा 1998-1999 में थोड़े ज्यादा यानी 254 करोड़ रुपये मिले। सबसे कम एलोकेशन अगर किसी स्टेट को हुआ है तो वह उड़ीसा को हुआ है। इस

साल थोड़ा ज्यादा हुआ है लेकिन हमें एतराज है। इसलिए माननीय रेल मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि जब वे बजट एलोकेशन करते हैं तो वे राजनीति से ऊपर उठकर एलोकेशन करें, राजनीति से परे होकर बजट बनाएं। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से यही निवेदन है।

हमारे माननीय चीफ मिनिस्टर साहब ने माननीय रेल मंत्री जी को पत्र लिखा। माननीय मंत्री जी के पास पत्र पहुंचता है या नहीं पहुंचता है लेकिन बजट में उसका रिफलेक्शन नहीं होता है। हमारे राज्य से सभी सांसदों ने मिलकर माननीय रेल मंत्री जी को लिखा कि हमारे यहां कुछ ऐसे प्रोजैक्ट्स हैं जो 20-25-30 सालों से पेंडिंग पड़े हुए हैं। हर साल एक किलोमीटर भी रेल-ट्रैक नहीं बनता है। ...(व्यवधान) इसमें एनडीए या यूपीए का सवाल नहीं है। आप तो हर चीज में राजनीति देखते हैं। इस दृटिकोण के ब्यूरोक्रेट्स भी हैं। मैं केवल राजनेताओं पर आक्षेप नहीं कर रहा हूं। इस दृटिकोण से देश का सर्वांगीण विकास कैसे होगा, आप यह बताएं। आप गरीब रथ चला रहे हैं लेकिन क्या हिंदुस्तान के सारे गरीब मुम्बई, दिल्ली और पटना में ही हैं। गरीब रथ तो उड़ीसा में, छत्तीसगढ़ में और नॉर्थ-ईस्ट में चलना चाहिए। लेकिन लगता ऐसा है कि गरीब केवल दिल्ली में, कोलकाता में, मुम्बई में और बाकी पटना में ही हैं, नॉर्थ-ईस्ट, उड़ीसा और छत्तीसगढ़ में नहीं हैं। यह जो दृटिकोण है यह ठीक नहीं है।

उड़ीसा में सबसे लम्बी कोस्टल-लाइन है लेकिन वहां रेल लाइन नहीं है। एक और बात की ओर मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। उड़ीसा में कुछ आदिवासियों की दुर्घटना में मौत हो गयी और वहां पुलिस फाइरिंग हुई। उस बात पर बहुत लोग रोए। उनका नाम लेकर आप खूब राजनीति करते हैं लेकिन उन आदिवासी बहुल स्टेटों के लिए आप कुछ नहीं कर रहे हैं। मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं। कोरापुट-जयपुर-मलकानगीर आदिवासी बहुल इलाका है। केबीके डिस्ट्रिक्ट में आता है। उसके लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। इस बारे में माननीय रेल मंत्री का ध्यान हमारे मुख्य मंत्री जी ने कई बार आकृट किया है कि उड़ीसा में काफी प्रोजैक्ट्स ऐसे हैं, जो सालों से पेंडिंग पड़े हैं। उनके लिए हर साल दो करोड़, चार करोड़, पांच करोड़, 8 करोड़ या 10 करोड़ दिए जाते हैं, जबकि पांच सौ करोड़, छः सौ करोड़ या सात सौ करोड़ की आवश्यकता होती है। अगर एलोकेशन में साइजेबल एलोकेशन नहीं होगा, तो हम लोग तो गुजर जाएंगे, हमारे बेटे भी गुजर जाएंगे, हमारे पोते जब आएंगे, तब शायद वहां रेल होगी। इसलिए जब आप प्रोजेक्ट करते हैं, आप उसे टेक-अप मत करिए, आप बोल दीजिए, कि हमारे पास पैसा नहीं है, हम आपकी बात नहीं सुनेंगे। आप लोगों में आस पैदा कर देते हैं , लेकिन प्रोजेक्ट के लिए पैसा नहीं देते हैं। ऐसे बहुत सारे प्रोजेक्ट हैं। मैं लालू जी को याद दिलाना चाहता हूं। अभी वे यहां मौजूद नहीं हैं। ...(व्यवधान) ये हमारे भाई हैं। उड़ीसा और बिहार पहले एक ही प्रांत था।

**सभापति महोदय :** आचार्य जी, आप संक्षेप में कहिए।

**श्री प्रसन्न आचार्य** : सन् 1935 तक बिहार और उड़ीसा एक प्रांत था, इसलिए हमारे बीच भाईचारा होना चाहिए।

**श्री रघुनाथ झा (बेतिया)** : हम आपके लिए लड़ेंगे। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** रघुनाथ जी आप उन्हें रोकेंगे, तो आपको और देर होगी।

**श्री प्रसन्न आचार्य** : सन् 1936 में उड़ीसा बना। कम से कम भाई के नाते ही लालू जी उड़ीसा का ख्याल रखें। वे अपने भाई को ही भूल जाते हैं, तो गरीब को क्या याद करेंगे? हम लोगों की जो इमीडिएट रिक्वायरमेंट है, वह 4000 करोड़ रूपए है और हमें कितना मिला? ऑन गोइंग प्रोजेक्ट को कंप्लीट करने के लिए हमें कम से कम चार हजार करोड़ रूपए चाहिए। जो प्रपोज्ड प्रोजेक्ट है, उसको छोड़ दीजिए, जो सर्वे हुआ है, उसे छोड़ दीजिए। केवल ऑन गोइंड प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए हमें चार हजार करोड़ रूपए चाहिए और हमें मिला है, मात्र साढ़ पांच सौ - छः सौ करोड़ रूपए। माननीय मंत्री जी इस पर गौर करें, नहीं तो यह हमारे प्रति अन्याय होगा।
मैं मंत्री जी के ध्यान में कुछ प्रपोजल लाना चाहता हूं। एक वैशाली-बंसपाणी ब्राडगेज लाइन काफी सालों से इनकंप्लीट है, इसके लिए एलाटमेंट बढ़ाएं और जैसा कि आपको पता है कि कई स्टील प्लांट उड़ीसा में आ रहे हैं और ये जो वैशाली-बंसपाणी रेल लाइन है, यह लाइन है, जयपुर ढेंकनाल, कटक संबलपुर, झारसुगुडा इन क्षेत्रों में सारे स्टील प्लांट आ रहे हैं, बड़े-बड़े स्टील प्लांट आ रहे हैं। एक-एक स्टील प्लांट में 50 हजार करोड़ रूपए से भी ज्यादा का इन्वेस्टमेंट हो रहा है। अगर इतना इन्वेस्टमेंट स्टेट गवर्नमेंट लाएंगा और वहां रेलवे का इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं होगा, लाइफ लाइन नहीं होगी, तो हम आगे कैसे बढ़ेंगे? एक सर्वे हुआ है। बर्गड़-नवापरा पिछड़ा हुआ इलाका है, जो बाया पदमपुर है, उसमें कोई एलाटमेंट नहीं है। इस संबंध में मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है। बलंगी-नवापरा लाइन के लिए काफी दिनों से डिमांड है, इसके लिए भी कुछ एलाटमेंट नहीं है। भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस चल रही है। हम लोगों की यह मांग है कि

जो सप्ताह में चार दिन चल रही है, उसको 7 दिन किया जाए और कम से कम तीन दिन वाया संबलपुर चलाया जाए। यह वेस्टर्न उड़ीसा में आता है। पुरी-अहमदाबाद वाया संबलपुर कुछ दिन चलती है, वाया भाईजात कुछ दिन चलती है, उसकी फ्रीक्वेंसी बढ़ायी जाए। संबलपुर जो कि वेस्टर्न उड़ीसा की राजधानी है, इलाहाबाद जाने के लिए यहां से काफी लोग जाते हैं, उसके लिए नयी गाड़ी चलायी जाए। कोरापुर से दिल्ली, जो कोरापुर के बी के में आता है, जहां एल्यूमिनियम प्लांट वगैरह हैं, वहां ट्रेन चलायी जाए। मैं लालू जी का भाण पढ़ रहा था, उसमें एल्यूमिनियम डिब्बा बनाने का रेलवे डिपार्टमेंट का एक प्रस्ताव है। मैं उस प्रस्ताव का स्वागत करता हूं। आपको पता है कि एल्यूमिनियम का ज्यादा प्रोडक्शन उड़ीसा में होता है। नाल्को और कुछ अन्य हैं और स्टील का भी ज्यादा प्रोडक्शन अब उड़ीसा में होने लगा है, जो एल्यूमिनियम बोगी बनाने का प्लान उड़ीसा में बनाया जाय, यह मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है। ... (व्यवधान) मैं दो प्वाइंट्स कहकर अपनी बात को समाप्त करूंगा। अभी ईस्ट-कोस्ट रेलवे शुरू हुआ है, यह अभी तक फुल-फ्रेज में नहीं हुआ है।

**सभापति महोदय :** आपके दूसरे साथी को समय नहीं मिल पाएगा।

**श्री प्रसन्न आचार्य :** मैं दो मिनट और लूंगा। मेरा यह प्रस्ताव है कि एक झारसुगुडा डिवीजन क्रिएट किया जाए। उड़ीसा का कुछ एरिया चक्रधरपुर डिवीजन में है, कुछ एरिया विलासपुर डिवीजन में है, तो संबलपुर डिवीजन को न डिस्टर्ब करते हुए इस सब क्षेत्र को लाकर जो उड़ीसा का एरिया है, राजगंजपुर, राउरकेला, बामरा, झारसुगुडा, बृजलाज नगर एरिया, बेलहाड़ एरिया ये सारे जंक्शन हैं, उन सब को लेकर एक स्वतंत्र डिवीजन बनाया जाये। उसे लेकर एक स्वतंत्र डिविजन बनाया जाए । एक बरहमपुर-फुलवानी कनैक्टिविटी का प्रपोजल था। उरी लाइन की डबलिंग का भी प्रपोजल था। सभी एमपीज और स्टेट गवर्नमैंट ने माननीय मंत्री जी को वह प्रपोजल दिया था। रेलवे प्रोटैक्शन फोर्स की लिमिटेशन्स और जूरिस्डिक्शन हैं। हम देखते हैं कि काफी इल्लिगल ट्रांसपोर्टेशन होता है। लिक्कर, टिम्बर और कोल का इल्लिगल ट्रांसपोर्टेशन होता है। अगर रेलवे फोर्स उसे पकड़ती है तो उसे केस करने का अधिकार नहीं होता है। वह जनरल पुलिस को हैंड ओवर करती है। ऐसे में रेलवे पुलिस की पावर सीमित हो जाती है। यह पावर और एथॉरटी रेलवे पुलिस को दी जाए।

लौंग डिस्टेंस ट्रेन्स में मेडिकल फैसिलिटी नहीं होती है। कोई यात्री बीमार पड़ता है तो एनाउन्समैंट होती है कि अगर कोई डॉक्टर साहब सफर कर रहे हैं तो वे आगे आ जाएं। डाक्टर अपने साथ जरूरी इक्विमैंट्स लेकर सफर नहीं करते हैं। इसलिए लौंग जर्नी वाली ट्रेन्स में चिकित्सा का प्रबन्ध किया जाए।

मेरा कहना है कि इस बजट से पिछड़े स्टेट्स और गरीबों कों कोई न्याय नहीं मिला है। इसलिए कुछ अमैंडमैंट्स के साथ मंत्री जी बजट को दोबारा पेश करें। फिर हम राजी होंगे वरना हमारी इस पर कोई सहमति नहीं है।

SHRI SHRINIWAS DADASAHEB PATIL (KARAD): Hon'ble Sir, My written demands on Railways from my Karad Lok Sabha Constituency are given below for consideration:

(1) Long standing demand of doubling of Pune-miraj Section of Central Railway in Pune Division should be given top most priority. The line utilization capacity of Pune – Miraj Section is almost 150%. The route caters to transportation of sugar, gur and Haldi mainly serves as a alternate route connecting two IT cities Pune and Bangalore.

(2) Pune – Miraj line is a 'D' class route. The existing track needs renewal and modifications which will increase the speed of the trains.

(3) There is utmost need to open computer reservation counters in towns at Satara and Karad. There is need to open computer reservation on railway station at Koregaon and Takari on Pune-Miraj Section of Central Railway.

(4) New administrative building at Karad Railway Station be constructed in order to accommodate all offices of Rail Department and spacious waiting room with toilet facility as existing waiting room has no such facility.

(5) 1053/1054 Kolhapur-H. Nizzamuddin Express runs ones in a week. The to and fro journey is of four days. The rakes of this train are not utilized for the remaining three days. In order to put them in use a new train from Kolhapur to Ahmedabad or Kolhapur to Dwarka may be stared.

(6) The goods storage shed and the loading, unloading platform need repairs at Karad Railway Station.

(7) Flowers and fruits from Satara District aree transported to Mumbai market and Delhi market, but due to Stoppage of trains for less than 5 minutes at Karad and Satara Stations, they are not loaded but the goods are to be transported to Pune due to which loss is occurred by double handling. In

---

*The speech was laid on the Table

order to overcome this problem 1030 Kolhapur-Mumbai Koyana Express may have halt at Karad and Satara for at least five minutes each and 2779 Goa Express should halt at Satara for five minutes. 2779 Goa Express reaches Pune before time by almost fifteen minutes. This time may be utilized by halting the train at Satara for five minutes to load the flowers and fruits.

(8) 1039/1040 Maharashtra Express starts from Kolhapur and ends its journey at Gondia after 28 hours covering a distance of 1350 KMs. the speed of this train should be increased to reduce the journey time.

(9) One 3A boggy should be attached to 2779/2780 Goa Express. At present there are two 2A boggies and only one 3A boggy. One additional 3A Boddy will be of more use.

**श्री रघुनाथ झा (बेतिया) :** माननीय सभापति महदोय, मैं सर्वप्रथम माननीय रेल मंत्री जी को हृदय से बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने पिछले तीन बजट में बिना यात्री किराया और माल भाड़ा बढ़ाए रेलवे की आय में वृद्धि की। जो लूपहोल्स थे उनको पकड़ने का काम किया, आमदनी बढ़ाने का काम किया। आज उनके बजट से आलोचनाएं हो रही हैं।

**सभापति महोदय :** मैं आपको बोलने से रोक नहीं रहा हूं लेकिन आप अपनी सीट से नहीं बोल रहे हैं। मैं आपको बोलने की अनुमति देता हूं लेकिन आप अनुमति लें तो ज्यादा अच्छा होगा।

**श्री रघुनाथ झा :** गलती हो गई।

**सभापति महोदयः** आप इस परम्परा का निर्वाह करें।

**श्री रघुनाथ झा :** इनके कटु आलोचक पीछे से लोगों के साथ वार्ता करते हुए कहते हैं कि यह रेल बजट बहुत अच्छा है। कुछ समय पहले विपक्ष की ओर से पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री अनन्त कुमार डब बोल रहे थे तो उनको इस बजट में कमी दिखायी दी। उन्होंने गरीब रथ की आलोचना की। उनकी सामाजिक न्याय के बारे में कोई सोच नहीं है। वह जिस एरिया से आते हैं और जिस दल में हैं, मैं उसके बारे में कुछ नहीं कहूंगा। उनको उस समय की बात याद आती है जब राम रथ लेकर आडवाणी जी चले थे। उनको यह बात याद नहीं है कि उस रथ को लालू जी ने आगे बढ़ने से रोका था। माननीय लालू जी का गरीब रथ चलाने का फैसला एक ऐतिहासिक फैसला है। मैं विशेा कर भाजपा के लीडर्स से कहना चाहता हूं कि वह साकारात्मक भूमिका अदा करें। जिन बातों को हमारे दूसरे मित्र कह रहे थे, हम उनकी बात के समर्थक हैं। बिहार में 20-20 वर्ा से प्रोजैक्ट्स पड़े हैं। उन्हें पूरा करने में 40-50 वर्ा लगेंगे। हम इस बात से सहमत हैं कि एक समयबद्ध कार्यक्रम बना कर काम पूरा करना चाहिए ताकि लाभ हो। जिस सरकार में आप लोग थे, हम भी थे। उस सरकार ने क्या किया? ...(व्यवधान) उनकी सरकार में आप हिस्सेदार थे। उड़ीसा बिहार का एक अंग है। हम बड़े भाई और छोटे भाई जैसे हैं। समस्या का जिक्र करना स्वाभाविक है । उस सरकार में क्या हुआ, इसे भी देखना चाहिए, सिर्फ आलोचना की दृटि से हमें यह बात नहीं कहनी चाहिए। हम जिस इलाके से आते हैं, वह बहुत बड़ा इलाका है जो बिहार की गरीबी से ओतप्रोत है। आज वह नक्सलवाद और माओवादियों का केन्द्र बना हुआ है। बिहार के कई दूरदराज इलाके जो बाढ़ से प्रभावित हैं, उन इलाकों में भी जाने का काम करना चाहिए।

मैं माननीय रेल मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि 54 नई रेलगाड़ियों का परिचालन, 36 गाड़ियों का विस्तार, 12 गाड़ियों के फेरों में वृद्धि, फ्रेट कोरिडोर का निर्माण, रेल व्हील फैक्ट्री छपरा की उत्पादन क्षमता का विस्तार, समस्तीपुर कारखाने का िवस्तार, सोनपुर में डी.एम.यू. शेड एवं वैगन वर्कशाप का निर्माण, रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला के संबंध में प्रस्ताव, देश के विभिन्न क्षेत्रों में 550 किलोमीटर नई रेल लाईन को पूरा करने का प्रस्ताव, वर्ा 2006-07 में 1100 किलोमीटर से अधिक आमान परिवर्तन का लक्ष्य निर्धारण, 11 नई रेल लाईन बिछाने के सर्वेक्षण का प्रस्ताव इत्यादि कार्यों से रेल मंत्री जी ने देश के लाखों लोगों में एक अमिट छाप छोड़ने का काम किया है।

महोदय, मैं इस बजट की बार-बार भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भारी हृदय से याद दिलाना चाहता हूं कि इस बजट में चम्पारण, जिसने मोहन दास करमचन्द गांधी को महात्मा गांधी बनाया लेकिन उन्हीं की कर्मभूमि चम्पारण को रेल बजट में कुछ नहीं मिला। इससे चम्पारण की जनता अपने को उपेक्षित महसूस कर रही है जबकि इस चम्पारण ने माननीय रेल मंत्री जी की अपील पर चार सांसद दिए। हम सभी सांसद भी अपने आप को शर्मसार महसूस कर रहे हैं। मैं माननीय रेल मंत्री जी से सादर अनुरोध करना चाहता हूं कि महात्मा गांधी जी की जन्मभूमि से उनकी कर्मभूमि चम्पारण तक एक जोड़ी रेलगाड़ी देकर गांधी जी की आत्मा तथा चम्पारण एवं पोरबन्दर के पुराने संबंध एवं इतिहास को अमर किया जाए। चम्पारण के रक्सौल या नरकटियागंज जंक्शन पर वाशिंग पीट का निर्माण अति आवश्यक है। मुजफ्फरपुर-गोरखपुर रेल लाईन पर दिल्ली की ओर से हावड़ा तक मालगाड़ियों का परिचालन होने से रेललाईन पर भारी दबाव है इसलिए इस रेललाईन का दोहरीकरण किया जाए। मुजफ्फरपुर-नई दिल्ली वाया नरकटियागंज एक जोड़ी नई रेलगाड़ी चलाई जाए।

सुगौली जंक्शन और सेमरा स्टेशन के बीच छगरांहा-सुगांव में हाल्ट के निर्माण की स्वीकृति दी जाए। नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर के बीच 5215 अप और 5216 डाऊन ट्रेन को पैसेन्जर ट्रेन के रूप में चलाया जाए। यह ट्रेन प्रत्येक स्टेशन पर रुकती है परन्तु एक्सप्रैस के नाम पर एक्सप्रैस का किराया वसूला जाता है जबकि यह आगे जाकर एक्सप्रैस बन जाती है। रेल बोर्ड के अभी जो चेयरमैन, जो पहले यहां के डी.एम. थे, तब माननीय रेल मंत्री जी ने कहा था और जनता में घोाणा भी की थी, जिसे इन्होंने नोट भी किया था लेकिन उसके लिए आज भी दुगुना या तिगुना किराया लिया जाता है। सुबह आठ बजे से लेकर रात के आठ बजे तक कोई पैसेंजर ट्रेन नहीं है। आप लोगों को पैसेंजर ट्रेन में बिठाकर एक्सप्रैस का किराया लेते हैं, यह मुनासिब बात नहीं है। वह ट्रेन पैसेंजर ट्रेन के रूप में रहती है इसलिए पैंसेजर ट्रेन का भाड़ा वसूल किया जाना चाहिए। सप्त क्रान्ति सुपर फास्ट ट्रेन, जो मुजफ्फरपुर से 12.00 बजे चलती है। उसके बाद वैशाली चलती है जो छपरा होकर जाती है और पांच-दस मिनट के अंतराल में इसके पीछे सप्र क्रांति एक्सप्रैस आती है। सप्त क्रांति के गोरखपुर से दिल्ली के बीच में एक स्टॉपेज है जबकि वैशाली के नौ स्टॉपेज हैं। वैशाली एक्सप्रैस आगे चलती है इसलिए ट्रेन बाधित होती है और उसे रुक-रुककर जाना पड़ता है।

हम मांग करते हैं कि मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी गाड़ी को एक घटां पहले चलाया जाए और इस ट्रेन में एक ए.सी. सैकिंड क्लास, एक एस.सी. थर्ड क्लास, स्लीपर क्लास और एक जनरल बोगी जोड़ी जाएं। इसमें नॉर्मल पीरियड में सात सौ पैसेन्जर्स वेटिंग लिस्ट में रहते हैं और पीक पीरियड में दो हजार पैसेन्जर्स वेटिंग लिस्ट में रहते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है यह काम शीघ्र कराने का कट करें।

धनहा विधान सभा हमारा इलाका है, यह बहुत पिछड़ा इलाका है और चारों तरफ नदी से घिरा हुआ है। हम बताना चाहते हैं कि एक साल पहले इसका शिलान्यास हुआ था और सर्वे हुआ था। लेकिन उसकी रिपोर्ट इस बजट में कही नहीं दिखाई दे रही है। हम जानना चाहते हैं कि उसमें कितना पैसा दिया गया है। नरकटियागंज से लेकर जयनगर तक वाया दरभंगा बड़ी रेल लाइन बन रही है। इसके एक साल पहले पूरा होने की बात थी। वहां से लौकहां-लौकही-निर्मली तक विस्तारित करते हुए पिछले बजट में पांच करोड़ रुपये मिले थे। लेकिन इस बार उसमें बहुत कम पैसा दिया गया है। यह सड़क नेपाल की सीमा तक जाती है। तत्कालीन प्रधान मंत्री, तत्कालीन रक्षा मंत्री, श्री जॉर्ज फर्नांडीज तथा तत्कालीन रेल मंत्री, श्री नीतीश कुमार जी ने वहां घोाणा की थी कि पुलों के निर्माण के लिए हम यह पैसा डिफैंस से देंगे। लेकिन उस इलाके के निर्माण के लिए एक पैसा भी नहीं मिला है। हम चाहते हैं कि डिफैंस विभाग या रेल विभाग इसे बनाने का कार्य करे। नेपाल और भारत की मैत्री के लिए वहां आवागमन का विस्तार हो। इस काम में उससे बहुत मदद मिलेगी।

महोदय, रेल मंत्री जी द्वारा चम्पारण तथा विभिन्न जगहों पर जैसे नरकटियागंज, सुगौली, मोतिहारी, बेतिया और रक्सौल में आर.ओ.बी. बनाना का शिलान्यास किया जा चुका है। इस समय बिहार में 32 आर.ओ.बी. के निर्माण कार्य को पूरा किया जाना जनहित में बहुत जरूरी हैं। शिलान्यास होने के बाद भिन्न-भिन्न तरह की आलोचनाएं हम लोगों को सहनी पड़ती हैं। कुछ मामले एन.एच.आई. में पड़े हुए हैं। हम चाहते हैं कि वह विभाग तथा रेल विभाग मिलकर यह काम करें और इससे लाभ उठायें। पटना के मसूर इलाके में आर.ओ.बी. का निर्माण किया जाए। इसके बनने से राट्रीय राजमार्ग 30 एवं 30ए का सम्पर्क सुगम हो जायेगा। पटना-हावड़ा रेल लाइन पर दानापुर, देवघर के बीच में लगभग 200 जर्जर एवं पुराने पुल पड़ते हैं। इन पुलों से रेलों को कभी भी खतरा पैदा हो सकता है। इसलिए हम चाहते हैं कि आप उन पुलों के निर्माण का कार्य शीघ्र शुरू कीजिए। मुगलसराय-सीतापुर के बीच खास तौर पर पटना सिटी, बंकाघाट, खुसरूपुर, पंडारक, वड़हिया रेलवे स्टेशनों पर आर.पी.एफ. और जी.आर.पी. के लोगों के रहने की व्यवस्था की जाए। आर.पी.एफ. के लोग वहां रक्षा कार्य के लिए रहते हैं। लेकिन उनके रहने की वहां कोई जगह नहीं हैं। जिसके कारण वे वहां प्रतीक्षालयों पर कब्जा कर लेते हैं। इस कारण वहां पैसेन्जरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। दानापुर-नेऊरा-दनियावां-शेखूपुरा के लिए बन रही रेल लाइन की राशि आवंटित कर इस कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। दानापुर मंडल के अंतर्गत लगभग 50 पुराने रेल पुलों के कारण कोई रेल दुर्घटना न हो, इसलिए इस काम को शीघ्र पूरा किया जाए। इसके अलावा मोकामा, बाढ़, फतुआ, अथमलगोला, दानापुर, महुआ, दनियावां आदि जो इलाके हैं, वहां रेल पुल बहुत खराब हैं। इन पुलों को भी शीघ्र बनाया जाए।

सभापति महोदय, देवघर, शिवहर, सीतामढ़ी, मोतिहारी रेल लाइन का सर्वे हुआ था और इसके लिए कुछ पैसा भी आबंटित किया गया था। लेकिन इस बार के रेल बजट में हम उसकी रूपरेखा नहीं देख रहे हैं। यह दूर-दराज का इलाका है, इसलिए इस इलाके को जोड़ा जाना चाहिए।

अंत में मैं माननीय रेल मंत्री जी तथा रेल विभाग के पदाधिकारियों को बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि इन्होंने एक शानदार रेल बजट पेश करके देश पर एक अनुकरणीय छाप छोड़ी है। बजट में गरीबों पर कोई बोझ नहीं डाला गया है, नई-नई रेल लाइने दी गई हैं तथा गरीबों के लिए ए.सी. की सुविधा भी दी गई है। इस तरह से उन्होंने इस सदन में एक अच्छा रेल बजट प्रस्तुत किया है। अभी उड़ीसा के भाईयों का कुछ बचा है और हम लोगों का भी कुछ बचा है, उसे सप्लीमेंट्री बजट में लाने का काम करें। हमारे कुछ प्वाइंस बाकी हैं, वे हम आपको दे देते हैं, क्योंकि आपने कई बार इशारा किया है उन्हें प्रोसिडिंग में शामिल किया जाए।

**श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र)** : सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। इस साल के 2006-07 के रेल बजट में मैं शिवसेना की तरफ से अपने विचार व्यक्त कर रहा हूं। रेल मंत्री, श्री लालू प्रसाद जी ने जो रेल बजट पेश किया है, उसमें पूरे बिहार की छाप है। बिहार में 16 नयी रेल गाड़ियां शुरू हो गई हैं और बिहार को सारे देश से जोड़ा गया है, इसलिए उसमें बिहार की छाप पड़ी है।

सभापति महोदय, प्रवासी भाड़े और माल ढोने में कुछ कटौती हुई, 55 नयी ट्रेनें चालू हुई। इससे यह मतलब नहीं है कि रेल बजट बहुत अच्छा बनाया है, मैं तो यह कहूंगा कि ज्यादा खट्टा है और कुछ थोड़ा सा मीठा है, बाकी उसमें कुछ नहीं है। बजट में निजीकरण के माध्यम से फूड प्लाजा वाले खुश हो रहे थे, मैं पूछना चाहता हूं कि जिसकी उन्होंने पिछली बार के बजट में घोाणा की थी,

वह कुल्लड़ कहां गए? लालू प्रसाद जी इस समय यहां बैठे नहीं हैं, मैं यह पूछना चाहता हूं कि वह कुल्लड़ कहां गायब हो गए? मैं उनकी होशियारी की दाद देता हूं कि उन्होंने जो यहां की पार्लियामेंट की रेलवे कैंटीन में कुल्लड़ रखा है, हमारे यहां के सांसदों को लगेगा कि वह कुल्लड़ चालू है।

सभापति महोदय, इस रेल बजट में महाराट्र के लिए कुछ नहीं दिया। गुजरात, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, राजस्थान और आंध्र प्रदेश को भी कुछ नहीं दिया, सिर्फ दिल्ली, बिहार और तमिलनाडु को दिया है। मैं कोई आरोप नहीं लगाऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि लालू प्रसाद जी भी बिहार के हैं और वेलू जी तमिलनाडु के हैं, इसलिए मेरे ख्याल से ये ज्यादा उनकी तरफ चले गए हैं। सबसे ज्यादा राजस्व मुंबई और महाराट्र से 44 प्रतिशत मिलता है और जब इतना ज्यादा राजस्व मुंबई और महाराट्र देश को देता है, हिन्दुस्तान की सरकार को और सेंट्रल गवर्नमेंट को देता है, उस महाराट्र को कुछ नहीं दिया। मुंबई की आबादी सवा करोड़, डेढ़ करोड़ तक है और वहां के 65 लाख लोग रोज लोकल ट्रेन से जाते हैं, उनके बारे में मंत्री जी ने कुछ नहीं सोचा है। मेरे पास एक अखबार की कटिंग है, मैं आपको बताता हूं कि इतनी भीड़ में ये सब लोग जाते हैं, लोकल ट्रेन में चढ़ते हैं और उसमें कोई सुविधा नहीं है। मैं लालू जी से कहूंगा कि लोकल से जाने वाला एक व्यक्ति मुझे मिला था और वह बिहार का था। हम उन्हें भईया बोलते हैं। मैंने उससे पूछा कि लालू जी का बजट कैसा है तो उन्होंने कहा कि मंत्री जी ने अपने बच्चों के लिए पुणे की एक ट्रेन एक दिन के लिए ज्यादा चालू कर दी, लेकिन उन्होंने हमारे लोकल वालों को नहीं देखा। आज मुंबई में कई उत्तर-भारतीय और बिहार वासी हैं, उनके बारे में लालू जी ने कुछ नहीं सोचा है। इसलिए महाराट्र के सभी लोग नाराज हैं। महाराट्र के मुख्य मंत्री, श्री विलासराव जी देशमुख और उप मुख्य मंत्री जी ने कहा कि इस बजट में महाराट्र को कुछ नहीं दिया। मुंबई से दिल्ली एसी एक ट्रेन गरीबों के लिए चालू की है, अनंत कुमार जी ने कहा कि 200 रुपए में दिल्ली से मुंबई जाती है तो 600 रुपए में कैसे जाएगी। ठीक है कि आपने एक नया प्रयास करने का प्रयत्न किया है, उसका मैं थोड़ा स्वागत करूंगा, लेकिन उसके बदले में वह गरीब 600 रुपए कहां से देगा। इसलिये मैं कहूंगा कि न मुम्बई के लोकल लोगों के लिये और न ही कोंकण के लोगों के लिये कुछ किया गया है। इसी तरह विदर्भ, मराठवाड़ा और पश्चिमी महाराट्र के लिये कुछ इस बजट में कहा गया है। महाराट्र रेल वे को ज्यादा राजस्व देने वाला राज्य है। जब महाराट्र के लिये कुछ नहीं दिया गया तो मैं अपनी नाराज़गी व्यक्त करता हूं।

सभापति जी, इस रेल बजट के अनुसार हमारे महाराट्र के मराठवाड़ा और विदर्भ क्षेत्र में कुछ रेल लाइनें बिछाने की घोाणा की गई है। जब एन.डी.ए. सरकार में श्री अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, उनकी मदद से हमारे महाराट्र के पांच ऑन गोइंग प्रोजैक्ट्स के लिये तत्कालीन रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी ने काफी राशि स्वीकृत की थी। वर्तमान रेल मंत्री जी ने एक अच्छा काम किया है, उसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद दूंगा कि इस बजट में मुदखेड़-आदिलाबाद रेलमार्ग, जो 167 किलोमीटर है, के लिये घोाणा की है। लेकिन मेरा एक निवेदन है कि इस रेलमार्ग के लिये नवम्बर-दिसम्बर तक का एक टाइम बाउंड प्रोग्राम होना चाहिये। मराठवाड़ा का यह अत्यंत ही पिछड़ा क्षेत्र है। पिछले 50 सालों से इस इलाके में एक किलोमीटर भी रेल लाइन नहीं बिछाई गई है। वहां पर वर्षों तक आन्दोलन किये गये। बुजुर्ग नेता जेल गये जिनमें गोविन्दभाई सर्राफ और काबरा हैं जो अब नहीं रहे। कई स्वतंत्रता सेनानियों पर लाठीचार्ज किया गया और अंत में एन.डी.ए. सरकार के माध्यम से मुदखेड़-आदिलाबाद रेलमार्ग बनाये जाने की घोाणा की गई। हमारी एक मांग पूर्णा-नान्देड़-पटना के लिये रेलगाड़ी दिये जाने के बारे में रही है। नान्देड़ में सिखों का गुरुद्वारा है और पटना साहिब से सिख समुदाय के लोग आते हैं। हमारी मांग थी कि पटना से नान्देड़ के लिये एक ट्रेन दी जाये। यह केवल सप्ताह में एक बार ही दी गई है और वह भी आमान परिवर्तन होने के बाद चलेगी। मेरा निवेदन है कि आमान परिवर्तन जल्दी से कराया जाये।

सभापति महोदय, रेल मंत्री पूर्णा-आदिलाबाद एक नई ट्रेन शुरु करने वाले हैं। मुम्बई से एक ट्रेन नन्दीग्राम एक्सप्रैस निकलती है जो नान्देड़ तक आती है। इसे नागपुर तक ले जाने वाले हैं। यह सब आमान परिवर्तन के बाद होगी। मेरी मांग है कि यह टाइम बाउंड कार्यक्रम के अंतर्गत की जाये। इसी प्रकार एक प्रोजैक्ट सिकन्दराबाद-मुदखेड़-जनतमपेट-बोदल का है जिसके लिये दस करोड़ रुपये मिले हैं। इसमें अभी 150 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। इस लाइन के बनने से हम लोग आन्ध्र प्रदेश से जुड़ जायेंगे। हालांकि पहले भी जुड़े हुये हैं लेकिन अब और जुड़ जायेंगे। दूसरे, अकोला, मराठवाड़ा और विदर्भ से जुड़ जायेगा। इस प्रोजैक्ट के लिये 26 करोड़ रुपये मिले हैं, अभी 151 करोड़ रुपया बाकी है। चूंकि प्रोजैक्ट लैंग्थी हो रहा है, इसलिये ज्यादा राशि की मांग कर रहे हैं।

सभापति जी, पश्चिमी महाराट्र में मराठवाड़ा से जोड़ने के लिये मिरज-लातूर रेल लाइन की डिमांड काफी वर्षों से की जा रही है। इस वर्ा 44 करोड़ रुपया दिया गया, उसके लिये धन्यवाद लेकिन अगर और 44 करोड़ रुपया मिल जाये तो लाइन पूरी हो जाती है। इसके बनने से एक फॉस्ट ट्रेक तैयार हो जाता है। हमारे मित्र अहमदनगर-बीड-परली रेलमार्ग पर बोलने वाले हैं और श्री गायकवाड़ जी भी बैठे

हुये हैं। वे भी अपने विचार रखने वाले हैं, इसलिये मैं कहूंगा कि यह प्रोजैक्ट कई वर्षों से चल रहा है। दो-चार बार तत्कालीन रेलमंत्री जी ने शिलान्यास भी किया लेकिन कुछ नहीं हुआ। इस कार्य के लिये अभी 10 करोड़ रुपये मिले हैं, अभी 428 करोड़ रुपये की जरूरत है। अगर 10 करोड़ हर साल मिलेंगे तो इसमें 42 वर्ा लगेंगे। बीड में रेल नहीं है। यहां के कई बड़े बड़े नेता संसद में रहे हैं लेकिन अभी तक यहां इस संबंध में कुछ नहीं हुआ। इस संबंध में अवश्य कुछ काम होना चाहिए। इसके अलावा मराठवाड़ा के जो पांच प्रोजेक्ट हैं, इनके लिए सिर्फ 673 करोड़ रुपये की ज़रूरत है। इससे ये क्षेत्र जो कई वर्षों से पिछड़े थे, रेल से जुड़ जाएंगे। मैं लालू जी को कहूंगा कि मैंने गत वर्ा भी उनका स्वागत किया था जब उन्होंने 5000 करोड़ रुपये की बचत की थी। इस वर्ा 11000 करोड़ रुपये उन्होंने बचाए हैं। क्यों नहीं उन 11000 करोड़ रुपये में से 673 करोड़ रुपये मराठवाड़ा के लिए दे देते? अभी लालू जी बैठे नहीं हैं लेकिन रेल राज्य मंत्री वेलू जी बैठे हैं। वेलू जी हिन्दी नहीं समझते लेकिन अभी कुछ समझने लगे हैं। मैं उनसे कहूंगा कि रेलवे के पास जो 11000 करोड़ रुपये का रिज़र्व फंड है, उसमें से पैसा मराठवाड़ा के ऑन गोइंग प्रोजेक्ट्स के लिए दे दें तो मराठवाड़ा सभी क्षेत्रों से जुड़ जाएगा। ...(व्यवधान) जो विदर्भ का बड़ा प्रोजेक्ट है नागपुर से नारखेड और अमरावती से नारखेड, उसका भी वही हाल है। इसमें 138 किलोमीटर के लिए सिर्फ 15 करोड़ रुपये मिले। गत वर्ा 27 करोड़ रुपये मिले थे। अभी वहां भी 125 करोड़ रुपये और चाहिए। अगर यह धनराशि शीघ्र मिल जाए तो मराठवाड़ा से नारखेड बहुत नज़दीक हो जाएगा।

महोदय, सेन्ट्रल रेलवे में पुणतांबा-शिरडी प्रोजेक्ट है। उसमें 48 करोड़ रुपये का खर्च था जिस पर 32 करोड़ रुपये खर्च हो गए हैं। इस समय दस करोड़ रुपये दिये लेकिन छः करोड़ रुपये का बैलेन्स है। इसको आपने 16 करोड़ रुपये क्यों नहीं किया? यदि किया होता तो यह मार्ग पूरा हो जाता। मराठवाड़ा में रोटेगांव से पुणतांबा की मांग कई वर्षों से चली आ रही है। हमारे भूतपूर्व विधायक बसई बंधु दस वर्षों तक उसकी मांग करते रहे, लेकिन आज तक वहां सर्वे भी नहीं हुआ। वहां 35 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन डालने के लिए 40 करोड़ रुपये चाहिए। मैं आपके माध्यम से वेलू जी और लालू जी से विनती करूंगा कि यह धनराशि शीघ्र प्रदान करें। शिरडी से तिरुपति जाने के लिए एक ट्रेन है। हमारे महाराट्र से बहुत लोग तिरुपति जाते हैं और आंध्र प्रदेश से भी अनेक लोग शिरडी जाते हैं। मैं इस गाड़ी के लिए आपका धन्यवाद करता हूं। जो गाड़ी मदुरई से दी है उसके लिए भी धन्यवाद करता हूं। ...(व्यवधान) अभी तो हमारी पार्टी की तरफ से दस मिनट ही हुए हैं। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय** : आपकी पार्टी के कुल 16 मिनट हैं और 10 मिनट आप ले चुके हैं। आपको दो मिनट और मिलेंगे।

**श्री चंद्रकांत खैरे** : जैसे आपने सबको समय दिया, वैसे ही कृपया मुझे भी दीजिए। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय** : पूरा समय आप ले लेंगे तो बाकी सदस्य क्या बोलेंगे?

**श्री चंद्रकांत खैरे** : महोदय, रोटेगांव से पुणतांबा जो नई रेल लाइन का प्रपोज़ल होगा, उसके माध्यम से तिरुपति से शिरडी तक जा सकते हैं और शिरडी से तिरुपति जा सकते हैं। हमारे आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के लोग शिरडी आते हैं तो उनको बहुत तकलीफ़ होती है। मैं वेलू जी से कहूंगा कि आप इस ओर ध्यान दें। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय** : आप खत्म करें।

**श्री चंद्रकांत खैरे** : सभापति महोदय, मेरे सारे मुद्दे रह जाएंगे। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय** : आपके मुद्दे पूरे हो जाएंगे लेकिन बाकी सबके रह जाएंगे।

**श्री चंद्रकांत खैरे** : महोदय, मैंने तिरुपति गाड़ी के लिए मंत्री जी को धन्यवाद दिया, लेकिन वह हफ्ते में एक दिन ही है। मैं निवेदन करता हूं कि उसे प्रतिदिन चलाया जाए। सचखंड एक्सप्रैस भी बड़ी कोशिशों के बाद नांदेड़ से अमृतसर के लिए चली है। वह पांच दिन चलती थी मगर अब वह सात दिन चलती है। उसके लिए मुझे भी बहुत प्रयास करना पड़ा । महोदय, मुझे पांच मिनट का समय और दीजिए।

**सभापति महोदय** : आपके दूसरे साथियों को बोलने का मौका नहीं मिलेगा। आपका एक भी साथी बोल नहीं पाएगा।

**श्री चंद्रकांत खैरे** : महोदय, मैं सबका समय नहीं लूंगा और अपनी बात जल्दी समाप्त कर दूंगा। माननीय मंत्री जी ने यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए मार्डन स्टेशन की घोाणा की है, मैं इसका स्वागत करता हूं। लेकिन जब श्री नीतीश कुमार मंत्री थे, तब उन्होंने शंभाजी-औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का शिलान्यास किया था, लेकिन आज तक यह बजट में नहीं आया है। यह बजट में आना चाहिए था। मैं मंत्री जी से विनती करूंगा कि हमारे जो छोटे-छोटे स्टेशन हैं, क्योंकि मेरा पर्यटन क्षेत्र है, अजंता-एलोरा के पास है, पाटन क्षेत्र है और इसके नजदीक शिरडी है, इस कारण हमारा मार्डन स्टेशन होना चाहिए। उसके साथ में मुकुंदवारी, दौलताबाद, लातूर, परसौडा स्टेशन के बारे में भी मंत्री जी विचार करें।

मैं यह भी चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी रोटे गांव स्टेशन को भी बढ़ावा देंगे, क्योंकि वहां नया मार्ग चलने वाला है, वहां सचखंड ट्रेन रुकनी चाहिए और छह रिजर्वेशन सैंटर्स का कोटा भी रखना चाहिए। हमारे मराठवाड़ा के लिए डबल ट्रैक होना चाहिए। बनवार से मुदखेड डबल ट्रैक विद इलेक्ट्रिफिकेशन होना चाहिए। इसका कोई जिक्र नहीं है। मैंने पिंक बुक में भी देखा है। महाराट्र और मराठवाड़ा के विकास को मंत्री जी नहीं देखेंगे तो उनके ऊपर आरोप आएगा कि उन्होंने सिर्फ बिहार के लिए किया है। यह मार्ग डबल ट्रैक विद इलेक्ट्रीफिकेशन जल्दी से जल्दी चलना चाहिए। जो जालना से खामगांव सर्वे की डिमांड है, वह सर्वे नहीं हुआ है। यह सर्वे कराया जाए, ऐसी मैं विनती करता हूं। एक बहुत ही पुरानी डिमांड है, हमारी सांसद बहन यहां बैठी हैं, शोलापुर से जलगांव का मार्ग है। वह शोलापुर से निकलता है। शोलापुर, तुलजापुर, उस्मानाबाद, बीड, पैठन, संभाजी नगर, सिलौड, अजंता की जलगांव से कनैक्टीविटी होनी चाहिए। 50 साल से यह डिमांड आ रही है। बड़े-बड़े नेताओं ने भी यही डिमांड की है, लेकिन अभी तक यह सर्वे नहीं हुआ है। यह सर्वे कराने की मैं मंत्री जी से विनती करूंगा।

मंत्री जी ने एक नई ट्रेन अहिंसा एक्सप्रेस पुणे से अहमदाबाद शुरू की है, उसे नांदेड़ तक बढ़ाया जाए। वैसे तो बहुत से मुद्दे हैं, लेकिन मैं कहूंगा कि आज श्री लालू ने यह बजट पेश किया है। इस बजट में बहुत सी खामियां हैं। हमारे यहां शंभाजी-औरंगाबाद का स्टेशन एडब्ल्युबी है, वहां एक पीट लाइन के लिए वैंडर सर्विस सेंटर होना चाहिए। नांदेड़ डिविजन में भी यह सुविधा नहीं है। अंत में मैं कहूंगा कि हमारी जो कई वर्षों की डिमांड है, हम सब मराठी बोलने वाले लोग महाराट्र के साउथ सैंटर रेलवे में हैं, नांदेड़ डिविजन साऊथ रेलवे में हैं, नांदेड़ डिविजन मुदखेड़ और धर्माबाद ये पूरा रीजन सैंट्रल रीजन में जोड़ा जाए। यह हमारी बहुत दिनों से डिमांड है। मैं आपके माध्यम से श्री लालू और श्री वेलु को विनती करूंगा, तत्कालीन मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ऐसा करने वाले थे, लेकिन तब बिहार में बहुत बड़ा कांड हुआ था इसलिए यह रुक गया था। लेकिन अब यह डिमांड मराठी बोलने वाले लोग कर रहे हैं। हमारे सभी लोगों का एमपी, एमएलए सारे लोगों का मुम्बई से सम्पर्क है और मुम्बई सैंट्रल रेलवे में आती है। यह डिमांड बहुत पुरानी है। यह जो रेल बजट आया है ज्यादा खट्टा, थोड़ा सा मीठा है। लेकिन मुसाफिर हो रेल का राजा, हम सबकी यह आस, ऐसा मंत्री जी ने कहा। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि बिहारी हो रेल का राजा, यह लालू की आस।

**श्री कैलाश बैठा (बगहा)** : महोदय, प्रस्तुत रेल बजट में मेरे संसदीय क्षेत्र सहित दो जिलों की उपेक्षा हुयी है। माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस उपेक्षित क्षेत्र की ओर आकृट करना चाहता हूं।

1. छितौनी-तमकुही रोड रेल लाइन पर कोई ध्यान इस बजट में नहीं दिया गया है। इसका सर्वे कार्य कब तक पूरा होगा और इसे किस रेल बजट में निधि उपलब्ध करायी जायेगी।

2. हाजीपुर सुगाली रेल मार्ग से चम्पारण क्षेत्र को काफी लाभ पहुंचेगा। इसकी भी प्रगति संतोाजनक नहीं है। बजट में इस विाय को छुआ तक नहीं गया है। जबकि पूर्व रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार ने एनडीए सरकार के दौरान ही इसका शिलान्यास किया था।

3. 55 नयी रेलगाडियों में से 16 बिहार को दी गयी है, लेकिन मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेल खंड पर एक भी नयी गाडी नहीं दी गयी है। सालों पुरानी चौरी-चौरा एक्सप्रेस की मांग भी ठुकरा दी गयी है। यह गाडी गोरखपुर में दस घंटे अनावश्यक खडी रहती है, इसके रक्सौल तक करने में बीमारों को बनारस तक जाने में काफी सहूलियत होगी। सम्पर्क क्रांति का रूट परिवर्तन पहले ही कर दिया गया है। कम से कम सप्ताह में दो दिन भी इस गाडी को नरकटियागंज रूट से चलानी चाहिए।

4. नरकटियागंज में वाशिंग पिट की घोाणा खुद रेल मंत्री जी ने एक शिलान्यास समारोह के दौरान की थी लेकिन इस बजट में उसे शामिल नहीं किया गया।

5. रामनगर में कम्प्यूटराज्ड टिकट खिडकी उद्घाटन के बाद भी आज तक चालू नहीं हो पायी है।

6. बडी चालाकी से 200 मेल एवं एक्सप्रेस गाडियों को सुपर फास्ट का दर्जा देकर प्रति व्यक्ति 20 रूपये का सरचार्ज लगा दिया गया है। जब यात्री टिकट खिडकी पर खडे होंगे तब उन्हें पता चलेगा कि यात्री किराया न बढाने की बात कहने वाली सरकार ने बडी चतुरायी से 20 रूपये बढा दिया है। यह भी स्पट नहीं है कि गाडियों की रफ्तार कितनी बढेगी और अन्य कैसी सुविधायें यात्रियों को उपलब्ध करायी जायेंगी।

7. गाडियों में खाने की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उदाहरण स्वरूप सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस का खाना यदि सप्ताह भर खा लिया जाये जो ज्वाइंडिस की बीमारी निश्चित हो जायेगी।

8. नरकटियागंज से मुजफ्फरपुर जाने वाली 5216 एक्सप्रेस गाडी में एक्सप्रेस का भाडा देना पडता है जबकि यह गाडी हर स्टेशन पर रूकती है। या तो इस गाडी को एक्सप्रेस की तरह चलाया जाये या यात्रियों से पैसेंजर का भाडा लिया जाये।

---

* The speech was laid on the Table

9. उत्तर बिहार से अधिकांश गरीब रोजी रोटी के लिए बिहार से बाहर जाते हैं। उन्हें गाडियों की कमी के कारण काफी परेशानी होती है। एक गरीब रथ मुजफ्फरपुर वाया नरकटियागंज-गोरखपुर होकर दिल्ली तक चलनी चाहिए।

10. देश के चार महत्वपूर्ण गाडियों को विश्वस्तरीय बनाने की घोाणा हुयी, लेकिन इसमें उत्तर बिहार की महत्वपूर्ण सप्त क्रांति सुपर फास्ट को शामिल नहीं किया गया है। इस गाडी में ए.सी तथा स्लीपर बोगियों में वृद्धि करने की आवश्यकता है क्योंकि इस पर यात्रियों का अत्यधिक बोझ है।

**श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) :** महोदय, आपने मुझे रेल बजट पर अपनी बात रखने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

माननीय रेल मंत्री जी द्वारा 2006-2007 का जो रेल बजट पेश किया है, किसी वर्ग विशेा पर बोझ डालने वाला नहीं है। किराया व मालभाडा नहीं बढाया गया है, लेकिन इस बजट में राजस्थान विशेा रूप से चुरू संसदीय क्षेत्र की घोर उपेक्षा की गयी है। बजट से राजस्थान के विकास कार्यक्रमों पर विपरीत असर पड़ेगा। राजस्थान के सांसदों ने माननीय रेल मंत्री जी से मिलकर रेल सुविधाओं के ि वस्तार की मांग की थी लेकिन लगता है माननीय मंत्री जी ने जनभावनाओं की अनदेखी की है। मेरे संसदीय क्षेत्र की निम्न मांगों को बजट में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है।

1. रेवाड़ी-बीकानेर, सादुलपुर-हिसार, रतनगढ-डेगाना, श्रीगंगानगर-जयपुर मीटरगेज से ब्रॉडगेज में बदलने की मांग सालों से की जा रही है। ब्रॉडगेज के अभाव में सालों से चल रही जोधपुर-दिलली मेल को बंद करना पडा था, अब दिल्ली-बीकानेर चलने वाली गाडियां दिलली मेल 4791-4792, एक्सप्रेस 4789-4790 व शेखावटी एक्सप्रेस 9733-9734 बंद हो गयी है। इन गाडियों का संचालन मात्र रेवाडी तक ही हो रहा है। चुरू संसदीय क्षेत्र, शेखावटी क्षेत्र व बीकानेर क्षेत्र का दिल्ली से सम्पर्क टूट गया है। रेवाडी-सादुलपुर, सादुलपुर-हिसार रेल मार्ग के आमान परिवर्तन की स्वीकृति 7-8 वर्ा पूर्व की गयी थी, लेकिन पिछले तीन वित्तीय वर्ो में प्र

ात्येक वर्ा में 15-15 करोड़ का प्रावधान किया गया था। उक्त मामूली बजट का भी पूर्ण उपयोग नहीं किया गया और इस वर्ा भी मामूली बजटीय प्रावधान किया गया है जिससे इस क्षेत्र की जनता में घोर निराशा व्याप्त है। अतः स्वीकृतशुदा भाग रेवाडी-सादुलपुर व सादुलपुर-हिसार के अमान परिवर्तन के लिए पूर्ण बजटीय प्रावधान कर शेा बचे भाग सादुलपुर बीकानेर व रतनगढ़-डेगाना की स्वीकृति अविलम्ब करने का कट करें। इस संबंध में माननीय उच्च न्यायालय जोधपुर राजस्थान द्वारा भी आमान परिवर्तन के निर्देश जारी किए हैं। देश की आजादी के पश्चात पिछले 55 सालों में संसदीय क्षेत्र चुरू में रेल लाइनों का कोइ भी विस्तार नहीं हुआ है।

2. चुरू, तारानगर, नौहर, सरदारशहर से हनुमानगढ़, सीकर से नोखा वाया सालासर नयी रेल लाइन बिछाने का सर्वे भी किया गया, इस सर्वे का उदघाटन भी किया गया था लेकिन वांछित परिणाम सामने नहीं आये हैं और न ही इस बजट में कोई वित्तीय प्रावधान किया गया है।

---

* The speech was laid on the Table

3. बीकानेर चूरू 1/2 बी.सी सवारी गाड़ी का सादुलपुर जंक्शन तक बढाने की मांग सालों से की जा रही है। जनहित में इन्हें बढाना अत्यंत आवश्यक है।

4. मेरे संसदीय क्षेत्र में सबसे बडी समस्या रेलवे लेवल क्रासिंग की है। रेलवे क्रांसिंग नहीं होने के कारण हर साल काफी दुर्घटनाएं होती हैं। ग्रामीण जनता को बहुत भारी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सालों से चालू ग्रामीण रास्तों को रेलवे विभाग द्वारा बंद कर दिये गये हैं। आज प्रत्येक किसान के पास ऊंट गाडा, ट्रक्टर, जीप आदि है। रेलवे क्रॉसिंग के अभाव में इन्हें आने जाने में बहुत भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। दिल्ली बीकानेर रेल लाइन पर बीकानेर डिवीजन के अंतर्गत बबेड-भोजान स्टेशन, गुगलवा किस्तान स्टेशन, हरपालू स्टेशन, कान्धरान, डोकवा, हिडयाल, मोलीसर, पायली, बिग्गा, बेनीसर, सुडसर, हेमासर आदि गांवों के पास रेलवे फाटक व चुरू-सीकर मार्ग पर पहाडसर, हांसियावास ढाणी छोटी सिधमुख आदि गांवों के पास रेलवे फाटक नहीं होने के कारण ग्रामीण जनता को बहुत भारी परेशानियों का सामनाकरना पडता है। दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है। जिन गांवों को प्रधान मंत्री सडक योजना के अंतर्गत जोडा गया है, रेलवे क्रासिंग नहीं होने के कारण इन सडकों के निर्माण का कोइ औचित्य नहीं है। इनमें चुरू, दुधवा खारा के मध्य लादडीया व बाडकी गांवों को जोडने के लिए सडकों का निर्माण किया गया है, सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा इसके लिए आवश्यक धनराशि 56-56 लाख रूपये जमा करवाने के लिए ड्राफ्ट भी भेज दिये गये थे, लेकिन उक्त राशि को रेल विभाग द्वारा वापस लौटा दिया गया है। कृपया इन गांवों को सडक से जोडने वाली सडक पर मानव सहित रेलवे क्रासिंग बनाने व इसी खंड के अतंर्गत हरपालू स्टेशन के पास जाटूवास ग्राम को जोडने वाली सडक, रामपूरा स्टेशन के पास गुगलवा-किरतान को रामपूरा से जोडने वाली सडक पर मानव सहित रेलवे क्रासिंग, सादुलपुर-झुंपा के मध्य इन्दासर गांव को जोडने वाली सडक पर मानव सहित रेलवे क्रासिंग के निर्माण की स्वीकृति जारी करना आवश्यक है। मेरे सम्पूर्ण संसदीय क्षेत्र में लगभग 450 किलोमीटर रेल लाइन है, लेकिन रेलवे क्रासिंग मात्र 25 से भी कम है।

5. रतनगढ-सरदारशहर रेल मार्ग पर आनन्दवासी हाल्ट स्टेशन, बिग्गा-श्रीडूंगरगढ स्टेशन के मध्य जसेलसर हाल्ट स्टेशन, श्री डूंगरगढ-सूडसर के मध्य बेनीसर हाल्ट स्टेशन खोलना जनता की मांग एवं आवश्यकता को देखते हुए अत्यंत आवश्यक है। लोहारू-सादुलपुर जंक्शन के मध्य रामपुरा बैरी स्टेशन पर लिंक एक्सप्रेस का ठहराव करना अत्यंत आवश्यक है।

6. संसदीय क्षेत्र चुरू के श्रीडूंगरगढ व लाडनू महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन हैं, जहां के व्यापारी देश के विभिन्न भागों में कार्यरत हैं, इन स्टेशनों पर कम्प्युटरीकृत आरक्षण व्यवस्था की अत्यंत आवश्यकता है। उपरोक्त कार्य करने की अभिशंाा के साथ में अपना भााण समाप्त करता हूं।

**श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) :** सभापति जी, वर्ा 2006-2007 का रेल बजट आया है। यह बात सत्य है कि भारतीय रेल को मुनाफा हुआ है, लालू जी ने अपने भााण में 200 गाड़ियों का क्षेत्र बढ़ाने की बात की है, 55 नई ट्रेन चलाने की बात की है। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि रेल बजट में सचमुच में क्षेत्रीय समानता नहीं है। जो रीजनल बेलैंस होना चाहिए, वह नहीं है। अधिकांश राज्य, चाहे वह पश्चिम बंगाल हो, आन्ध्र प्रदेश हो, असम हो, झारखण्ड हो, उड़ीसा हो, इन राज्यों की घोर उपेक्षा की गई है। सचमुच में यह लगता है कि लालू जी ने बिहार को रेलवे लाइन दे दी और वेलू जी ने तमिलनाडू को दे दी और दोनों ने मिलकर आपस में बांट ली। बाकी हिन्दुस्तान का नक्शा इनके माथे में नहीं आया। हिन्दुस्तान एक देश है और हिन्दुस्तान में इतने बड़े-बड़े राज्य हैं...(व्यवधान) जरा सुनिये, आप बोलने तो दीजिए। यह लगता है कि पूरे हिन्दुस्तान का नक्शा इनके ध्यान में नहीं आया कि भारतीय रेल पूरे हिन्दुस्तान की है। हिन्दुस्तान के नक्शे को देखकर इनको प्लानिंग करनी चाहिए थी, जो प्लानिंग इन्होंने नहीं की। कुछ लोगों ने पहले ठीक ही कहा कि किस तरह से इसको चलाएंगे? यहां अब कुल्हड़ चलेगा आदि कई बातों की उन्होंने घोाणा की थी लेकिन अब वह सब खत्म हो गया ऐसा अब लगता है । इन्होंने अपने भााण में कहा है कि रेलवे में तीन लाख लोग कम हुए हैं । इन्होंने अपने बजट में यह भी कहा है कि मात्र छः हजार लोगों को बहाल किया जायेगा। अगर इतने कम आदमी रेलवे में हो जाएंगे, इतनी मैनपावर कम हो जाएगी तो दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी, क्योंकि कम लोगों पर ज्यादा काम का बोझ पड़ेगा और ऐसी घटनाओं को आप रोक नहीं सकेंगे।

साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहता हूं कि रेल बजट भााण जो इन्होंने दिया है एवं मंत्री जी की घोाणा से साफ-साफ लगता है कि रेलवे में निजीकरण और आउटसोर्सिंग, विशेाकर कैटरिंग में मध्य और बड़े उद्योग समूहों को लाने का प्रयास इन्होंने किया है। कैंटीन और दूसरी जगहों पर गरीब लोग वर्ों से काम करते हैं, आप कहीं भी केंटीन में चले जाइये, वहां गरीब लोग, दलित लोग वर्ों से काम कर रहे हैं। अब कैसे उनको परमानेंट किया जायेगा, स्थाई किया जायेगा? कैटरिंग अगर आप प्राइवेट को दे देंगे, सारे काम प्राइवेट को दे देंगे तो ये गरीब लोग कहीं के नहीं रहेंगे, वे बेकार हो जाएंगे और भुखमरी के शिकार हो जाएंगे। लालू जी अपने को दलितों का राजा कहते हैं, दलितों का ज्यादा ख्याल करते हैं, दलितों की बात करते हैं इसलिए मैं लालू जी से कहना चाहता हूं कि आप दलितों की बात करते हैं, गरीबों की बात करते हैं तो वे जो कैंटीन में काम करने वाले प्राइवेट लोग हैं, उन सारे लोगों पर ध्यान दीजिए कि वे परमानेंट होंगे या नहीं। ये जो लाखों की संख्या में सारे देश में रेलवे में काम करते हैं, आखिर उनका क्या होगा? इस पर भी तो भेदभाव मत कीजिए।

सबसे पहले कैटरिंग को प्राइवेट में देने की बात करते हुए ये कहते हैं कि टिकट बिक्री भी प्राइवेट में होगा, केंटीन भी प्राइवेट में चलेगी, सब कुछ प्राइवेट में चलेगा तो मातबर और बड़े-बड़े लोग रेलवे में घुस जाएंगे और साथ-साथ इसमें निजीकरण हो जायेगा। इसीलिए हम कहना चाहते हैं कि निजीकरण की बात नहीं करके भारतीय रेल को भारतीय रेल रहने दीजिए और निजीकरण को इतना बढ़ावा मत दीजिए।

मैं यह कहना चाहता हूं कि इन्होंने फ्रेट कोरीडोर के बारे में जो बातें कही हैं, उनमें पश्चिम बंगाल छूट गया, पश्चिम बंगाल के साथ भेदभाव किया गया है। पूर्वी कोरीडोर को हावड़ा के बजाय सोनागढ़ में ही रोक दिया गया, क्यों नहीं आप इसे हावड़ा तक ले गये? अगर आप इसे हावड़ा तक ले जाते तो हम समझते कि यह भेदभाव नहीं होता। माननीय रेल मंत्री जी से मैं कहना चाहता हूं कि जिस तरह से रेल बजट में आपने राज्यों के साथ, स्टेट्स के साथ भेदभाव किया है, उसमें माननीय सदस्यों के जो भी सजेशंस (सुझाव) आये हैं, चाहे वे किसी भी दल के हों, बी.जे.पी. के हों, शिवसेना के हों, राट्रीय जनता दल के हों, कांग्रेस के हों, सारे लोगों ने आपसे रिक्वैस्ट (आग्रह) किया है, सारे लोगों ने पार्लियामेंट में आपसे कहा है, इसलिए सभी की बातों को ध्यान में रखकर आप इसमें सुधार लाइये और अपने बजट में एमेंडमेंट (संशोधन) कीजिए।

मैं आपसे यह कहना चाहता हूं कि झारखण्ड की शुरू से उपेक्षा रेलवे मंत्रालय करता रहा है। झारखण्ड एक ऐसा राज्य है, जो मैं समझता हूं कि देश में सबसे ज्यादा अगर आमदनी कोई देता है तो झारखण्ड देता है। देश में कोयले का जो टोटल (कुल) उत्पादन होता है, उसका 37 परसेण्ट झारखण्ड में होता है। झारखण्ड में लोहा है, इस्पात है, बोकारो स्टील सिटी में इस्पात कारखाना है, हटिया का भारी उद्योग है, टाटा का कारखाना है, इस तरह के कई बड़े-बड़े कारखाने हैं। सबसे ज्यादा आमदनी झारखण्ड से होती है, लेकिन सबसे ज्यादा उपेक्षा झारखण्ड की हुई है। यही नहीं, दो वर्ों में तीन बार लालू जी ने यहां पर बजट पेश किया है और तीनों बजट में सबसे ज्यादा अगर किसी की उपेक्षा हुई है तो वह झारखण्ड राज्य की हुई है। झारखण्ड एक आदिवासी राज्य है। वर्ा 2000 में झारखण्ड बिहार से अलग हुआ था। लालू जी झारखण्ड के भी नेता थे, भले ही अब वे अपने को बिहार का नेता मानें, उन्हें कम से कम झारखण्ड को इस तरह से नहीं देखना चाहिए। आठ योजनाएं आज से चार साल पहले शुरू की गई थीं, लेकिन एक भी योजना तीन साल में शुरू नहीं हुई है। एक भी

योजना का सर्वेक्षण नहीं हुआ है, एक भी नयी योजना नहीं ली गई है। जो आठ योजनाएं चल रही हैं, उन्हीं को थोड़ा-थोड़ा पैसा दे दिया जाता है। यदि इसी तरह से चलता रहा तो ये दस साल में भी पूरी नहीं होंगी।

मैं हजारीबाग से आता हूं। हजारीबाग उत्तरी छोटा नागपुर प्रमण्डल का मुख्यालय भी है। मैं कहना चाहता हूं कि कोडरमा-रांची वाया हजारीबाग 193 किलोमीटर लम्बी रेलवे लाइन बननी है, यह तीन-चार साल पहले शुरू हुई थी, लेकिन अभी तक इसका एक चौथाई हिस्सा भी नहीं बना है। लोग देखते हैं एवं पूछते हैं कि कब यह रेलवे लाइन पूरी होगी। मुझे अफसोस है कि सात सौ करोड़ रूपये की यह योजना है, लेकिन बजट में मात्र 35 करोड़ रूपये का ही प्रावधान किया गया है। यह कैसा भेदभाव किया जा रहा है? मैंने लालू जी से कहा, रेलवे के चेयरमैन से भी कहा कि आप वहां जाकर के मॉनिटरिंग कीजिए और वहां पर देखिए की किस तरह से काम हो रहा है और काम में तेजी लाईए। दर्जनों बार निवेदन करने के बाद भी न मंत्री जी ने ध्यान दिया और न ही रेलवे के अधिकारियों ने। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि कोडरमा से रांची तक की 193 किलोमीटर लम्बी रेलवे लाइन की मॉनिटरिंग करवाइए कि वह कब तक पूरी हो जाएगी और यह सदन में बताया जाए। हजारीबाग के लोग बरसों से लड़ते रहे हैं कि हजारीबाग को रेलवे लाइन से जोड़ा जाए, लेकिन दुख की बात है कि झारखण्ड राज्य के आधे से ज्यादा जिलों को रेलवे लाइन से नहीं जोड़ा गया है। इसकी घोर उपेक्षा की जा रही है। यही हाल कोडरमा से गिरडीह का है। वहां काम शुरू किया गया है, लेकिन अभी तक 25 प्रतिशत काम भी पूरा नहीं हुआ है।

हजारीबाग से टोरीलाइन के लिए कोल इंडिया ने एक सौ करोड़ रूपये आज से दो साल पहले जमा करवाए थे, लेकिन उसका काम अभी तक शुरू नहीं हुआ है। हमारे राज्य मंत्री यहां बैठे हुए हैं, मैं चाहता हूं कि वे नोट करते जाएं। यह भेदभाव हम लोगों से किया जा रहा है।

महोदय, रांची झारखण्ड राज्य की राजधानी है, जहां से एक राजधानी एक्सप्रेस दो दिन चलती है। मैं पहले भी यह बात बोलता रहा हूं लेकिन मुझे लगता है कि न मंत्री जी नोट करते हैं और न ही उनके पदाधिकारी नोट करते हैं। यदि नोट करते भी हैं तो उस पर कोई कार्यवाही नहीं होती है। हम यहां भाण दे देते हैं, वह पार्लियामेन्ट में रह जाता है, कुछ अंश अखबारों में चला जाता है। उसके बाद उसका पता नहीं रहता है कि किस सदस्य ने क्या कहा है। इन्होंने कहा था कि रांची राजधानी चार दिन चलेगी लेकिन वह दो दिन चलती है। इससे वह खचाखच भरी रहती है। हमारे शिबू सोरेन जी झारखण्ड से मंत्री है और बैठे हुए हैं, उनका भी इससे आना-जाना होता होगा, मुझे लगता है कि सबसे ज्यादा रद्दी रैक्स और डिब्बे इस ट्रैन में लगा दिए गए हैं। ईस्टर्न रेलवे या कहीं से ये डिब्बे मिल गए हैं और इन्हें रांची राजधानी में जोड़ दिया गया है। एक दिन मंत्री जी इसमें सफर करके देखें कि इसकी क्या हालत है? इसमें कैसा खाना परोसा जा रहा है?

भुवनेश्वर राजधानी उड़ीसा से चलती है। कभी-कभी इसी से मैं आता हूं। इसकी हालत भी खराब रहती है। झारखण्ड और उड़ीसा सबसे पिछड़े राज्य हैं, इसलिए सबसे रद्दी रैक्स और डिब्बे झारखण्ड और उड़ीसा को दे दिए गए हैं। सबसे ज्यादा आमदनी झारखण्ड और उड़ीसा से होती है, लेकिन इनकी सबसे ज्यादा उपेक्षा की जाती है। मैंने पहले भी कहा था कि छोटा नागपुर प्रमण्डल के लोगों को के वल दो या तीन राजधानी मिलती है। सियालदाह राजधानी चलती है, आप कोडरमा में उसका ठहराव कीजिए। यहां से चार राजधानी सीधे ही निकल जाती हैं, आप इनका यहां ठहराव कीजिए ताकि आम लोगों को सुविधा मिल सके। इनके अफसरों से मिलने जाएं तो कहते हैं कि आपकी दर्खावस्त आयी है, आपने बोला था, उसकी इन्क्वायरी करवाएंगे, लेकिन क्या करवाते हैं, पता नहीं। ये जो ट्रैफिक देखते हैं, पता नहीं क्या करते हैं? इनको पता नहीं है कि क्या करना है?

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि सियालदाह राजधानी कलकत्ता से दिल्ली चलती है, इसका ठहराव कोडरमा में किया जाए । धनबाद से एक डीएमयू ट्रेन चलती है। वह पहले गया से धनबाद तक चलती थी, लेकिन अब उसे आसनसोल तक बढ़ा दिया गया है। लोगों को ट्रेन में 6-7 घंटे बैठना पड़ता है। उस ट्रेन में शौचालय का कोई इंतजाम नहीं है। मैं कभी-कभी गया में उतर जाता हूं तो उसी ट्रेन में कोडरमा तक जाता हूं। राजधानी दो दिन चलती है। अगर कोई बीच में पाखाने के लिए नीचे उतर जाता है तो वहीं रह जाता है और यदि कोई दौड़कर चढ़ता है तो उसे चोट लग जाती है। वहां कई घटनाएं भी हो चुकी हैं। हमने कई बार कहा, लिखकर भी दिया कि उस ट्रेन में टॉयलेट (शौचालय) का इंतजाम किया जाए या कोई दूसरी ट्रेन चलाई जाए, लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ।

हमने कई बार लिखकर दिया और कहा भी कि एक ट्रेन धनबाद-रांची-सूरत-अहमदाबाद के लिए चला दी जाए। लाखों लोग रोज काम करने के लिए जाते हैं, झारखंड से गरीब लोग जाते हैं। वे ट्रेन में लटक-लटककर जाते हैं। एक ही ट्रेन चलती है जो आंध्र प्रदेश होकर

तमिलनाडु जाती है, बाकी कोई ट्रेन नहीं है जो उस रास्ते से जाती हो। हमने सुझाव दिया था कि कम से कम एक ट्रेन रांची या धनबाद से सूरत-अहमदाबाद के लिए चलाई जाए। एक ट्रेन रांची से सीधे मुम्बई के लिए चलाई जाए ताकि वहां से आने-जाने की सुविधा हो। लेकिन आज तक ऐसा नहीं किया गया।

खलारी और पतरातू के बीच राय स्टेशन है। सभापति जी, आपको जानकर ताज्जुब होगा कि देश में राय स्टेशन चौथा ऐसा स्टेशन है जो सबसे ज्यादा मुनाफा देता है। राय में हर दो महीने में आन्दोलन होता है, 2-4 दिन बंद हो जाता है, फिर पदाधिकारी जाकर आश्वासन देते हैं। वहां कोई सुपरफास्ट ट्रेन नहीं रुकती। हमने कई बार कहा कि इसे कर दिया जाए क्योंकि वहां लोग लगातार आन्दोलन कर रहे हैं। वहां बीस-पच्चीस हजार से ज्यादा कोयला मजदूर हैं, अगल-बगल के लोग हैं। आज तक उसे नहीं किया गया।

इसी तरह रांची रोड से दिगवार में एक नया स्टेशन देकर ट्रेनों के ठहराव के लिए हमने कई बार कहा। वर्तमान स्टेशन जंगल में है और वहां से कोई नहीं चढ़ता। अगर दिगवार में स्टेशन कर दिया जाए तो लोग चढ़ेंगे, उन्हें आने-जाने में सुविधा होगी। आज तक उसे भी नहीं किया गया ।

बजट में सारे प्रावधान किए गए हैं। बहुत हंगामा हुआ कि बहुत अच्छा बजट है, जो रेलवे घाटे में चल रही थी, सन् 2001 में उसे मुनाफे में लाया गया। मैं इसके लिए मंत्री जी को बधाई देता हूं। लेकिन आप कोलकाता, मुम्बई या तमिलनाडु चले जाएं। एक करोड़ से ज्यादा लोग काम के सिलसिले में रोज लोकल ट्रेनों से सफर करते हैं। उन ट्रेनों की हालत काफी खराब है। किसी में छत से पानी रिसता है, किसी में बैठने की जगह नहीं है। इन्होंने बजट में उनके सुधार के लिए कुछ नहीं किया है।

बरौनी में दो हजार एकड़ जमीन पड़ी हुई है। मंत्री जी ने बजट भाण में बताया था कि रेलवे की जमीन उपयोग में लाई जाएगी ताकि रेलवे को मुनाफा हो। लेकिन आज तक उसके बारे में कुछ नहीं किया गया। उस जमीन पर माफिया या बड़े लोग अवैध कब्जा कर रहे हैं। ...(व्यवधान) उस जमीन को उपयोग में कैसे लाया जाएगा, इस बारे में कुछ नहीं बताया गया है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, it is 6 o' clock now. I have a list of more than 100 speakers on this discussion. If the House agrees, the time of the discussion may be extended by two hours for today.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes, Sir.[a8]

**श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता** : झारखंड में धनबाद स्टेशन, कोडरमा स्टेशन और बरकाकाना स्टेशन है। आप जाकर उसकी हालत देखें। कम से कम उस स्टेशन में सुधार किया जाए ताकि यह लगे कि झारखंड भी एक राज्य है। वहां न टॉयलेट का कोई इंतजाम है और न ही यात्रियों के ठहरने का इंतजाम है। कुछ सदस्यों ने ठीक कहा कि ट्रेन फर्स्ट क्लास, सैकिंड क्लास एसी वाले लोगों के लिए है[R9]।

**18.00 hrs.**

यदि वहां जाकर देखें, तो आम जनता के लिए कुछ नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि रेल मंत्री जी ने फर्स्ट एसी का 18 परसेंट और सैकिंड एसी क्लास का 10 परसेंट किराया घटाया है तथा 200 एक्सप्रैस ट्रेनों को सुपर फास्ट ट्रेन में बदला है - क्या इन ट्रेनों मे गरीब लोग चढ़ते हैं। जब ये ट्रेन सुपर फॉस्ट हो जायेंगी तो इनका भाड़ा भी बढ़ जायेगा। इस भाड़े का बोझ गरीब लोगों पर पड़ेगा। इसलिए यह बजट गरीब लोगों

के लिए नहीं है। आपने गरीब रथ जो नाम दिया है, उसमें गरीब आदमी ट्रैवल (सफर) नहीं कर पायेगा, इसलिए आप गरीब रथ का नाम हटा दीजिए। मैं रेल मंत्री और राज्य रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि पूरे हिन्दुस्तान को आइने के सामने रखकर, माननीय सदस्यों ने आपको जो सलाह दी है, उसके मुताबिक बजट में सुधार लाइये।

**श्री काशीराम राणा (सूरत) :** सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत ही आभारी हूं। माननीय लालू प्रसाद जी ने जो रेल बजट पेश किया है, वह गरीबों के लिए नहीं है। अगर गरीब रथ एसी ट्रेन चलाकर माननीय लालू प्रसाद जी ऐसा कहेंगे कि यह गरीबों के लिए है, आम आदमी के लिए है, तो वह ठीक नहीं है। अगर गौर से देखा जाये तो ऐसा लगता है कि यह रेल बजट आम आदमी के लिए नहीं है। रेल में सफर करने वाले गरीब लोगों को ज्यादा सुविधा देने वाला यह बजट नहीं है। इस रेल बजट में राज्यों के साथ बहुत पक्षपात किया गया है। मुझे लगता है कि इस बार बजट में राज्यों के साथ जो पक्षपात किया गया है, वैसा कभी नहीं किया गया। आपने 55 नयी ट्रेनें चलाई हैं लेकिन किन राज्यों को कितनी-कितनी ट्रेनें मिली हैं, इसे आप देखिये।

अभी एक माननीय सदस्य ने जैसा कहा कि लालू जी के बिहार को और श्री वेलू जी के तमिलनाडु को ट्रेनें मिली हैं, वहीं मुझे बहुत खेद है कि माननीय राठवा जी ने हमारे गुजरात को ज्यादा ट्रेनें नहीं दीं। जो 55 ट्रेनें चलायी जा रही हैं, वे कंडीशनल ट्रेनें हैं। इनमें से कुछ ट्रेनों को आमान परिवर्तन के बाद चालू करना है। हम चाहते हैं कि आप साप्ताहिक ट्रेनों को डेली ट्रेन भी एनाउंस कर देते तो बहुत अच्छा होता। हम यह नहीं कहते कि आपने बिहार को दिया, तमिलनाडु को दिया, तो अच्छा नहीं किया, आप उन्हें और ट्रेनें दीजिए लेकिन जिन राज्यों में विकास हो रहा है, जो राज्य देश के अन्य राज्यों से आये हुए लाखों लोगों को रोजी-रोटी देते हैं, उन राज्यों की चिंता भी माननीय रेल मंत्री जी को करनी चाहिए।

सभापति महोदय, मैं एक ही उदाहरण देना चाहूंगा कि सूरत में देश के सभी प्रांतों के लाखों लोग रहते हैं, उन लोगों को अपने वतन जाने के लिए रेल सुविधा चाहिए। इस बजट में उनके लिए कोई रेल सुविधा देने की चिन्ता नहीं की गयी। मुझे याद है जब एनडीए सरकार थीं, उस समय हर साल गुजरात को कभी 7, 8 और कभी 11 ट्रेनें मिलती थीं लेकिन इस बार सिर्फ 4 ट्रेनें ही मिली हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि जिन राज्यों में रोजगार देने का पोटेंशियल हैं, दुसरे राज्य से आये हुए लाखों लोगों को रोजगार देने की क्षमता है, उनकी भी आप चिन्ता करें। आप बिहार में रोजगार दें, तमिलनाडु में रोजगार दें, लेकिन इस पर अरबों रुपये लग जायेंगे। आपने सूरत जिले में, जहां बिहार, तमिलनाडु, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि से लोग रोजगार के लिए आते हैं, उन लोगों को आने जाने के लिए पूर्ण रेल सुविधा नहीं दी । जब बहुत सारे लोग मांग करते हैं, तो कहते हैं कि हां, दे दी। मैं रेल मंत्री जी का आभार मानता हूं कि उन्होंने वलसार-उदना-सूरत से लेकर पटना ट्रेन की घोाणा की है तथा एक ट्रेन वलसाड-उदना से कानपुर तक की घोाणा की है, लेकिन ये जो दो ट्रेन्स हैं, खासकर वलसार से कानपुर तक जो ट्रेन है, उत्तर भारतीय लोग, जो करीब 6-7 लाख हमारे सूरत में हैं, उनके लिए यह ट्रेन शुरू की गई है लेकिन उत्तर भारतीयों के लिए यह ट्रेन असुविधाजनक है। वहां ज्यादा आबादी इलाहाबाद की है, उसके आसपास के गां वों की है। यह ट्रेन वलसाड से कानपुर नहीं, बल्कि इलाहाबाद तक जानी चाहिए तभी यह ट्रेन शुरु करने का मकसद पूरा होगा। इसलिए मेरा अनुरोध होगा कि इस स्थिति पर आप विचार करें।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** हम भी इसका समर्थन करते हैं।

**श्री काशीराम राणा :** यहां कहा गया कि यह बजट गरीबों के लिए है लेकिन कभी देखा गया है कि देश में आज गरीबों की हालत कैसी है ? आप सूरत स्टेशन पर आइए। माननीय मंत्री जी जानते हैं, राठवा जी को अनुभव है कि जब ओखापुरी ट्रेन सूरत स्टेशन पर आती है, जब ताप्तीगंगा एक्सप्रैस सूरत से चालू होती है या पटना ट्रेन जाती है तो आप देखिए कि वहां कैसी हालत होती है। एकदम अव्यवस्था फैल जाती है। हजारों की तादाद में लोग जाना चाहते हैं, लेकिन ट्रेन में सैकेंड क्लॉस का डिब्बा एक ही होता है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि जो आप 23-24 कोचेज वाली ट्रेन चलाने वाले हैं, रेल मंत्री जी उसमें आप 23- 24 डिब्बे लगाएं, लेकिन सैकेंड क्लॉस में गरीब यात्रियों के लिए ज्यादा डिब्बे रखिए क्योंकि उनको ट्रेन में जगह नहीं मिलती, इसलिए वे टॉयलेट में घुस जाते हैं या जो दो डिब्बों के बीच में आने-जाने वाला स्पेस होता है, वहां सो जाते हैं। इसलिए इसकी भी व्यवस्था रेल मंत्रालय को करनी चाहिए। जैसे कहा गया कि .यह बजट गरीबों के लिए है लेकिन बड़ी चालाकी से, चतुराई से यह बजट बनाया गया है।

**18.07 hrs** (Shri Varkala Radhakrishnan in the Chair)

यहां कहा गया कि फास्ट ट्रेन को सुपर फास्ट ट्रेन बनाएंगे, लेकिन रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा है कि सुपर फास्ट का किराया ज्यादा देना पड़ेगा - यह कहां का न्याय है? अगर फास्ट ट्रेनों को सुपर फास्ट बनाएंगे तो उसी किराये में यात्रियों को ले जाना चाहिए। आपने पीक ऑवर और नॉन पीक ऑवर का जिक्र किया - मैं पूछना चाहता हं कि पीक ऑवर में कितना किराया लगेगा और नॉन पीक ऑवर में क्या किराया होगा? अगर पीक ऑवर का किराया ज्यादा होगा तो इससे गरीब पैसेन्जर के प्रति अन्याय होगा । बजट के माध्यम से जो अन्याय होने वाला है, उसे दूर करने की भी बहुत बड़ी आवश्यकता है। रेल मंत्री जी ने इसे स्वीकार भी किया है और कहा है कि रेलवे सुरक्षा बल प्रतिदिन लगभग 1000 यात्री गाड़ियों में तैनात किये जा रहे हैं - यह क्यों? वह इसलिए क्योंकि ट्रेन्स में लूट होती है, बलात्कार होता है, ट्रेनों में अपहरण होते हैं और यात्रियों के ऊपर अत्याचार होता है। इसे रोकने के लिए न पर्याप्त सुरक्षा बल है और न पर्याप्त संख्या में सैनिक हैं। मैं एक उदाहरण देना चाहंगा कि हमारे पास सुरक्षा बलों की कितनी कमी है। लोगों को मिस गाइड करने के लिए बजट में कहा गया कि 1000 यात्री गाड़ियों में सुरक्षा बल तैनात कर दिये जाएंगे, लेकिन अभी जो स्थिति है, वेस्टर्न रेलवेज की मैं बात करूंगा कि वहां रेलवे पुलिस की जो संख्या स्वीकृत है, वह 1900 है, जबकि 1385 ही काम कर रहे हैं। अभी 515 वैकेंसीज हैं। सूरत रेलवे में स्वीकृत स्टॉफ की संख्या 300 है, लेकिन वहां 160 कार्यरत हैं। अभी वहां 140 का जो गैप है, उसे भरा नहीं गया है। पश्चिमी रेलवे में 1415 सुरक्षा दलों की, एस्कॉर्ट पार्टीज की संख्या स्वीकृत है, लेकिन अभी तक सिर्फ 515 को ही भरा गया है, 900 जगह अभी तक खाली हैं। रेल मंत्री जी कहते हैं कि हम सुरक्षा दलों को बढ़ा रहे हैं और उन्हें 1000 रेलगाड़ियों में तैनात करेंगे, जबकि सूरत रेलवे स्टेशन पर ही सुरक्षा दलों के जो 120 पद स्वीकृत हैं, उनमें से 61 भरे गए हैं और 59 खाली हैं। इससे पता चलता है कि बजट में आप जो बातें कहते हैं, वास्तव में देखते हैं तो उसमें बहुत सारी कमियां महसूस करते हैं। इस वजह से यात्रियों को शिकार बनना पड़ता है, जिससे उनकी लूट होती है, हत्या होती है और किडनैपिंग होती है। इसलिए मेरा रेल मंत्री जी से कहना है कि आप जो भी आश्वासन दें, उसे निठा से पूरा करने का प्रयास करें.

यहां रेल मंत्री लालू जी बैठे हैं। मैं पूछना चाहूंगा कि कैसे आपका रेल मंत्रालय काम करता है? मैंने रेल मंत्रालय को जून, 2004 में एक पत्र रेल समस्या के बारे में लिखा था। वैसे तो सांसदों को तीन महीने में जवाब मिलना चाहिए, लेकिन मुझे 6 फरवरी, 2006 को, करीब दो साल के बाद जवाब मिला, जिस पर मंत्री जी के हस्ताक्षर हैं। इस तरह से आप देखें कि कैसे रेल विभाग के अधिकारी काम कर रहे हैं। यहां सदन में दोनों रेल राज्य मंत्री राठवा जी और वेलू जी बैठे हैं तथा खुद रेल मंत्री जी भी मौजूद हैं। इस प्रकार की जो अव्य वस्था है, उससे रेल मंत्रालय की विश्वसनीयता और रेल व्यवस्था टूटती जा रही है, जिस पर आपको ध्यान देना चाहिए।

इस रेल बजट में सूरत के साथ ही अन्याय हुआ है, पूरे गुजरात के साथ अन्याय हुआ है। रेल मंत्री जी ने बताया कि दिल्ली और आगरा के बीच 150 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ट्रेन चलाई गई है। उसके बाद उन्होंने दिल्ली और कानपुर के बीच भी ऐसी ट्रेन चलाने की बात कही है। मैं बताना चाहूंगा कि एनडीए के समय में अहमदाबाद-मुम्बई के बीच बुलेट ट्रेन चलाने की घोाणा की गई थी। उसके लिए कार्यवाही भी की गई थी, लेकिन बाद में उसे हवा में उड़ा दिया गया। रेल राज्य मंत्री राठवा जी मंत्रिमंडल में गुजरात का प्र ातिनिधित्व करते हैं। मैं उनसे आग्रह करना चाहूंगा कि जिस बुलेट ट्रेन की पहले घोाणा हुई थी, उसे वे कार्यरूप दें।

रेल बजट में कहा गया कि चार ट्रेंस वर्ल्ड क्लास एमिनिटीज की चलाई जाएंगी। वैस्टर्न रेलवे से रेल विभाग को सबसे ज्यादा राजस्व मिलता है, लेकिन इन चार ट्रेंस में एक भी ट्रेन हमें नहीं दी गई है। क्या दिल्ली-मुम्बई राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन को ऐसा नहीं बनाया जा सकता और क्या अगस्त क्रांति दिल्ली-मुम्बई को ऐसा नहीं बनाया जा सकता? जहां पर जिस तरह की स्थिति है, उसमें सुधार आपको लाना ही होगा।

हम कई बार आदिवासियों की, वनवासियों की बात करते हैं। उधना और जलगांव के बीच एक ट्रेन ट्रैक है, जिस पर एक ही रेलगाड़ी वहां जाती है। इस सिंगल ट्रैक पर चलने वाली रेलगाड़ी का कोई नियमित समय नहीं है, बहुत अनियमित है। कई बार कहा गया कि वहां डबल ट्रैक किया जाए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। एनडीए के समय में उसका सर्वे भी कराया गया और आवश्यक प्रावधान भी किया गया, लेकिन आज तक वहां डबल ट्रैक नहीं हुआ। जब आदिवासियों की बात की जाती है, यहां पर राठवा जी बैठे हैं, आपने जैसे कौशम्बा से राजपिपला की बात मानी, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं, लेकिन सूरत-उधना-जलगांव के बीच भी डबल ट्रेक चाहिए। इतना ही नहीं, लालू जी ने बड़े स्पट शब्दो में फ्रेट कॉरीडोर बनाने की बात कही है। मैं चाहूंगा कि इस पर श्वेत पत्र आए या एक्सप्लेनेटरी नोट दें कि जो मालगाड़ियां आप चलाएंगे, क्या वे डबल ट्रैक पर चलाएंगे या नहीं? मुम्बई और अहमदाबाद के बीच इतना ट्रेफिक है कि कोई उस ट्रेफिक की कल्पना नहीं कर सकता है। रेल मंत्री जी ने अगर कल्पना की तो उसको सुलझाने की कोशिश वे नहीं करते हैं। अहमदाबाद

और मुम्बई के बीच थर्ड ट्रेक की आवश्यकता है उसे जल्दी पूरी करना चाहिए जिससे नयी ट्रेनें चल सकें। डबल ट्रेक भर चुका है सूरत से नयी ट्रेन चालू नहीं हो सकती है। इसलिए मेरा कहना है कि डबल ट्रेक के साथ एक ट्रेक और बनाना चाहिए जिससे हमें लगे कि हमें न्याय मिला। रेल विभाग को ज्यादा रेवन्यु होगी ।

माननीय सभापति जी, जैसे मैने कहा कि सूरत और गुजरात के साथ अन्याय हुआ है उसमें मैं यह कहूंगा कि जो ट्रेन आज ओखापुरी चल रही है उसे डेली ट्रेन बनाना चाहिए। हमारे माननीय सदस्य चंद्राकांत खैरे जी ने जैसे कहा कि जो पूना से अहिंसा एक्सप्रेस है वह पूना अहिंसा एक्सप्रेस नांदेड़ तक जानी चाहिए क्योंकि हजारों की संख्या में ऐसे सिख लोग हैं जो बलसाड़ और वडोदरा के बीच नांदेड़ में अपने तीर्थ स्थान पर जाते हैं। या तो नयी ट्रेन मुम्बई और नांदेड़ के बीच की मिले या ये जो पूना एक्सप्रेस ट्रेन है इसे नांदेड़ तक एक्सटेंड किया जाए और साथ-साथ संपर्क-क्रांति ट्रेन जो मुम्बई और दिल्ली के बीच चलती है उसको अभी-अभी स्टोपेज दिया गया है। हमारे साथ कितना अन्याय किया गया है वह मैं बताना चाहता हूं। संपर्क क्रांति एक्सप्रेस का स्टोपेज अभी वडोदरा दिया गया है कोटा दिया गया, वरसई दिया गया लेकिन सूरत में नहीं दिया गया। मैं पूछना चाहता हूं कि क्यों नहीं दिया गया? वैस्टर्न रेलवे को सूरत बहुत ज्यादा रैवेन्यू देता है, इन्कम और एक्साइज टैक्स देते हैं और इस तरह से करोड़ों रुपये देते हैं लेकिन जिस स्टोपेज की हमने मांग की वह हमें नहीं मिला है। मैं आशा करुंगा कि जब बजट में रिप्लाई हो तो उस समय माननीय मंत्री जी इस बारे में बात करेंगे तो हमें न्याय मिलेगा, ऐसा मुझे लगता है। साथ-साथ जो नवसारा की स्थिति है जो मेरी नवसारा में है और इस कांस्टीट्यूएंसी में जो हमारे राठवा जी घोाणा करके गये थे कि जो भी ट्रेनें हैं उनका स्टोपेज वहां दिया जाएगा। मैं आशा रखता हूं कि उसका स्टोपेज वे वहां पर दें।

वैस्टर्न रेलवे के 6000 किलोमीटर में से 5000 किलोमीटर का रास्ता गुजरात से गुजरता है। कहीं 2000 किलोमीटर में हाजीपुर हो गया, कहीं 3000 किलोमीटर पर भूवनेश्वर हो गया लेकिन जहां पर 5280 किलोमीटर रास्ता गुजरात में जाता है फिर भी हमारा हैड-क्वार्टर मुम्बई है। वह मुम्बई का हैड-क्वार्टर अहमदाबाद में स्थित किया जाए।

इसी तरह से जो मुम्बई डिवीजन है उसका पूरा ट्रेक गुजरात से गुजरता है लेकिन मुम्बई में उसका डिवीजन हैड-क्वार्टर रखा है, उसको सूरत में रखा जाए, ऐसा मेरा अनुरोध है। एक बार अगर सूरत में डिवीजन मिल गया तो बाकी की समस्याओं का सुलझ जाना आसान हो जाएगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं कहूंगा कि अगर इस बजट में इतना सुधार नहीं हुआ और रिप्लाई के समय इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो इस बजट से देश को कोई फायदा नहीं होगा और देश का असंतुलन बढ़ जाएगा, जिससे विकास की और भी जो योजनाएं हैं उनमें भी बाधा खड़ी होगी।

**श्री गौरीशंकर चतुर्भुज बिसेन (बालाघाट) :** महोदय, मैं भारत सरकार से रेल मंत्री मा0 लालू प्रसाद जी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ा 2006-07 पर अपने विचार व्यक्त कर रहा हूं।

1. दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत निर्माणाधीन गोंदिया-बालाघाट, नैनपुर-जबलपुर रेल मार्ग दूरी 187-42 - 229 कि0मी0 में से गोंदिया से बालाघाट सितम्बर, 2006 में प्रारंभ हो चुका है। शेा 187 कि0मी0 अमान परिवर्तन कार्य तेज गति से किया जाये।

2. द0पू0 रेलवे के अंतर्गत बालाघाट से कंटगी दूरी 40 कि0मी0 अमान परिवर्तन के कार्य में पर्याप्त बजट देकर पूरा किया जाये।

3. कटंगी से तिरोडी दूरी 12 कि0मी0 का सर्वेक्षण करवाकर नयी रेल लाइन डाली जाये। ( तिरोडी से तुमसर रेल मार्ग है, इससे यह जुडेगा)

4. द0पू0 रेलवे के अंतर्गत बालाघाट से गोंदिया एवं बालाघाट से बैहर दक्षिण पूर्व रेलवे में नागरा कंटगी से बालाघाट गोंदिया मुख्य मार्ग पर ओवरब्रिज बनाय जाये।

5. द0पू0 रेलवे स्टेशन बालाघाट का विस्तार, ब्रॉडगेज लोकोशेड रेल धुलायी व्यवस्था की जाये।

6. महाराट्र एक्सप्रेस जो गोंदिया से पूना को बालाघाट से वाया गोंदिया पूना चलाया जाये।

7. हैदराबाद-हावडा एवं मद्रास-हावड़ा वाया चंदाफार्ट, गोंदिया नयी ट्रेनें चलायी जायें।

8. गोंदिया-नागपुर लोकल ट्रेन को बालाघाट-गोंदिया-नागपुर चलाया जाये।

---

*The speech was laid on the Table.

**श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा)** : महोदय, रेली मंत्री जी ने जो बजट पेश किया उसमें आम व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं। मैं इसका अनुमोदन करता हूं।

लालू जी जब से रेल मंत्री बने हैं लालू जी ने अपने अथक प्रयास, कुशल नेतृत्व, कार्यशैली से रेलवे लगातार प्रगति के पथ पर है। लालू जी ने गत दो वर्षों में किराया इत्यादि न बढ़ाकर आम व्यक्ति का सफर सरल ही नहीं अपितु आम जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरे हैं। लालू जी ने मालभाड़े की ढुलाई में जो रिकार्ड बढ़ोत्तरी की है, वह उनकी दूरदृटिता का परिणाम है जिससे रेलवे को बहुत आर्थिक लाभ मिला है। गत वर्ा कुल्हड़, खादी को अपनाने से छोटे कुटीर उद्योगों में लाखों लोगों को रोजगार मिला है।

इस बजट में आधुनिकीकरण, रेलवे सुरक्षा तथा सफर आरामदायक बनाने पर विशेा ध्यान रख गया है। इसके अतिरिक्त नई-नई रेल लाइनों, नई रेल गाड़ियों तथा गेज बदलने के कार्य पर विशेा ध्यान रखा गया है।

इन सब बातों के लिए मैं लालू जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और लालू जी से अपेक्षा करता हूं कि मेरे क्षेत्र की रेलवे से संबंधित कुछ समस्याओं का निवारण करेंगे।

पालनपुर जिला का मुख्यालय है। इस स्टेशन का नव-निर्माण अति आवश्यक है। पालनपुर 'ऐं' ग्रेड स्टेशन है, किंतु इसमें सुविधाओं का अभाव है। इसका आधुनिकीकरण कर एक मॉडल स्टेशन बनाया जाय। पालनपुर में रेलवे का नया वर्कशॉप स्थापित किया जाए। पालनपुर से मुंबई के लिए एक नई ट्रेन की व्यवस्था की जाए, क्योंकि हीरा व्यवसाय में लाखों लोग मुंबई में कार्य करते हैं जिससे उनके आने-जाने की परेशानी दूर हो सके। आबू रोड से अहमदाबाद तक एक डेमू ट्रेन चलती है, किंतु ट्रेफिक अधिक होने के कारण यह

काफी नहीं है, अतः एक अन्य डेमू ट्रेन चलाने की व्यवस्था की जाए। पालनपुर शहर रेल के दोनों ओर बसा हुआ है। अतः एक अंडरब्रिज की आवश्यकता है। इसे बनाया जाए। पालनपुर में एक नया फुटब्रिज बनाया जाए। मेरे क्षेत्र में पिपराला स्टेशन से पूर्व की ओर जो रेलवे क्रॉसिंग बंद किया है, उसे पुनः चालू किया जाए। चण्डीसर स्टेशन के पास जो लेवल क्रॉसिंग है, उसे 24 घंटे खुला रखने की व्यवस्था की जाए। चण्डीसर स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज की व्यवस्था की जाए। विरमगांव, मेहसाना, पाटन भिलडी तक नई रेल लाइन बिछाने का आदेश हुआ है। उसे वाया शिहोरी किया जाए। शिहोरी तालुका का एक बड़ा व्यासवसायिक केंद्र है। बांद्रा से जयपुर के बीच जो ट्रेन चलती है, उसमें प्रथम वातानुकूलित कोच की व्यवस्था की।

---

*The speech was laid on the Table.

MR. CHAIRMAN : I request the hon. Members not to speak for a long time. There are 100 Members who want to speak in this discussion. The Members may like to speak for any amount of time in this discussion but I would request them not to take much time so that everyone would get a chance to speak.

Now, Shri S.P.Y. Reddy.

SHRI S.P.Y. REDDY (NANDYAL): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Railway Budget fully. I not only fully support the Railway Budget but also congratulate the performance of the Railways and its employees. Fourteen lakh railway employees have made a profit of Rs. 11,000 crore on a turnover of Rs. 55,000 crore[lh10].

Sir, this proposed Budget of 2006-07, they expect Rs.15,000 crore profit from a turnover of Rs.60,000 crore. It is really great achievement.

Still there is much more potential for the railways to make more profits, to contribute to the national income and to share the Government expenditure. So, I hereby propose some steps to increase the profitability, capability and the utility of the railways. I want to submit a few points on that. The first and foremost point is doubling of tracks immediately except on mega bridges. I repeat that we have to do doubling of tracks except on mega bridges. Mega bridges take more time. They consume more money also. There should be automatic signalling along the route. Doubling of tracks with automatic signalling will decrease the turnaround time by more than 25 per cent for passenger trains and more than 100 per cent time for goods train. Goods train suffer more because at every crossing they receive least priority, kept outside the highways and crossings.

Just by doing doubling of tracks, a passenger train reaches faster by, at least, 25 per cent time and a goods train by 100 per cent time. This decrease in turnaround time will save wagons, locomotives and coaches. The same bogies, locomotives and wagons can bring in more incomes and more turnovers.

The next point that I would like to tell you is about roll on and roll off. This system is already available in the railways, in the Konkan railway line, where a loaded lorry comes and sits on the wagon, reaches to the destination, gets down itself and goes to the unloading point and unload consignment, gets

loaded again and comes back to the station. Just like passenger stations, goods stations should also be there in the outskirts of the towns. Just like train timings are there for passenger trains, there should be freight train timings also.

I will give you an example to understand this. For example, from Delhi to Hyderabad, we have got a time-table that the passenger train, Rajdhani Express will leave six o' clock in the evening. Just like that, timing should be given to a goods train that at seven o' clock from Delhi outskirts station, it would leave for Hyderabad. All the lorries going southward will come and sit on the train. The train transport is the cheapest.

In the road transport, to haul one tonne of load, the energy required is six times more than the energy required to haul on the railway track. I am a lorry fleet owner. In my fleet, I spend 60 per cent on diesel cost; 20 per cent on tyre cost and about five per cent on insurance cost. Now, if the railways fix a freight rate to loaded lorries, equivalent to the diesel consumed by the lorry to reach that destination, and allow them to save tyre and insurance expenses for themselves, the lorry transport people will be so happy to come and sit on the train.

If you see the railway expenditure, the diesel consumption or the diesel cost of operation of railways is only 16 per cent whereas in road transport, it is 60 per cent. So, to take advantage of low cost haulage on tracks and to get more traffic, you invite the loaded lorries[m11] and roll-on and roll-off should be practised widely.

I only request you to put it as a sample from Delhi to Hyderabad. Only two stations are required to be readied in the outskirts. Then, you can see the effect. You will have trains every hour. So much of lorrry traffic moves from north to south. This will increase the revenue from goods movement and this revenue will be the main source of revenue of the railways.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please conclude. The Congress Party has given more than 30 names. If you speak for so much of time, then 30 Members from your party cannot speak. So, you will have to conclude your speech within five minutes. Now, each Member will be given only five minutes to speak.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Thirty Congress from Congress Party are there in the list. So, please conclude.

… (*Interruptions*)

SHRI S.P.Y. REDDY : When the turnover goes up, the cost of wages and salaries and pension comes down. Now it is 46 per cent in respect of wages and salaries and pension in the present Budget. I do not want it to be reduced; rather I want it to be increased further. But when the turnover goes up, the cost of salaries and pension in the total turnover automatically goes down.

Now, I would like to say something about electrification. Now, diesel is being imported in the country. Here I would like to say that the consumption of diesel should come down. The road transport and the railways consume about 80 per cent of the diesel that is imported. Now, with this roll on and roll

off, majority of the road traffic will come to the trains and when the trains are run by electricity, the diesel consumption will come down drastically, saving the country's precious foreign exchange and make the country nearly self-sufficient in engergy. So, the electrification should be done.

The fourth point that I would like to tell is about the public-private partnership. The railways have already evolved a number of models. This should be allowed for new lines. Yesterday, the hon. Minister of Railways had said that this particular route is not viable. We know that it is viable provided the traffic increases. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

… (*Interruptions*)

SHRI S.P.Y. REDDY : When the railways construct a line, the cost of construction per kilometre is about Rs. 1 crore to Rs. 1.5 crore, but the actual cost should not exceed between Rs. 60 lakh to Rs. 70 lakh. … (*Interruptions*) I have got a cement factory. Thirty or forty kilometres of track hardly will cost me about Rs. 20 or Rs. 30 crore. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Those Members who want to lay their speeches, they can do so. Shri Reddy, please conclude

… (*Interruptions*)

SHRI S.P.Y. REDDY : With respect to constructing of new lines, if the railways give enough returns to the private parties and private factories, then they will construct the railway lines and hand them over to the railways. It is because the cost of construction of a railway line by private party is half the cost of the construction being incurred by the railways. … (*Interruptions*)

Sir, with these few words, I conclude my speech.

**श्री दह्याभाई वल्लभभाई पटेल (दमन और दीव) :** महोदय, माननीय रेल मंत्री ने वर्तमान परिस्थितियों को समक्ष रखते हुए जनमानस की आशाओं के अनुरूप बजट प्रस्तुत किया है। किराए-भाड़े में कोई भी वृद्धि नहीं की गई है जिससे आम आदमी ने राहत की सांस ली है। रेलवे बजट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि बजट सरप्लस रहा है। इसका अर्थ यह नहीं कि रेल विकास के किसी पक्ष को नजर अंदाज किया गया है। सुरक्षा पर विशेा ध्यान दिया गया है। नई परियोजनाएं शुरू की गई हैं जिसमें लगभग सारे देश को कवर किया गया है। परन्तु मेरी रेल मंत्री से दमन-दीव तथा दादर नगर हवेली संघ शासित प्रदेश के संबंध में शिकायत है क्योंकि इस क्षेत्र की ओर इस बजट में कोई विशेा ध्यान दिया गया है, ऐसा प्रतीत नहीं होता।

मैंने पहले भी कई बार रेल मंत्री महोदय से वापी, गुजरात में बलीठा रेलवे क्रासिंग पर उपरिपुल के निर्माण तथा कारमबेली रेलवे लेवल क्रांसिग पर स्थित अंडर ब्रिज को चौड़ा करने का निवेदन किया है। राट्रीय राजमार्ग संख्या 8 से बलीठा रेलवे क्रासिंग होते हुए भारी वाहन ट्रैफिर दाभेल से दमन में प्रवेश करता है। बलीठा रेलवे क्रॉसिंग के मुम्बई-अहमदाबाद मुख्य रेलवे लाइन पर होने के कारण यह रेलवे फाटक अधिकतर बंद रहता है जिसके कारण इसके दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। दाभेल, सोमनाथ तथा दमन में काचीगां व से राट्रीय राजमार्ग संख्या 8 के लिए बलीठा रेलवे क्रॉसिंग एक मुख्य सम्पर्क मार्ग है। इसलिए इस रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिपुल बनाए जाने की तुरन्त आवश्यकता है। इसी प्रकार कारमबेली रेलवे फाटक भी मुम्बई-अहमदाबाद मार्ग का महत्वपूर्ण सम्पर्क मार्ग है। इसका वर्तमान आकार बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए पर्याप्त नहीं है। इसलिए कारमबेली रेलवे क्रॉसिंग के विस्तार हेतु सर्वेक्षण कार्य तुरन्त आरंभ करवाकर इस परियोजना को शीघ्र पूरा करने की आवश्यकता है ताकि इसके परिणामस्वरूप आम लोगों के समक्ष आ रही कठिनाईयों को दूर किया जा सके।

इसी प्रकार मैंने पिपवाव पोर्ट से माण्डवी चैक पोस्ट (घोघला-दीव) तक तथा सोमनाथ वेरावल से अहमदपुर माण्डवी चैक पोस्ट (घोघला-दीव) तक ब्रॉड गेज रेलवे लाइन के विस्तार की आवश्यकता की ओर भी कई बार सरकार का ध्यान दिलवाया है जिसके लिए मैं रेल मंत्री से शीघ्र कार्यवाही का निवेदन करता हूं। दमन-दीव संघ शासित प्रदेश में व्यापक पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए सरकार ने दीव को एक महत्वपूर्ण केन्द्रीय पर्यटन स्थल घोाित किया है। अंतर्राट्रीय पर्यटन मानचित्र पर भी दीव एक विशेा महत्व रखता है क्योंकि लगभग 5 लाख विदेशी तथा भारतीय पर्यटक यहां पर हर वर्ा यात्रा करने आते हैं।

---

* The speech was laid on the Table.

इसलिए मेरा माननीय रेल मंत्री से निवेदन हे कि इस रूट पर ब्रॉड गेज रेलवे लाइन को विस्तार के आदेश तुरन्त संबंधित प्राधिकारियों को जारी करें।

इसी प्रकार औद्योगिक कामगारों के लिए वलसाड़-दहानु-वलसाड़ रूट पर एक मीमू ट्रेन तुरन्त शुरू किए जाने की आवश्यकता है। इस रूट पर हजारों सामान्य औद्योगिक कामगार प्रतिदिन यात्रा करते हैं। इस ट्रेन सेवा के आरंभ होने से इन कामगारों को काफी सुविधा मिलेगी। वापी से प्राप्त राजस्व के आधार पर इसे "ए" ग्रेड रेलवे स्टेशन घोाित किया गया है परंतु यहा पर उपलब्ध सुविधाएं इस स्टेशन को प्राप्त दर्जे के अनुरूप नहीं है। इसलिए मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि वापी रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं में सुधार हेतु तुरन्त कार्य वाही करें। आशा है कि माननीय रेल मंत्री मेरे इन निवेदनों पर कार्यवाही कर आम लोगों को राहत देने के उपाय करेंगे।

**श्री राम कृपाल यादव (पटना) :** माननीय सभापति जी, मैं माननीय रेल मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत वर्ा 2006-07 के रेल बजट के पक्ष में हूं और इसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं माननीय रेल मंत्री जी, माननीय प्रधानमंत्री जी और यू.पी.ए. सरकार का आभार व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने कुशल नेतृत्व में भारतवर्ा की जनता को राहत दी है और रेल मंत्रालय को मुनाफा कराने का काम किया है। मैं समझ रहा था कि विपक्ष के माननीय सदस्य जब बोलेंगे तो माननीय रेल मंत्री जी की तारीफ करेंगे। रेल बजट आते ही लोगों को लगता था कि भाड़ा उनके माथे पर चढ़ने लगा है और माल भाड़े में वृद्धि होने वाली है। माननीय रेल मंत्री जी के कुशल नेतृत्व में चौदह लाख कर्मचारियों और अधिकारियों के सहयोग से न तो रेल भाड़े में वृद्धि की है और न ही माल भाड़े में वृद्धि की है। इस तरह से लगातार तीसरी बार एक ऐतिहासिक बजट प्रस्तुत करने का काम किया है और अपनी कार्यक्षमता और कुशल नेतृत्व में 11,000 करोड़ रुपए का लाभांश देने का काम किया है। अगर विपक्ष के माननीय सदस्य इसकी चर्चा करते तो मुझे कुछ समझ में आता लेकिन वे चर्चा नहीं करेंगे। आप सकारात्मक

सहयोग की बात कहते हैं, आप कहां सहयोग दे रहे हैं? अच्छे काम के लिए प्रशंसा करनी चाहिए और जो काम नहीं हुआ है उसे एड कराना चाहिए, हमें यह बात समझ में आती है। अभी माननीय सदस्य श्री आनन्द जी कह रहे थे लेकिन अब पता नहीं कहां चले गए हैं, आप लोग बैठे हैं इसलिए मैं अपनी बात कहूंगा। माननीय सदस्य श्री आनन्द जी बहुत सी बातें कह रहे थे कि कुल्हड़ गायब है, खादी गायब है, पता नहीं क्या-क्या बातें कह रहे थे। मैं बताना चाहता हूं कि माननीय रेल मंत्री जी ने गरीबों को रोजगार देने के लिए और कामगार लोगों को हाथ में काम देने के लिए जो कदम उठाए हैं, वे सराहनीय हैं। अभी कुल्हड़ बंद नहीं हुआ है और न ही खादी बंद हुआ है। श्री आनन्द जी रेल का सफर करते तो उन्हें पता चलता कि वहां खादी है।,

सभापति महोदय, आप ट्रेन से सफर करते हैं, वहां तकिए का कवर, परदा, सब चीज़ें खादी की ही होती हैं लेकिन उन्हें दिखाई नहीं दिया। मैं इस बात को स्वीकार करता हूं कि आज कुल्हड़ चल रहा है लेकिन यह बात सही है कि कुल्हड़ का जितना इस्तेमाल होना चाहिए उतना इस्तेमाल नहीं हो है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि कुल्लड़ का इस्तेमाल निश्चित तौर पर हो सके, इसके लिए निश्चित तौर पर व्यवस्था करने का काम करें।...(व्यवधान)

**18.33 hrs.** (Mr. Deputy Speaker in the Chair)

**श्री खारबेल स्वाईं (बालासोर)** : इस साल के रेल बजट में कुल्हड़ और खादी का उल्लेख भी नहीं है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Nothing will go on record except the speech of Shri Ram Kripal Yadav.

*(Interruptions) ... **

**श्री राम कृपाल यादव** : सभापति महोदय, अगर इस तरह टीका-टिप्पणी होती रहेगी तो मैं अपनी बात कैसे कहूंगा। मुझे आपका संरक्षण चाहिए।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय** : आपके साथी ही बोल रहे हैं।

...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER : Nothing is being recorded except the speech of Shri Ram Kripal yadav. Please take your seat.

*(Interruptions) ... **

**श्री राम कृपाल यादव** : माननीय मंत्री जी ने इस वित्तीय वर्ा में 55 नई ट्रेन चलाने का काम किया है, कुछ ट्रेनों का विस्तार किया है जिनकी संख्या 37 है और 12 ट्रेन के फेरे बढ़ाकर गति लाने का काम किया है। अभी एक माननीय सदस्य कह रहे थे कि पूरे देश के पैमाने पर जो रेल लाइनें बिछाने तथा नई ट्रेने चलाने का प्रस्ताव है, वह बिल्कुल इम्बैलैन्स्ड है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि आजादी के बाद से आज तक आप एलोकेशन देख लें कि किन-किन राज्यों में कितनी आवश्यकताएं थीं और कितनी धनराशि उनके लिए आबंटित की गई, आपको पता चल जायेगा। जिस जगह पहले से ट्रेनें चल रही हैं, वहां और ट्रेनें दे दी जाएं और जिस प्रदेश में रेल लाइन नहीं थीं, ट्रेनें नहीं थीं, आम लोगों को सुविधाएं नहीं थीं, वहां कुछ न दिया जाए, तो महाराट्र से आने वाले माननीय सदस्य खुश हो जायेंगे। अभी उनके एक साथी कह रहे थे। माननीय रेल मंत्री जी ने अपनी सूझ-बूझ से जो असमानता थी, पिछड़ापन था, उस असमानता को समानता में बदलने का प्रयास किया है।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी अनंत कुमार जी कह रहे थे कि रेलवे प्रमुख स्टेशनों को वास्तुविद के माध्यम से मॉडर्नाइज करना चाहती है। हम जानना चाहते हैं कि यह कौन सा गलत काम है। क्या आप चाहते हैं कि जो अंग्रेजों के जमाने के स्टेशंस हैं, जिनकी हालत

ठीक नहीं हैं, जिनके कारण पैसेन्जर्स को परेशानियों को सामना करना पड़ता है, जहां रेल यात्रियों के लिए शैड नहीं है, यदि उन्हें मॉडर्नाइज करने का प्रस्ताव है, तो इसमें कौन सी खराब बात है। आपने अपने जमाने में कुछ काम नहीं किया। इनकी सरकार में पूर्व रेल मंत्री, * के कार्यकाल में ...(व्यवधान)

---

* Not Recorded.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not mention the name of the person who is not present in the House.

**श्री राम कृपाल यादव** : ठीक है, उनका नाम हटा देता हूं। एन.डी.ए. की सरकार में जो पूर्व रेल मंत्री थे, महोदय, क्या आप जानते हैं कि लोगों ने उनके क्या नाम रखे थे - घोाणा मंत्री, शिलान्यास मंत्री, दुर्घटना मंत्री।

अब मैं सुरक्षा के कुछ आंकड़े प्रस्तुत करना चाहता हूं। यहां कहा जाता है कि एन.डी.ए. सरकार ने सुरक्षा की बहुत व्यवस्था की थी और हमारी सरकार ने सुरक्षा को नजरअंदाज किया है। आप आंकड़े देख लें...(व्यवधान) माननीय सदस्य कृपया शांत रहें। वर्ा 2001 में रेल दुर्घटनाओं की संख्या 473 थी, वर्ा 2001-2002 में 415 हो गई, वर्ा 2002-2003 में 351 हो गई और जब वर्ा 2004 में हमारी सरकार आई तो दुर्घटनाओं की संख्या घटकर 325 रह गई और वर्ा 2005 में यह और घटकर 234 रह गई है। आप कैसे कहते हैं कि अब सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। मैं मृतकों की संख्या भी बताना चाहता हूं। यदि दुर्घटनाएं ज्यादा होंगी, तो मृतकों की संख्या भी ज्यादा होगी।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now. There are more than 100 Members to speak.

**श्री राम कृपाल यादव** : मैं मृतकों की संख्या नहीं बताऊंगा। मैं निवेदन कर रहा हूं कि माननीय रेल मंत्री जी ने 200 मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को सुपर फास्ट ट्रेन में परिवर्तन करने का काम किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने 200 से ज्यादा मेल एक्सप्रैस ट्रेनों को सुपर फास्ट ट्रेनों का दर्जा देने का काम किया है। अभी प्रतिपक्ष के माननीय सदस्य कह रहे थे कि बेरोजगारी दूर नहीं हो रही है, चूंकि प्राइवेटाइजेशन किया जा रहा है। यदि यह सरकार गरीबों को रोजगार देने की व्यवस्था कर रही है तो कौन सा खराब काम कर रही है, खास तौर से जो गांवों के पढ़े-लिखे बेरोजगार लोग हैं, जिन्हें नौकरियां नहीं मिलती हैं, यदि उन्हें टिकट काउंटर्स संभालने के लिए और टिकट काटने के लिए यदि रेल बजट में प्रस्ताव किया गया है तो क्या गलत किया गया है। उपाध्यक्ष महोदय आप घंटी बजा रहे हैं, मैंने अभी प्रारम्भ ही किया है। हम पर आपकी कृपा हमेशा रहती है। मुझे अभी दो-तीन मिनट हुए हैं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप हम पर भी कृपा करिये। सौ से अधिक मैम्बर्स बोलने वाले हैं।

**श्री राम कृपाल यादव** : यदि आप कहेंगे तो मैं बैठ जाऊंगा।

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप जल्दी कंक्लूड कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव** : यदि आप हमें इंटरप्ट करेंगे, तो मैं डिरेल हो जाऊंगा।

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप कंक्लूड कीजिए। मुझे कोई ऐतराज नहीं हैं, लेकिन मैम्बर्स को सारी रात बैठना पड़ेगा।

**श्री राम कृपाल यादव** : उपाध्यक्ष महोदय, बहुत सारे आंकड़े हैं, बहुत सारी जगहों पर बहुत उत्तम कार्य किए गए हैं।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Athawale, please no running commentary in the House.

**श्री राम कृपाल यादव** : उपाध्यक्ष महोदय, यही नहीं, माननीय मंत्री जी ने बेरोजगार लोगों की तरफ भी ध्यान दिया है, जो लम्बे समय से बेरोजगार हैं। इनमें आदिवासी, शेड्यूल्ड कास्ट्स और ओ.बी.सी. के जो हैं, उनका एक साल बढ़ा दिया है। जिनकी उम्र समाप्त हो रही थी, उनकी एक साल वृद्धि की है ताकि उन्हें मौका मिल सके। ऐसे कई काम माननीय रेल मंत्री जी ने अपने माध्यम से करने का काम किया

है। सन् 2006-07 के दौरान 505 किलोमीटर नयी रेल लाईनें बनाने का और 11 हजार किलोमीटर रेल लाईनों को ब्रोडगेज़ में बदलने का तथा 435 किलोमीटर रेल लाईनों को विस्तारित करने के लिए राशि आबंटित की है।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी ए.सी. गरीब रथ के बारे में कहा जा रहा था। ये लोग गरीबों के दर्द और मन को नहीं समझते हैं, ये गरीबों की बात क्या जानेंगे। हर व्यक्ति का सपना होता है कि हम अच्छे से अच्छे मकान में रहें, अच्छे से अच्छा भोजन करें और अच्छे से अच्छा कपड़ा पहनें तथा अच्छे से अच्छे ढंग से सफर करने का काम करें। जो गरीब सपना संजोए हुए थे, वह जब ए.सी. कार देखने के लिए जाता था तो वहां का टीटी और पुलिस मार कर उसे भगा दिया करता था। वैसे गरीबों का सपना साकार करने का काम अगर मंत्री जी ने किया है तो उसमें कौन सी बड़ी बात है। यह इन्हें अच्छा नहीं लगा। ये गरीबों के बारे में क्या जानते हैं, वैसे गरीबों का सपना, जो सैंकड़ों वर्षों से संजोए हुए थे, उन गरीबों के सपनों को साकार करने का काम मंत्री जी ने बहुत कम शुल्क में ए.सी. कार उपलब्ध कराने का काम किया है, इससे बड़ी बात कुछ नहीं हो सकती है। इसलिए मैं आभार व्यक्त करता हूं और प्रतिपक्ष के साथियों को कहना चाहता हूं कि गरीबों के मन को भी समझने का काम कीजिए, केवल अमीरों की ही बात मत कीजिए। उनके लिए भी मंत्री जी ने व्यवस्था की है, उन्हें अच्छा नहीं लग रहा है। साइबर कैफे और ए.टी.एम. की व्यवस्था रेलवे प्लेटफार्म पर करने का काम कर रहे हैं, उसमें भी इन्हें तकलीफ हो रही है। ये क्या चाहते हैं, ये देश को आज से सौ वर्ा पहले धकेल देना चाहते हैं। क्या ये हमारे देश को आगे तरक्की नहीं करने देना चाहते हैं, रेलवे को मुनाफे में नहीं ले जाना चाहते हैं।

महोदय, रेल मंत्री जी ने बिहार के लिए कुछ करने का काम किया है, क्योंकि बिहार उपेक्षित रहा है। सब लोग बोल रहे हैं कि आपने अपने कार्यकाल में बिहार के लिए क्या किया? बिहार की जो आबादी है और नीड्स हैं, उसके अनुसार आपने वहां क्या किया है और आजादी के बाद से ही बिहार की उपेक्षा होती रही है, रेल मंत्री जी ने बिहार की तरफ कुछ विशेा देने का काम नहीं किया, उन्होंने असमानता को समानता में लाने का प्रयास किया है। उसके लिए भी आप रेल मंत्री जी को टारगेट करने का प्रयास कर रहे हैं। बिहार में अभी भी आवश्यकता है, वहां जितनी आवश्यकता है, उसके अनुरूप उन्हें अभी भी नहीं मिला। बिहार का हर मामले में शोाण होता रहा है - बिजली, पानी आदि हर मामले में बिहार का शोाण होता रहा है।

माननीय मंत्री जी ने अगर वहां के लिए कुछ कर दिया तो इन्हें अच्छा नहीं लग रहा है। देश के हर भाग में मंत्री जी ने अपनी सूझ-बूझ के साथ रेलवे लाईन देने का काम किया है। बिहार,जो बहुत पीछे था, उसे धीरे-धीरे ऊपर उठाने का काम किया है।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Yadav, please conclude your speech.

**श्री राम कृपाल यादव** : उपाध्यक्ष महोदय, अगर आप कहें तो मैं बैठ जाता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप कंक्लुड करें।

**श्री राम कृपाल यादव** : मैं दस मिनट और बोलूंगा।...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय** : अगर आप ही सारा बोल लेंगे तो मंत्री जी क्या बोलेंगे।

**श्री राम कृपाल यादव** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं थोड़ी देर और बोलूंगा।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ram Kripal Yadav, you have already taken more than 15 minutes to speak.

**श्री राम कृपाल यादव** : आप मुझे बैठने के लिए कहेंगे तो मैं बैठ जाऊंगा।...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: No, please conclude now.

... (*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय** : आपकी पार्टी के और लोग भी बोलने वाले हैं। आपका टोटल टाइम खत्म हो गया है।

**श्री राम कृपाल यादव :** उपाध्यक्ष जी, मैं निवेदन करूंगा कि मुझे 10 मिनट और दिये जायें।

**उपाध्यक्ष महोदय :** नहीं, आपकी पार्टी का टाइम खत्म हो गया है।

**श्री राम कृपाल यादव :** अगर आपकी कृपा हो जाये तो ..

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपकी पार्टी की तरफ से चार और मैम्बर्स बोलने वाले हैं।

**श्री राम कृपाल यादव :** जिस समय आपकी कृपा खत्म हो जायेगी, मैं बैठ जाऊंगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude now.

… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please address the Chair. Mr. Ram Kripal Yadav, please wait a minute. From your Party, there are still three Members who want to speak on the Railway Budget. They are Shri Alok Kumar Mehta, Dr. Dhirendra Agarwal and Shri Anirudh Prasad *alias* Sadhu Yadav.

**श्री राम कृपाल यादव :** मैं अपने क्षेत्र के बारे में कह रहा था.....(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do not do running commentary, please.

...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** अगर आप बोलेंगे, तो इनमें से किसी को टाइम नहीं मिलेगा। अब आप कनकलूड कीजिये। आपकी पार्टी का टाइम खत्म हो चुका है।

**श्री राम कृपाल यादव :** मैं अपने क्षेत्र की बात कह रहा था। उपाध्यक्ष जी, आपकी इजाजत से मैं अपनी बात शीघ्र समाप्त करने की कोशिश करूंगा। बिहार की काफी समस्यायें हैं जिन्हें दूर करने के लिये मै आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा। सबसे पहले बाढ़-मोकामा-फतुहा-बांकाघाट रेलमार्ग का दोहरीकरण किया जाये। न्यौरा से भाया दरियावां रेल खंड के लिये राशि दी जाये जो अभी तक नहीं दी गई है। पटना-बक्सर, पटना-क्यूल खंड पर नई रेल लाइन बिछाकर शहरी उपनगरीय सेवा चालू की जाये क्योंकि आज आम लोगों को बहुत तकलीफ होती है। इससे दूधिया, सब्जी-विक्रेता और दैनिक यात्री लाभान्वित होंगे। राट्रीय राजमार्ग 30ए-31 को जोड़ने हेतु ओवरब्रिज बनाया जाये, ताकि वाणिज्यिक दृटि से लाभ मिल सके। इससे सीमांचल का रास्ता कम हो जायेगा। भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा चलाया जा रहा भारत वैगन्स कम्पनी का रेल अधिग्रहण करे। पिछले दिन रेल मंत्री जी ने उसे चालू करवाने का काम किया था, जिससे भारी मात्रा में लोगों को काम मिलेगा। इसके अलावा मोतिहारी-शिवहर-सीतामढ़ी मार्ग का रेल सर्वेक्षण करवाने के लिये पैसा दिया जाये। सीतामढ़ी-जयनगर-लोकाह-निर्मली खंड पर नई रेल लाइन बिछाने के लिये सर्वेक्षण हुआ था लेकिन इस बार के बजट में उसका कोई जिक्र नहीं है। हमारी मांग है कि उसके लिये राशि मिलनी चाहिये।

उपाध्यक्ष जी, बिहटा-औरंगाबाद नई रेल लाइन बिछाने के लिये अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पहले इसके सर्वे के लिये पैसा मिला, उसका क्या हुआ, कुछ पता नहीं है। इस कार्य से पांच पार्लियामेंटरी इलाके लाभान्वित होंगे। इसलिये निवेदन है कि शीघ्र कार्यवाही की जाये। माननीय रेल मंत्री जी ने बिहटा में ओवरब्रिज के लिये शिलान्यास किया था, लेकिन उसका कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं किया गया है । आरा पूर्वी रेलवे-क्रॉसिंग पर तत्काल ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाये। माननीय रेल मंत्री जी ने शिलान्यास भी किया था, इसलिये इस पर तुरंत कार्य किया जाये। इसी तरह आरा स्टेशन-जमीला हाल्ट के बीच में पिपरिया गांव के सामने समपार पथ का निर्माण कराया जाये। कुनरिया स्टेशन के पास पी.डब्लयू.डी. पथ पर ओवरब्रिज बनाया जाये।

उपाध्यक्ष जी, आमतौर पर हमारे यहां यात्रियों की हालत बहुत खराब रहती है क्योंकि जो बिहार में जाने वाली ट्रेनें हैं, उनमें ए.सी. फर्स्ट क्लास और जनरल डिब्बों की हालत बहुत ही जर्जर होती है, लगता है कि सभी रिजैक्टेड डिब्बे बिहार में ले जाये जाते हैं। यह बहुत ही दुखद बात है। ट्रेन में लाइट की व्यवस्था नहीं है, पाखाने की व्यवस्था नहीं है। इसलिये निवेदन करूंगा कि बिहार को रिजैक्टेड डिब्बे देने का काम न किया जाये...(व्यवधान) मैं कनकलूड करने जा रहा हूं।

मैं माननीय मंत्री जी का पुनः आभार व्यक्त करते हुए रेल कर्मचारियों और अधिकारियों का भी धन्यवाद करता हूं। भारतीय रेल को दुनिया की नंबर एक रेल बनाने का जो माननीय प्रधान मंत्री जी का सपना है, उसको आदरणीय लालू जी दोनों राज्य मंत्रियों के सहयोग से साकार करना चाहते हैं। मैं चाहता हूं कि प्रतिपक्ष भी इसमें सहयोग करने का काम करे क्योंकि बिना उनके सहयोग के सरकार ठीक से नहीं चल सकती। वे इसमें सकारात्मक सहयोग करें जिस प्रकार से हमने एनडीए की सरकार को सहयोग देने का काम किया था। धन्यवाद।

* महोदय, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित निम्नलिखित अति आवश्यक सुझाव प्रस्तुत करता हूं।

1. दानापुर रेल मंडल अंतर्गत पटना रेलवे स्टेशन के बाद आरा रेलवे स्टेशन का राजस्व प्रप्ति में प्रथम स्थान है जबकि यात्री सुविधा नगण्य है।

प्लेटफार्म की लंबाई एवं रेल गाडियों की लंबाई की दृटिकोण से यात्री शेड की लंबाइ बहुत छोटा है, जिससे बरसात एवं गर्मी के दिनों में यात्रियों को काफी कट होता है।

---

मान्यवर, विाम परिस्थितियों में बिना किराए बढ़ाए 55 नई गाड़ियां इंट्रोड्यूस की गई हैं। क्षेत्रवार की बात उठ सकती है। जो जिस क्षेत्र से चुनकर आते हैं, वे अपने क्षेत्र की बात कह सकते हैं, लेकिन यह एक बैलैंस्ड बजट है जिसमें हर क्षेत्र का प्रदेश आ गया है। यह बात ठीक है कि पूर्व में बिहार से जो रेल मंत्री रहे हैं, उन्होंने बिहार की परवाह नहीं की हो लेकिन लालू जी को उनके दर्द का पता है। उन्होंने बिहार को कुछ देने का प्रयास किया है, तो इसमें सबको खुश होना चाहिए। बिहार एक पिछड़ा हुआ प्रदेश है। अगर उसे नयी चीज मिलेगी तो वह निश्चित रूप से देश के साथ जुड़ने का काम करेगा। इससे बिहार भी प्रगति के पथ पर आयेगा। इसी प्रकार लालू प्र ासाद जी ने तमाम गाड़ियों के विस्तार करने का काम किया है। उन्होंने ट्रेनों के फेरों में बढ़ोत्तरी की है। लालू प्रसाद जी के दिमाग का खेल देखिये, मात्र चार टन प्रति वैगन में लोडिंग बढ़ाने से चार करोड़ टन की वृद्धि हुई है जिससे लाभ मिला है। यह एनडीए वाले राज चलाना क्या जाने ? इन्होंने सात साल के अंदर कुछ नहीं किया, जो लालू प्रसाद जी ने किया, यूपीए सरकार ने किया। इसके साथ-साथ लालू प्र ासाद जी ने 14 लाख कर्मचारियों को डायरेक्ट लाभ देने का काम किया है। जहां उन्होंने आम नागरिकों को, आम यात्रियों का ख्याल किया है, वहां उन्होंने अपने परिवार के लोगों का भी ख्याल करने का काम किया है। इसके लिए मैं लालू प्रसाद जी को बधाई देता हूं, रेल मंत्रालय को बधाई देता हूं। ...(व्यवधान) अभी तो मैं शुरू हुआ हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय :** आपको बोलते हुए आठ मिनट हो गये हैं इसलिए अब आप समाप्त करिये।

...(व्यवधान)

**श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल :** आप हमारे साथ ज्यादती मत कीजिए। वैसे तो मैं बोलता नहीं हूं क्योंकि हमें कोई बोलने का मौका नहीं देता। आपने हमें बोलने का टाइम दिया है। ...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** हम आपको बोलने का टाइम देते हैं लेकिन आपने आठ मिनट ले लिये हैं।

**श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल :** मैं लालू प्रसाद जी से अनुरोध करूंगा कि शताब्दी एक्सप्रैस जिसमें चेयर कार है, उसमें टी.वी. लगा दें। इसके लिए रेल मंत्रालय को एक पैसा भी खर्च नहीं करना पड़ेगा क्योंकि टी.वी. वाले, ऐड वाले आपको अपने आप पैसा देंगे। अगर चेयर कार में मनोरंजन के लिए टी.वी. की व्यवस्था की जायेगी तो इससे एक पंथ दो काज होंगे। आपको पैसा भी मिलेगा और यात्रियों को लाभ भी होगा। लालू जी, अब तो आप हां कर दीजिए।

**रेल मंत्री (श्री लालू प्रसाद) :** यह हो जायेगा।

**उपाध्यक्ष महोदय :** लालू जी, आपकी यह बात मान लेंगे।

**श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल :** मैं आपका बहुत आभारी हूं। माननीय रेल मंत्री जी ने जहां इतनी कृपा की है ...(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री प्रियरंजन दासमुंशी) :** रेल के एसी कोच में अगर बाबा रामदेव जी का योगा भी दिखाया जाये तो पैसेंजर्स का हैल्थ भी इम्प्रूवमैंट होगा।

**उपाध्यक्ष महोदय :** हवाई जहाजों में ऐसा है। ...(व्यवधान)

**श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल :** अभी मेरे सामने वाले लोग ब्लू ट्रेन की बात कर रहे थे। वे ताइवान आदि की मिसाल दे रहे थे। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि वे कौन से ताइवान और कौन से समुद्र में सोये हुए थे। माननीय लालू प्रसाद जी ने पिछले दिनों आगरा में देश की सबसे तेज चलने वाली गाड़ी का उद्घाटन किया है। वह गाड़ी चल रही है। इसके अलावा उन्होंने एक और गाडी की एनाउंसमैंट की है। इसका सारा श्रेय लालू प्रसाद जी को जाता है, उनकी टीम को जाता है, उनकी सोच को जाता है। इसके लिए मैं माननीय लालू प्रसाद जी को बधाई देने का काम करता हूं। साथ ही साथ एसी फर्स्ट और एसी सैंकिड का किराया कम करने का भी उन्होंने काम किया है। लोग हवाई जहाज से तुलना करते हैं जबकि लालू प्रसाद जी यात्रियों से तुलना करते हैं कि मैं अपने यात्रियों को ज्यादा से ज्यादा कैसे सुविधा दूं। माल लोडिंग, फ्रेट, किराये, आधुनिक सुविधा, मॉडल स्टेशन, प्लेटफार्म के विस्तार आदि हर एंगल से लालू जी का जो रेल मंत्रालय है, वह एनडीए वालों से दबकर काम करने वाला नहीं है। लालू प्रसाद जी के यहां सुरेन्द्र गोयल जी भी बहुत पीछे हैं। लालू प्रसाद जी ने जो योजनाएं बनाई हैं--नयी रेल लाइन बिछाने, इलैक्ट्रीफिकेशन, विस्तार करने, सुविधा देने, खान-पान, सफाई, सुलभ शौचालय आदि कामों के लिए मैं उनको हार्दिक बधाई देता हूं। इसके साथ-साथ मैं अपनी कुछ डिमांड्स भी रखना चाहता हूं।

साहिबाबाद, राजनगर स्टेशनों में पीआरएस की व्यवस्था। हमारे क्षेत्र के सैक्टर 23 में हॉल्ट आरओबी है, जिसका 50 परसेंट पैसा हमने आपको राज्य सरकार से दिलवाने का काम किया है। कविनगर, बुलंदशहर आरओबी जिसका 50 परसेंट पैसा दिया है। अंडर पास के लिए हम 100 परसेंट पैसा देने को तैयार हैं। शहदरा-सहारनपुर के लिए 50 परसेंट पैसा हम देने के लिए तैयार हैं। इसके लिए हमने लिखकर भी दे दिया है। हापुड़ से मेरठ , गेट नम्बर 743 पर आरओबी के लिए 50 परसेंट पैसा देने के लिए तैयार हैं। हमने इसके लिए लिखकर दे दिया है। इसी तरह ब्रिजघाट के पास अंडर पास है। मोदी नगर से फुटओवर ब्रिज दोनों तरफ शहर से जोड़ दिया जाये तो इससे लाखों आदमी को आने-जाने में सुविधा होगी। ...(व्यवधान) हान्डिक जी आप मुझे इस तरह मत देखिये

जो आनाजाना होता है, उससे एक्सीडेंट कम होंगे। मात्र थोड़ा सा खर्च होगा। 10-20-50 हजार का खर्च होगा। अगर दोनों तरफ से पुल बन जाएगा तो दुर्घटनाओं की संख्या काफी कम हो जाएगी। सिम्भौली में तथा मोदी नगर में फुट ओवर ब्रिज के निर्माण के लिए मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करता हूं।

अंत में, मैं अपनी बात समाप्त करते हुए कहूंगा कि दिल्ली गाजियाबाद के नजदीक है और गाजियाबाद दिल्ली के नजदीक है और हम लालू जी के दिल में बसते हैं। इसलिए निश्चित तौर से इस क्षेत्र का लालू जी काम करने की कृपा करेंगे, इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय :** अभी मेरे पास 110 के करीब बोलने वाले सदस्य हैं। शैलेन्द्र कुमार जी, आप अपनी बात संक्षेप में कहें। आपकी पार्टी के तीन-चार माननीय सदस्य और बोलने वाले हैं।

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) :** उपाध्यक्ष महोदय, जो समय निश्चित किया गया है, उसके मुताबिक बोलना पड़ेगा। आपने मुझे रेल बजट 2006-07 पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। सौभाग्य से कहिए कि रेल मंत्री जी ने इसे यात्री सेवा वर्ा घोति किया है और यह सौभाग्य ही कहूंगा कि मैक्सिमम रेल मंत्री बिहार के हुए हैं। यह बिहार का सौभाग्य है।

दूसरे, मैंने रेल बजट में देखा कि रेल कर्मचारियों को काफी तकलीफ होगी। बजट में काफी प्रावधान किये गये हैं लेकिन रेल कर्मचारियों के हितों की पूरी तरह से अनदेखी की गई है। खासकर रेल कर्मचारियों के जो आश्रित हैं, उनके कल्याण की ओर भी विशेा ध्यान नहीं दिया गया है। जहां तक आज रेलवे कॉलोनीज को देखिए, वे साफ-सुथरी नहीं होती है। उनमें मरम्मत करने की आवश्यकता है और खासकर पेयजल की टंकियों में लीकेज है, उन्हें स्वच्छ पेयजल भी नहीं मिल पा रहा है। इसलिए उन्हें स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने की व्यवस्था की जाए। रेल कर्मचारियों के बच्चों को चिकित्सा सुविधा भी नहीं मिल रही है, उस तरफ भी विशेा ध्यान दिया जाए। रेल कर्मचारियों के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रावधान इस बजट में नहीं किया गया है, उसकी भी व्यवस्था की जाए।

जहां तक रेल सुरक्षा दल, आरपीएफ के बारे में बात कही गई है, मैं कहना चाहूंगा कि मानवता की ट्रेनिंग उन्हें दी जाए। रेल में यात्रा करने वाली जो महिलाएं या युवतियां हैं, जो सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं, उनके साथ ट्रेन में छेड़छाड़ होती है। बहुत सी घटनाओं के बारे में यहां जिक्र किया गया, मैं विस्तार मं नहीं जाना चाहूंगा। लेकिन मेरे कहने का तात्पर्य यह है और जनरली देखा गया है कि

ज्यादातर 4-5 सिपाही रेल में खासकर सैकेंड क्लॉस में ताश खेलते हुए पाये जाते हैं और यदि शिकायत भी होती है तो भी उनमें कोई सुधार नहीं होता है। मैं इलाहाबाद से चुनकर आता हूं। मैं बताना चाहूंगा कि इलाहाबाद से दिल्ली तक प्रतिदिन 30 से 35 हजार यात्री सफर करते है लेकिन इलाहाबाद के बारे में मैंने देखा कि इस बजट में कोई विशेा ध्यान नहीं दिया गया है। मुगल सराय से दिल्ली के बीच में बहुत सारी ट्रेनें हैं, चूंकि इलाहाबाद आज़ादी की लड़ाई से लेकर अब तक हिन्दुस्तान का केन्द्र बिन्दु रहा है और खासकर इंदिरा गांधी जी, जवाहर लाल नेहरू जी, सोनिया गांधी जी, राजीव गांधी जी तथा काफी बड़े-बड़े नेता इलाहाबाद से हुए हैं, इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की तरफ विशेा ध्यान देने की जरूरत है और ट्रेन में बढ़ते हुए अपराधों के बारे में भी चिंता करनी चाहिए। मैं कहना चाहूंगा कि चाहे जीआरपी हो या आरपीएफ हो, बलों को अपग्रेड करने की आवश्यकता है, उन्हें अत्याधुनिक हथियारों और संचार व्यवस्था से सुसज्जित करने की आवश्यकता है। जहां तक एनसीआर के बारे में, यह मेरा सौभाग्य है कि मेरे इलाहाबाद में, मेरे ही निर्वाचन क्षेत्र में एनसीआर सूबेदारगंज में बन रहा है । लेकिन मैंने रेल बजट में देखा कि उनकी भी झोली खाली नजर आई, क्योंकि कोई विशेा ध्यान उनकी तरफ नहीं दिया गया। रेल मंत्री जी ने अनुसूचित जाति और जनजाति की नियुक्तियों के बैकलॉग को विशेा अभियान के तहत भरने की बात कही है, मैं इसका स्वागत करता हूं और उन्हें बधाई देना चाहता हूं। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अगर रिक्तियों का बैकलॉग नहीं भरा गया, जो अधिकारी नहीं भर रहे हैं, उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं, तब जाकर यह बैकलॉग भरा जा सकेगा।

गांवों के बेरोजगार युवकों द्वारा टिकट बेचने की सेवा शुरू करने की बात कही गई है, उससे रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए मैं मंत्री जी को बधाई देना चाहूंगा। आपने ए.सी. कोचेज़ का फेयर कम करने की जो बात कही है और गरीबों के लिए ए.सी. गरीब रथ चलाने की बात कही है, वह भी स्वागतयोग्य है। इसके साथ ही हमें यह भी देखना चाहिए कि सेकंड क्लास के जो डिब्बे हैं, उनकी क्या हालत है। उनकी हालत काफी खराब है। खिड़कियों के शीशे नहीं हैं और सीट्स पर जो गद्दे लगे होते हैं, उनकी रेग्जीन भी फटी हुई होती है। इसलिए ए.सी. गरीब रथ चलाने के साथ-साथ आपको इस तरफ भी ध्यान देना होगा।

ट्रेनिंग पर जाने, खासकर युवतियों और दूधिया भाइयों के लिए आपने रेल यात्रा में छूट की घोाणा की है, उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं। आपने एक तरफ तो डीजल और पेट्रोल की ढुलाई में माल भाड़े को कम करने की बात कही है और दूसरी तरफ घरेलू सामान की ढुलाई को महंगा किया है, इसमें थोड़ा सा बदलाव लाएं और घरेलू सामान की ढुलाई के भाड़े को भी सस्ता करने का काम करें।

आपने रेल बजट में 435 किलोमीटर रेल लाइन के दोहरीकरण की बात कही है। मैं इसके तहत कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद से लखनऊ के बीच सिंगल रेल लाइन है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ है और इलाहाबाद आजादी की लड़ाई से अब तक का केन्द्र बिन्दु रहा है। सिंगल लाइन होने की वजह से ट्रेंस पांच-पांच, सात-सात घंटे तक लेट हो जाती हैं। इन दो स्टेशंस के बीच 200 किलोमीटर की दूरी है। सही व्यवस्था न होने के कारण अधिकतर लोग सड़क मार्ग से आते-जाते हैं, ट्रेन पर जाना पसंद नहीं करते। इसलिए इस रेल लाइन को शीघ्र ही डबल लाइन में परिवर्तित किया जाए, जिससे लोग कम दूरी में सफर तय कर सकें।

दिल्ली-पटना के बीच आपने ए.सी. गरीब रथ चलाने की घोाणा की है, यह स्वागतयोग्य है। अब गरीब भी ए.सी. कोच में यात्रा कर सकेंगे। यह सुअवसर उन्हें आपके मंत्रित्व काल में मिलेगा। आपने 6000 से अधिक लोगों को रोजगार देने की बात कही है, मैं इसका भी स्वागत करता हूं। मैं मांग करना चाहूंगा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, गरीब और पिछड़े वर्ग के लोगों को भी इसमें अवसर मिले, तब आपका यह रेल बजट अच्छा रेल बजट होगा।

आपने 200 ट्रेंस को सुपर फास्ट बनाने की बात कही है। इस सम्बन्ध में मैं कहना चाहता हूं कि स्लीपर क्लास में जो 20 रुपए प्रति टिकट सरचार्ज लिया जाता है, उसे कम करके पांच रुपए कर दिया जाए तो अच्छी बात होगी। इससे रेल बजट अच्छा होगा और आपका मकसद भी हल होगा।

जब हम ट्रेन में सफर करते हैं तो देखते हैं कि कई बार आरक्षण होने पर भी सीट नहीं मिलती। इसके अलावा कई टिकट कंडक्टर भाइयों ने शिकायत की कि ए.सी. सेकंड और थर्ड क्लास में उन लोगों के लिए पहले सोने के लिए जगह थी, लेकिन अब उस बर्थ को हटा लिया गया है।

**श्री लालू प्रसाद :** उनका जागने का काम है, सोने का नहीं।

**श्री शैलेन्द्र कुमार** : ठीक है कि जागने का काम है, लेकिन आप ऐसी व्यवस्था तो कर सकते हैं कि दो ए.सी. कोच के बीच एक बर्थ उनके लिए प्रोवाइड करा दें, जिससे उन कोचेज़ में जो दो-तीन कंडक्टर रहते हैं, उन्हें थोड़ी सुविधा हो जाए। आपका रनिंग क्लेरिकल स्टाफ है। उसके साथ भेदभाव होता है। उनको ओवरटाइम काफी करना पड़ता है और छुट्टी बहुत कम मिलती है। ये लोग शनिवार और रविवार को भी काम पर आते हैं, जैसे हमारे संसद भवन में आप देखें, वे बेचारे शनिवार और रविवार को भी काम करते हैं। पहले उनके माता-पिता को यात्रा सुविधा मिलती थी, लेकिन वह भी समाप्त कर दी गई है।

कम से कम यात्रा सुविधा उनके माता-पिता को दी जाए और छुट्टियों में भी उनको यह सुविधा मिले। इन्हीं बातों के साथ मैं अपने क्षेत्र की कुछ समस्याएं आपके सामने रखना चाहता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, आपकी आज्ञा हो तो मैं बाकी का टेबल पर रख रहा हूं।

*माननीय महोदय जी, उ.प्र. में जनपद कौशाम्बी स्थत रेलवे स्टेशन भरवारी एवं सिराथू को ए व बी श्रेणी के मॉडल स्टेशन बनाया जाये। उक्त दोनों स्टेशनों पर कम्प्युटरयुक्त आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराया जाये। स्टेशन पर अप एवं डाउन ट्रेनों में मुख्य गाड़ियों का स्टापेज दिया जाये।

मनौरी-भरवारी व सिराथू रेलवे स्टेशनों के फाटकों पर रेलवे फ्लाई ओवरब्रिज बनाने की व्यवस्था की जाये। रेलवे स्टेशन सूबेदारगंज,बमहरौली, सेयदसरावां, मनोहरगंज आदि स्टेशनों की सुविधायें बिजली, पानी तथा स्टाफ के रहने आदि की व्यवस्था होनी चाहिये।

---

*……* This part of the speech was laid on the Table.

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में खागा स्टेशन को अपग्रेड श्रेणी या माडल स्टेशन बनाया जाये। तथा कम्पयूटर आरक्षण की व्यवस्था होनी चाहिये। खागा रेलवे स्टेशन फाटक पर फ्लाई ओवरब्रिज बनाने की व्यवस्था कराने का कट करें। इलाहाबाद सिटी साइड सूबेदारगंज तथा अन्य रेलवे कालोनियां जर्जर हैं। साफ सुथरा व मार्गों की सड़कें जर्जर हैं। शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के अलावा कालोनियों में पकाश की सुदृढ़ व्यवस्था होनी चाहिये।

रेलवे फ्लाई ओवरब्रिज रोही गांव के पास स्वीकृत है। राट्रीय सम विकास योजना से 12 करोड़ रुपया स्वीकृत हुआ है, इसकी तत्काल स्वीकृति दें। *

**श्री संतोा गंगवार (बरेली) :** महोदय, मैंने आपको बजट में अपने क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं की ओर पूर्व में कइ बार अवगत कराया है परन्तु अभी तक इन समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। मैं चाहूंगा संलग्न समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करवाये जाने हेतु निर्देश करें।

बरेली स्थित पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर रेल डिब्बे व क्रेन निर्माण आदि रेल संबंधी कार्यो का एक बहुत कारखाना आधुनिक मशीनों से सुसज्जित स्थित है वर्तमान में इसका उपयोग बड़ी रेलवे लाइन के चलने वाले रेल डिब्बों व उससे संबंधित रेल कार्यों के लिए सदुपयोग किया जा सकता है। बरेली में इन कारखाने के रेल डिब्बे की मरम्मत तथा रेल सुचारू मेंटीनेंस सुविधा कम व्यय में ज्यादा की जा सकती है। मेरा सुझाव है कि बरेली जंकशन से इस इज्जतनगर रेलवे वर्कशाप तक व इससे संबंधित रेलवे स्लीपर प्लांट तक जो दो किलोमीटर के अंतर पर स्थित है एक बडी रेल लाइन उक्त क्षेत्र में बिछाकर लगभग 10 करोड रूपये व्यय होकर उपयोग हो सकेगा तथा बेरोजगारी एक बहुत बडी समस्या हल होगी।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर के पास काफी जगह खाली पड़ी है। बरेली में एक बड़ा स्क्रेप यार्ड बनाने की आवश्यकता है।

निम्नलिखित स्थानों पर उपरगामी सेतु की आवश्यकता है।

1. राजटीय राजमार्ग 24 पर मीरगंज-मिलक ( रामपुर) के मध्य नगरिया सादात रेल स्टेशन के निकट।

2. राट्रीय राजमार्ग 24 पर फतेहगंज पश्चिमी बरेली, भिटौरा रेल स्टेशन के निकट।

3. कटघर ( श्मशान भूमि के रास्ते पर) ( पूर्वोत्तर रेलवे बरेली महानगर) ।

4. हार्टमैंन कॉलेज रेल क्रासिंग पर, पूर्वोत्तर रेल, बरेली महानगर।

5. इज्जतनगर स्टेशन के निकट केन्द्रीय कारागार के सामने, पूर्वोत्तर रेल, बरेली महानगर।

**नया रेलवे स्टेशनः-**

1. बरेली जंक्शन के पास चनेहटी जो बरेली कैंट में स्थित है। मेरा सुझाव है कि यात्री गाडियों को इस कैंट में कैंट स्टेशन बनाकर यात्रियों के अलावा बरेली कैंट एक सैन्य क्षेत्र है उनको भी इस स्टेशन का लाभ प्राप्त होगा तथा रेलवे जंकशन पर यात्री दबाव कम होगा।

---

* The speech was laid on the Table.

2. बरेली स्थित सी.बी. गंज स्टेशन को बडा माल गोदाम स्टेशन का रूप देकर वर्तमान में जो सिटी स्टेशन पर मालगोदाम स्थित है उस पर दवाब को कम किया जा सकता है।द्य

3. कनमन पर हाल्ट का निर्माण किया जाये तथा श्यामगंज पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन पर आधुनिकता प्रदान करते हुए लोडिंग अनलोडिंग की सुविधा बढ़ायी जाये।

1. नयी दिल्ली-मुरादाबाद मार्ग पर रेल दोहरीकरण का काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। इसमें तेजी लाकर समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाये। अभी मेरे संज्ञान में हापुड़ तक का दोहरीकरण हुआ है। काकरठेर अमरोहा और मुरादाबाद का दोहरीकरण कार्य प्रस्तावित है।

2. बरेली जंकशन से काठगोदाम जंकशन तथा बरेली से पीलीभीत तक रेलवे दोहरीकरण का काम बजट में प्रस्तावित कर धन आबंटन।

3. बरेली से श्यामगंज इज्जतनगर, भोजीपुरा जंक्शन के मध्य एक सरकुलर ट्रेन रेल बस चलायी जाये।

4. बरेल से लखनऊ तथा बरेली से मुरादाबाद तक रेल ट्रेक का विद्युतीकरण किया जाये।

5. बरेली से लखनऊ अप एंड डाउन एक नयी इंटरसिटी प्रारंभ किया जाये।

6. बरेल से दुर्ग तक सीधी गाडी न होने के कारण एक सीधी गाडी बरेली से चलायी जाये।

7. बरेली दिल्ली मार्ग पर नगरिया सादात मीरगंज पर इंटरसिंटी का ठहराव स्थायी किया जाये तथा इस स्टेशन से सभी दिशाओं के यात्री टिकट उपलब्ध कराये जायें।

8. कानपुर से दिल्ली चलने वाली कालिन्दी एक्सप्रेस का समय परिवर्तन यात्री सुविधा के लिए किया जाये।

9. ट्रेन संख्या 5014 डाउन व अप जो काठगोदाम व दिल्ली के मध्य वाया रामपुर चलती है इस ट्रेन से संबंध करने के लिए एक शटल ट्रेन, जिसमें चार डिब्बे ए.सी व थ्री टायर तथा अनारक्षित बरेली जंक्शन से चलाकर उक्त ट्रेन के समय छूटन व आगमन समय को देखते हुए चलायी जाये।

10. बरेली डाउन 178 जो पीलीभीत से बरेली ती है महीने के तीसों दिन बरेली दो घंटा अपने पहुच के समय से देर से पहुंचती है जिस कारण लिंक ट्रेन के यात्रियों को बरेली जंकशन पर कठिनाइ होती है। सेथल पर उक्त ट्रेन व नैनीताल एक्सप्रेस के क्रासिंग के कारण मेरे संज्ञान में यह ट्रेन को देर होती है समय परिवर्तन समय सारिणी में कर यात्री सुविधा प्राप्त करायी जा सकती है।

11. बरेली से आगरा फोर्ड अथवा आगरा के लिए कोइ सीधी ट्रेन छोटी लाइन पर नहीं है। 15 दिसम्बर, 2004 से आगरा काठगोदाम के मध्य आगरा फोर्ड एक्सप्रेस ट्रेन बंद कर दी गयी है। मेरा सुझाव है कि बरेली जंकशन से आगरा के लिए एक सीधी ट्रेन एक्सप्रेस चलायी जाये।

12. बरेली दादर एक्सप्रेस सीधी प्रतिदिन चलायी जाये।

13. बरेली से गांधी धाम प्रतिदिन चलायी जाये ति ऑवला चन्दौसी मार्ग को इसमें सम्मिलित किया जाये।

14. गाडी न0 378 इलाहाबाद पैसेंजर का समय बरेली जंक्शन से प्रात 8 बजे किया जाये।

15. बरेली से अलीगढ 4 एबी का समय 9.40 के स्थान पर प्रातः 8 बजे रखा जाये तथा अलीगढ़ से छूटने का समय परिवर्तन का अपरान्ह् 4 बजे रखा जाये।

16. बरेली अलीगढ़ 4 बी अप एंड डाउन डीजल इंजन लगने के बाद इस दूरी को कम समय में भी तय किया जा सकता है तथा इसके प्रस्थान समय से गंतव्य स्थान तक पहुंचने के समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

17. गाडी नं0 2462 मण्डोर एक्सप्रेस जोधपुर-दिल्ली रूट पर चल रही है और यह ट्रेन सुबह 6.30 बजे दिल्ली पहुंचकर 14 घंटे बाद पुनः जोधपुर के लिए रवाना होती है। यदि यह गाडी बरेली तक के लिए बढा दी जाये जो दिल्ली-बरेली होते हुए राजस्थान के लिए

लोगों को सुविधा होगी।

18. बरेली जंक्शन पर विहार शक्तिनगर गाडी नं0 4369, 14 घंटा पर पहुंचती है तथा 22 घंटा बरेली में ठहरकर अगले दिन 4370 शक्तिनगर 12 घंटा पर विहार शक्तिनगर को प्रस्थान करती है। इस गाडी का ठहराव बरेली में 22 घंटा है। मेरा सुझाव है कि उक्त गाडी को वाया बरेली जंक्शन से आगे आगरा तक हो जाया जाये तथा आगरा से वाया बरेली जंकशन शक्तिनगर विहार के लिए चलायी जाये1 इसका मेंटीनेंस आगरा में किया जाये।

19. बरेली व कानपुर के मध्य सीधी ट्रेन चलायी जाये। बरेली से दक्षिण राज्यों को केरल, बंगलौर व चेन्नइ के लिए सीधी ट्रेन चलायी जाये।

20. दिल्ली से गाजियाबाद तक मेट्रो रेल चलायी जाये जिसे बाद में बढाकर दैनिक यात्रियों को आवश्यकता को देखते हुए बरेली जंक्शन मेट्रो रेल के प्रस्ताव को इसी बजट में ,भविय मेट्रो योजना, स्वीकार किया जाये।

**<u>सुविधाएं व सुधार</u>**

1. बहेडी रेलवे स्टेशन, भोजीपुरा जंक्शन पर रेल यात्री सुविधायें बढाने तथा क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण किया जाये।

2. बहेडी रेलवे के गोटिया सिंह रेलवे क्रासिंग पर आधुनिक फाटक बनाया जाये।

3. पूर्वोत्तर रेलवे के ग्राम कनमन के पास मानव रहित रेल पथ ग्रामवासियों के लिए बनाया जाये।

4. बरेली जंक्शन, बरेली सिटी, इज्जतनगर तथा इनसे जुडे सभी ग्रामीण क्षेत्रों के रेलवे स्टेशन पार्किंग पर सोलर लाइट से प्रकाश व्य वस्था की जाये।

5. बरेली जंक्शन व इज्जतनगर रेलवे स्टेशन पर संबंधित यात्रियों की सुविधा के लिए शहर में श्यामगंज, कुतुबखाना व इज्जतनगर में आउटडोर रेलवे बुकिंग विंडों की स्थापना की जाये तथा बरेली जंक्शन तथा इज्जतनगर के रेलवे स्टेशन पर दोनों ओर टिकट ि वतरण की सुविधा हो।

6. उक्त रेलवे स्टेशनों पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, वरिठ नागरिक, महिलाएं व विक्लांगों के लिए एक अलग से टिकट विंडो खोली जाये।

7. बरेली जंक्शन व इज्जतनगर वेटिंग हाल, खानपान, पंखा, पेयजल व मैकेनाइज् सफाइ व्यवस्था प्रदान करायें।

8. दैनिक यात्रियों के लिए गाडियों में अनारक्षित डिबबों की व्यवस्था प्रत्येक गाडी में बढायी जाये।

**<u>कुलियों से संबंधित</u>**

1. यात्रियों की संख्या को देखते हुए स्टेशन पर कुलियों की संख्या में वृद्धि की जाये तथा मृतक आश्रित कुलियों को नये टोकन प्रदान कराये जायें तथा समय सीमा इस प्रकार के आवेदन पत्रों की निस्तारण की निश्चितता की जाये

2. कुलियों के स्वास्थ्य निवास तथा इनके परिवारों को रेल सुविधा अन्य रेल कर्मचारियों की भांति की जाये तथा वृद्ध कुलियों के लिए रेलवे पेंशन प्रदान करायी जाये तथा इन कुलियों के लिए हैल्थ कलेम तथा ग्रुप इंश्योरेंस रेलवे अपनी आय से कराया जाये।

3. कुलियों के आरामगृह तथा टी स्टाल को मनोरंजन सुविधा के आधुनिक साधनों से सुसज्जित किया जाये तथा स्टेशन परिसर में ही एक कामन हाल का निर्माण किया जाये जिसका आरामगृह में प्रयोग किया जाये तथा इसमें एक रसोइघर बनाया जाये ताकि कुली अपना भोजन इत्यादि बना सकें क्योंकि कुछ कुली अपने परिवार से बहुत दूर रहते हैं।

4. कुलियों की यात्रा हेतु पारिवारिक रेल पास की सुविधा प्रदान करायी जाये।

**मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूड़ी (गढ़वाल) :** महोदय, 2006-2007 रेलवे बजट पर माननीय रेल मंत्री जी ने दिनांक 24/2/2006 को जो बजट पेश किया, उसके लिए उत्तरांचल में बहुत निराशा हुई। उत्तरांचल एक पहाड़ी प्रदेश है लेकिन उसके बावजूद भी देहरादून, हरिद्वार घाटी, कोटद्वार, काठगोदाम, उद्यम सिंह नगर, टनकपुर, राम नगर इत्यादि क्षेत्रों में भी इस बजट में कोई भी महत्वपूर्ण काम नहीं किया गया है। इस र्वा के बजट में केवल निम्नलिखित तीन कामों का उल्लेख हैः-

क. देहरादून-काठगोदाम देहरादून ट्रेन को दो दिन के स्थान पर तीन दिन प्रति सप्ताह चलायी जायेगी।

ख. हावड़ा-देहरादून उपासना ट्रेन एक दिन से दो दिन प्रति सप्ताह चलायी जायेगी।

ग. टनकपुर से बागेश्वर तक रेलवे लाइन बनाने का सर्वेक्षण।

2. हमारे लिए इस साल का बजट बहुत निराशाजनक रहा है। जहां तक टनकपुर से बागेश्वर सर्वे करने की योजना है, यह भी मात्र एक गुमराह करने वाला प्रयास लगता है। इस प्रकार की योजना केन्द्रीय मंत्रालय ने आठ साल पहले उत्तरांचल में ऋाकिेश से कर्णप्र ायाग तक सर्वेक्षण की घोाणा की थी। कुछ पैसा भी खर्च किया गया था जो मात्र प्रचार प्रसार पर हुआ। लेकिन चुनाव समाप्त होने पर आज तक कुछ नहीं किया गया। मुझे आशा है कि इस प्रकार के गुमराह करने वाली यह योजना नहीं होगी और इस पर तुरंत स र्वे का काम शुरू किया जायेगा।

3. उत्तरांचल में एन.डी.ए सरकार के समय में बहुत बड़ी मात्रा में रेल सुविधायें दी गयी बहुत सी नयी ट्रेनें चलायी गयीं। उदाहरण के तौर पर देहरादून जन शताब्दी, ( देहरादून-दिल्ली-देहरादून), गढ़वाल एक्सप्रेस ( दिल्ली-कोटद्वार-दिल्ली) , उत्तरांचल एक्सप्रेस ( देहरादून-ओखा), राप्ती एक्सप्रेस ( देहरादून-गोरखपुर), देहरादून काठगोदाम-देहरादून, चिन्नई एक्सप्रेस ( देहरादून चिन्नइ), इन्दौर एक्सप्रेस ( देहरादून-इन्दौर), उपासना एक्सप्रेस ( देहरादून-हावड़ा), वाराणसी एक्सप्रेस गाडियों के साथ स्लीपर कोच के रूप में दो स वारी डिब्बों की शुरूआत। पंजाब की ओर जाने वाली कइ रेल गाडियों को नजीबाबाद स्टेशन पर भी रूकवाने का कार्य। जनपद मुख्यालयों में कम्प्यूटर रेल आरक्षण सुविधा।

4. लेकिन आज तक इस बजट में एक भी नयी ट्रेन की सुविधा नहीं दी गयी है।

---

* The speech was laid on the Table.

5. मैं समय समय पर उत्तरांचल के लिए रेल मंत्री/रेल मंत्रालय से अनेक प्रकार की सुविधाओं के लिये लिखता रहता हूं और लोक सभा में भी उठाता रहता हूं। मुझे दुख है कि इनमें से कोइ भी काम इस बजट में नहीं किया गया है। मैं इनमें से कुछ वियों को दुबारा से माननीय मंत्री जी के सामने रख रहा हूं।

**<u>नयी ट्रेन-</u>**

6. क. दिल्ली से राम नगर के बीच सीधी रेल सेवा। इसकी लम्बे समय से मांग है। ख. चण्डीगढ़ से मुरादाबाद-रामनगर व हल्द्वानी-काठगोदाम के लिए सीधी रेल सेवा। ग. देहरादून-नजीबाबाद-रामनगर-काठगोदाम के बीच एक रेल यात्री गाड़ी चलाना।, घ. मुम्बई-देहरादून-मुम्बइ के बीच सीधी सुपरफास्ट गाडी की व्यवस्था। वर्तमान में देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन नं0 9020 बहुत ज्यादा समय लेती है। ड. देहरादून-त्रिवन्तपुरम को ट्रेन या स्वर्णजयन्ती एक्सप्रेस को देहरादून तक बढ़ाना।

–

**<u>ट्रेनों के मार्गो को बढ़ाना</u>**

7. ट्रेनों के मार्गों को बढ़ाना- गढ़वाल के बहुतायत संख्या में लोग सेना में है तथा श्रीनगर ( काश्मीर) में कार्यरत हैं, उन्हें आने जाने में काफी असुविधा होती है। अतः एक बोगी जम्मू ( कश्मीर)तक के लिए कोटद्वार से चलाया जाए तथा स्यालदा एक्सप्रेस में जोड़ा जाए। नंगल से सहारनपुर तक यात्रा गाडी को ऋाकिेश तक चलाना। जम्मू तवी रेल हरिद्वार तक बढाना। किच्चा खटिमा-मथुरा-बरेली को बरेली से लाल कुआं तक बढाया जाये।

8. डी.एम.यू.- निम्नलिखित डी एमय यू जैसे सवारी गाडियां शुरू की जायें- सहारनपुर-हरिद्वार, हरिद्वार ऋाकिेश, हरिद्वार-देहरादून, रूड़की-हरिद्वार, नजीबाबाद-कोटद्वार, नजीबाबाद-लक्सर, लक्सर-हरिद्वार, कोटद्वार लक्सर-सहारनपुर, गजरौला-नजीबाबाद, सहारनपुर-नजीबाबाद-कोटद्वार।

9. ठहरावः- उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल नजीबाबाद रेलवे जंक्शन पर सभी मेल/एक्सप्रेस गाडियों को रोका जाये।

10. विद्यतीकरणः- दिल्ली और देहरादून के बीच बहुत बडी मात्रा में रेलवे से लोग आते जाते हैं। अतः मैं लंबे समय से यह आग्रह करता आ रहा हूं कि लक्सर से देहरादून रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया जाये।

11. कोटा आरक्षण/बुकिंग आरक्षण कार्यालय/ एजैंसी खुलवाना - कोटद्वार में बुकिंग आरक्षण कार्यालय प्रातः 8.00 बजे से 20.00 बजे तक खुला रखा जाये।, गढवाल एक्सप्रेस के काउंटर पर ही आरक्षण की व्यवस्था की जाये। वर्तमान में साधारण टिकट ही वितरण किया जा रहा है। जबकि गाडी में आरक्षण करने पर अनियमितता प्रकाश में आ रही है, अथवा गढवाल एक्सप्रेस में वातानुकूलित श्रेणी के अतिरिक्त किराया साधारण श्रेणी का भी रखा जाये। कोटद्वार से लखनऊ तथा देश के अन्य मुख्य शहरों के लिए आरक्षित सीटों का कोटा बढाया जाये।

12. आधुनिकीकरण/मॉडल स्टेशनः- कोटद्वार मॉडल स्टेशन का कार्य शीघ्र पूर्ण हो, इसकी बहुत पहले रेल मंत्री जी ने कोटद्वार में घो-णा की थी।

13. ऊपरगामी सेतु पुल/रेक प्वाइंटः- कोटद्वार रेलवे स्टेशन के पूर्व दिशा में पैदल ऊपरगामी सेतु बनवाना। रायवाला, लाच्छीपुर, श्यामपुर एवं मोतीचूर में पैदल ऊपरगामी सेतु। कोटद्वार में काफी संख्या में स्टील फैक्ट्रियां हैं, वह रेक प्वाइंट बनाना चाहते हैं ताकि रेलवे का भी व्यापार बढ़े। इसकी स्वीकृति दी जाये।

14. स्टेशनों का रख-रखाव/सुधारीकरणः- हरिद्वार-देहरादून के लिये रेलवे ट्रैक का सुधारीकरण किया जाये। कोटद्वार-नजीबाबाद, देहरादून, हरिद्वार रेलवे स्टेशनों के रखरखाव की व्यवस्था ठीक करना।

15. पी.सी.ओ/पार्किंग व्यवस्था - कोटद्वार स्टेशन पर पी.सी.ओ. तथा पार्किंग की सुविधा उपलब्ध करायी जाये।

16. नयी ट्रेनों का सर्वे- क. ऋाकिेश तथा कर्णप्रयाग रेलवे लाइन का सर्वे करवाना। ख. बरेली से टनकपुर लाइन ब्राड गेज में परि वर्तित करना। ग. मुज्जफ्फरनगर से रूड़की के मध्य एक नयी रेल लाइन का निर्माण। घ. सहारनपुर-देहरादून रेल लाइन का निर्माण। ड. बरेली से काठगोदाम एवं बरेली, (भोजीपुरा) पीलीभीत एवं टनकपुर रेल लाइन का विस्तारीकरण करते हुए खटीमा से आगे प्रसिद्ध तीर्थस्थली पूर्णगिरी तक।

**श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील (बीड) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं आभारी हूं कि आपने मुझे रेल बजट पर बोलने की अनुमति दी, उपाध्यक्ष जी, बहुत से माननीय सदस्यों ने अभी रेल बजट पर अपने-अपने विचार रखे हैं। एक बहुत ही अच्छा बजट जिसमें यात्री और माल किराया नहीं बढ़ा है और इसमें बहुत सारी सुविधाएं प्रदान की गयी हैं। इस बजट का मैं स्वागत करता हूं और स्वागत करते-करते थोड़ा खेद भी प्र ाकट करता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय :** फिर तो अपोजिट बात हो गयी।

**श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील :** उपाध्यक्ष महोदय, इस बजट में मेरे चुनाव क्षेत्र बीड पर घोर अन्याय किया गया है। अहमदनगर-बीड-परली वैद्यनाथ यह नई रेल लाइन योजना मेरे चुनाव क्षेत्र से जा रही है। यह 250 किलोमीटर लम्बी और 354 करोड़ रुपये की लागत वाली इस नई रेल लाइन का दाम दुगुना हो गया है। र्वा 1998 से मैं इसकी मांग करता आ रहा हूं कि इसके लिए प्रावधान बढ़ाया जाए जिससे यह जल्दी से जल्दी पूरी हो सके। लेकिन ऐसा नहीं लगता है कि मंत्री बदलने से काम होता है, क्योंकि मैंने इससे पहले वाले मंत्री जी से और माननीय लालू जी से भी मांग की लेकिन किसी के कान पर जूं भी नहीं रेंगी। प्रावधान ऐसा किया गया है जैसे ऊंट के मुंह में जीरा हो। इस रेल लाइन के लिए र्वा 1996 से आज तक जो प्रावधान किया गया है उसमें एक करोड़ रुपया, फिर एक करोड़ रुपया, फिर दो करोड़ रुपया, फिर तीन करोड़ रुपया, फिर तीन करोड़ रुपया, फिर तीन करोड़ रुपया, फिर पन्द्रह करोड़ रुपया, फिर 15.37 करोड़ रुपया और फिर बीस करोड़ रुपया दिया गया। उपाध्यक्ष महोदय, लेकिन जब से माननीय लालू जी आये हैं तब से यह मामला और पीछे चला गया और उल्टी रेल चल रही है और यह राशि 20 करोड़ से 10.38 करोड़ रुपये पर आ गयी है और इस र्वा 2006-2007 में भी के वल दस करोड़ रुपया ही दिया गया है। हर र्वा प्रावधान बढ़ने के बजाए घटता जा रहा है। इसी ढंग से अगर इस पर प्रावधान होगा तो यह नई रेल लाईन कभी भी पूरी नहीं होगी। मेरा जिला स्वतंत्रता सेनानियों, मजदूरों, गरीबों का जिला है । पत्रकारों और सभी पक्ष के संगठनों और सभी की यह भावना है कि इस रेल को पूरा किया जाए, इसके लिए ज्यादा प्रावधान किया जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

**श्री लालू प्रसाद :** कब सैंक्शन हुआ था?

**श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील :** फरवरी 1997 में इसका क्लीयरेंस मिला है।

**श्री लालू प्रसाद :** उस समय माननीय राम नाईक जी थे।

**श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील :** उपाध्यक्ष महोदय, मुर्दा इस घाट जाए या उस घाट जाए, बंदे को कफन से काम है। हमें तो हमारी रेल चाहिए लेकिन इस पर टीका-टिप्पणी चल रही है। उपाध्यक्ष महोदय, इस पर कुछ भी काम नहीं हो रहा है और यहां तो गांव गरीब की बात हो रही है। लेकिन हमारे क्षेत्र के लिए और हमारे क्षेत्र में माननीय मंत्री जी की गांव-गरीब के कल्याण की भावना हमें कही दूरबीन लगाकर भी दिखाई नहीं दे रही है। केवल 15 किलोमीटर का थोड़ा सा अर्थ वर्क का काम अहमदनगर की ओर हो रहा है लेकिन हर पत्र में हमें उसी का जिक्र जवाब में मिलता है। लेकिन आगे कुछ और काम नहीं हो रहा है। क्या इस तरह से काम चलेगा, क्या गरीब आदमी मेरे क्षेत्र में नहीं रहते हैं, बाकी सारी जगह गरीब आदमी छा गये हैं। विशेाकर बिहार में ज्यादा छा गए हैं। ...(व्यवधान) मैं भााण आप ही के लिए कर रहा हूं। उपाध्यक्ष महोदय, इस लाईन पर 23 स्टेशन और छोटे मोटे 113 पुल जिसकी जमीन महाराट्र सरकार ने रेल विभाग को

दी है। 14 करोड़ रूपए का भूसपादन का कार्य हो गया है, उसके पैसे का भी भुगतान नहीं किया गया। जो थोड़ा-बहुत प्रोवीजन करते हैं, उसको भी खर्च नहीं करते हैं। क्या इस रेल को पूरी करने की रेल मंत्रालय की मंशा है या केवल बनाया जा रहा है, नहीं तो आप डिक्लियर कर दें कि हम यह रेल नहीं करने वाले हैं। हमारी भावनाओं से यहां खिलवाड़ किया जा रहा है। अपने भााण में माननीय मंत्री जी ने कहा कि बिहार के लाखों बच्चे पूना में पढ़ते हैं, यह सही है। महाराट्र के दिल में बिहार ही क्या पूरे देश के लिए जगह है, लेकिन मेरा सवाल यह है कि क्या महाराट्र के लिए बिहार के दिल में क्या कुछ जगह है? बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है, इस रेल बजट को देखने के बाद मुझे नहीं लगता कि ऐसा कुछ है। काश, महाराट्र बिहार में होता या माननीय रेल मंत्री जी महाराट्र से होते। मुझे लगता है कि मैं जो बोल रहा हूं, उसे वे बड़ी गंभीरता से सुन और समझ रहे हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री से मांग करता हूं कि वर्ा 2006-07 के रेल बजट में जो 10 करोड़ रूपए का नाममात्र का प्रावधान किया गया है, कृपया इस गरीब तबके लिए, इन मजदूरों के जिले के लिए, स्वतंत्रता सेनानियों के जिले के लिए, उसे बिहार का ही एक हिस्सा समझकर बढ़ाकर 100 करोड़ रूपए किया जाए।

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** उपाध्यक्ष महोदय, रेल बजट 2006-07 की चर्चा में आपने मुझे भाग लेने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। देश को आपस में जोड़कर रखने के लिए रेलवे की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। इतने बड़े देश में रेलवे का नेट वर्क निश्चित तौर पर बहुत बड़ा है और लगातार इसमें सुधार की संभावनाएं देखी जा रही हैं। अभी तक हर रोज 1.4 करोड़ लोग रोज रेल वे से यात्रा कर रहे हैं और लगातार हर बजट में नयी गाड़ियां चलाने का ऐलान होता है, कुछ गाड़ियों के फेरे बढ़ाने का ऐलान होता है, साथ ही आमान परिवर्तन का भी ऐलान होता है, लेकिन मेरा मानना है कि जिस समान गति से रेलवे का विकास होना चाहिए, उसका ख्याल नहीं रखा जाता ै। मध्य प्रदेश एक ऐसा राज्य है, जहां से रेलवे की पूरब से चलने वाली गाड़ियां जब पश्चिम में जाती हैं, तो मध्य प्र ादेश से होकर जाती हैं और जो उत्तर से दक्षिण की ओर गाड़ियां जाती हैं, वे भी मध्य प्रदेश से होकर जाती हैं, लेकिन पिछले तीनों रेल बजटों में मध्य प्रदेश का कहीं कोई नाम नहीं है। हम लोग लगातार इस बात की चिंता कर रहे हैं कि माननीय रेल मंत्री जी देश के रेल मंत्री हैं और उनकी चिंता हर राज्य में रेलवे के विकास में बराबरहोगी लेकिन ऐसा नही हुआ। क्या हमारे राज्य से रेलवे को कम आमदनी हो रही है? मैं जिस क्षेत्र से स्वयं आता हूं, सर्वाधिक सीमेंट की लोडिंग हमारे क्षेत्र से ही होती है, लेकिन तीनों बजटों में एक भी गाड़ी आज तक हमें नहीं मिली, एक भी ओवर ब्रिज नहीं मिला, एक भी रेलवे स्टेशन की हालत नहीं सुधरी। मैं कहना चाहता हूं कि रेलवे का ि वकास यदि इसी रफ्तार से होगा, तो निश्चित तौर पर प्रश्न चिन्ह लगेंगे। यूपीए सरकार के रेल बजट को देखकर मुझे लगता है कि यह कुछ राज्यों में ही सीमित हो गया है। मुझे बिहार से कोई आपत्ति नहीं है, मुझे तमिलनाडु से कोई आपत्ति नहीं है। बहुत अच्छी बात है, वहां और भी मिले लेकिन और भी राज्य हैं जैसे पूर्वोत्तर के राज्य हैं जहां रेलवे का विकास वाकई में होना चाहिए। जो मध्य के राज्य हैं जहां रेलवे का विकास करने से हमारी आमदनी और बढ़ेगी। उन पर विशेा ध्यान देने का काम करना चाहिए। जो नहीं हुआ। रेल मंत्री कहते हैं कि हम दुनिया की सबसे आधुनिक रेल बनाने का काम देश की रेल को करेंगे। मैं उनके इस निर्णय का स्वागत करता हूं लेकिन ढांचागत सुधार बहुत जरूरी है। देश की रेल बहुत पुरानी है। उसमें ढांचागत सुधार जिस रफ्तार से होना चाहिए, नहीं हो रहा है। कहीं न कहीं मुझे लगता है कि यह सपना अधूरा न रह जाए। 50 हजार से अधिक रेलवे पुल 19 वीं शताब्दी के हैं। 12 हजार किलोमीटर की रेल लाइन इतनी पुरानी हो चुकी है कि उसे तत्काल बदलना चाहिए। 35 हजार कोच डिब्बे तत्काल बदलने चाहिए। वे रिटायरमैंट की स्थिति में हैं।

अभी हमारे मित्र राम कृपाल जी भााण कर रहे थे कि उनके राज्य बिहार की ट्रेनों में बहुत पुराने डिब्बे भेजे गए हैं। पता नहीं ऐसा क्यों हो रहा है? अकेले उनके क्षेत्र में नहीं, हर जगह यह स्थिति है। उन डिब्बों की हालत यह है कि जब गाड़ी चलती हैं तो वे डिब्बे हिलते हैं। कब कौन सी बड़ी दुर्घटना हो जाए, कोई ठिकाना नहीं। ढांचागत सुधार की तरफ बजट में ध्यान जाना चाहिए था। 26 परसैंट रेल लाइनें ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने के लिए शेा बची हैं जिनको द्रुत गति से करना चाहिए। इसी प्रकार 28 प्रतिशत रेल लाइनों का अभी तक मात्र विद्युतीकरण हो पाया है। ढांचागत सुधार का इतना काम हमारे पास शेा बचा है। उसकी तरफ बजट में बहुत कम ध्यान दिया गया है। मेरा क्षेत्र बहुत बड़ा है - अभी तक कटनी से लेकर इलाहाबाद के बीच न रेल लाइन का दोहरीकरण हुआ और न ही विद्युतीकरण हुआ। मानिकपुर से झासी का इतना बड़ा ट्रैक है कि आज तक रेल लाइन का दोहरीकरण और विद्युतीकरण नहीं हो पाया है। सतना से

रीवा तक का दोहरीकरण और विद्युतीकरण नहीं हुआ है। मैंने तीनों बजटों में लगातार मांग की फिर भी एक किलोमीटर का विद्युतीकरण और दोहरीकरण का बजट एलॉट नहीं हुआ है। ऐसा क्यों हो रहा है? रेल दुर्घटनाएं लगातार हो रही हैं। सब को पता है कि क्यों हो रही हैं? रेल यात्री कहीं सुरक्षित नहीं हैं। हमारे मंत्री जी भले ही कहें कि हम सब को मुस्कान यात्रा देंगे। उनका बहुत अच्छा सपना है। हम भी चाहते हैं कि हमारे रेल की यात्रा मुस्कान से भरी हो, सुरक्षित हो और हम अपने गन्तव्य स्थान तक ठीक से पहुंच सकें लेकिन उसके लिए जो संसाधन जुटाने चाहिए, जो सुविधाएं देने का काम करना चाहिए, उस तरफ रेल बजट में ध्यान नहीं दिया गया है।

रेल पटरियां पुरानी हैं और डेढ़ सौ किलोमीटर रफ्तार से चलने वाली गाडियों के लिए पुरानी रेल की पटरियां हैं। आपने डेढ़ सौ किलोमीटर की रफ्तार से गाड़ियां चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ठीक है, दिल्ली और आगरा के बीच चला दीं लेकिन कहीं दूसरी जगह सोचेंगे कि डेढ़ सौ किलोमीटर की रफ्तार से उन पुरानी पटरियों पर रेल चलायी जाए तो, मुझे लगता है कि दुर्घटना के अलावा दूसरा काम नहीं हो सकता। मेरे क्षेत्र में दुर्घटनाएं बहुत अधिक हो रही हैं। मैंने पिछली बार भी कहा था कि खुटहा एक रेलवे स्टेशन हैं। डीएमयू में यात्री चढ़ रहे थे। अचानक एक मालगाड़ी 3-4 यात्रियों को रोंदते हुए चली गईं। 10 किलोमीटर के बाद 14-15 साल की एक लड़की की लाश मिली। ऐसा भयंकर एक्सीडैंट होने के बाद रेलवे पांच पैसे की मदद नहीं कर सका। रेलवे कहती है कि वे अपनी लापरवाही से ट्रेन के नीचे आ गए। क्या ऐसा कभी हो सकता है? डीएमयू की गाड़ी में लोग दोनों तरफ से चढ़ते और उतरते हैं। छोटा सा स्टेशन है। वहां न तो प्लेटफार्म है। ऐसी स्थिति में भी विभाग ने इसे गम्भीरता से नहीं लिया । मंत्री जी की चिन्ता हमेशा गरीबों के बारे में रहती है जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने पिछली बार गरीबों का बहुत ख्याल रखा। उन्होंने कहा कि सभी ट्रेनों में कुल्हड़ चलाए जाएंगे और सभी गाड़ियों की खिड़कियों में खादी के पर्दे लगेंगे। मुझे नहीं लगता कि वे कहीं लगे हैं। संसद की रेलवे कैंटीन और रेल भवन में कुल्हड़ जरूर दिखायी दे रहे हैं। मेरी तरफ के जो स्टेशन हैं, वहां एक भी जगह कुल्हड़ का पता नहीं है। मैंने एक कुम्हार भाई से पूछा कि क्या आपकी बिक्री बढ़ गई हैं? उसने कहा कि मैंने भी सपना जरूर देखा था लेकिन आज तक किसी आदमी ने मेरे पास आकर यह नहीं कहा कि कुल्हड़ की जरूरत है, ऑर्डर से इन्हें बनाने का काम करो। खादी का भी यही हाल है। हम उसी तरह से गाड़ियां और डिब्बे देख रहे हैं। एक तरफ हमारे मंत्री जी कह रहे हैं कि रेल की सब सुविधाएं निजी क्षेत्र को दे रहे हैं तब खादी और कुल्हड़ की योजना अपने आप समाप्त हो जाएगी। क्योंकि जब दूसरा आदमी ठेकेदारी के रूप में लेगा तो अपने लाभ को देखते हुए सस्ती चीजों का उपयोग करेगा...(व्यवधान) उ पाध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूं...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद :** क्या पेस्ट की जगह नीम का दातुन देंगे।...(व्यवधान)

**श्री गणेश सिंह :** माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस बजट को पूरी तरह असंतुलित बजट मानता हूं। इतना ही नहीं यह बजट पूरी तरह असंतोा से भी भरा हुआ है। मैंने पहली बार देखा है कि रेल बजट के समय तमाम सत्ता पक्ष और सहयोगी दल के जो लोग हैं, उन्होंने भी बहुत गुस्सा जाहिर किया। हम लोग तो प्रतिपक्ष के हैं इसलिए हमें गुस्सा जाहिर करना ही चाहिए लेकिन सहयोगी दल के लोगों ने जिस तरह से खड़े होकर असंतोा व्यक्त किया है इससे मैं मानता हूं कि यह बजट पूरी तरह असंतोा से भरा हुआ है।

मैंने मध्य प्रदेश के बारे में पहले भी कहा था और बहुत जल्दी अपनी बात को खत्म कर रहा हूं। वहां 21 नवंबर, 2005 को रेल रोको आंदोलन किया गया था। पहली बार मेरे लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सभी स्टेशनों पर एक साथ रेल रोको आंदोलन हुआ था जिसमें 10 हजार लोगों ने भाग लिया था। यह आंदोलन इसलिए किया गया था क्योंकि इन क्षेत्रों के स्टेशनों की स्थिति अच्छी नहीं है, न तो वहां पीने के पानी का इंतजाम है और न ही वहां यात्रियों के बैठने का ठीक इंतजाम है, वहां पूरी तरह से शेड नहीं हैं। वहां पुराने जमाने के अंग्रेजों के जमाने के रेलवे स्टेशन बने हुए हैं, जिन पर आज तक दो रुपए भी खर्च नहीं हुए हैं।

**श्री लालू प्रसाद :** आप स्टेशनों के नाम बताइए।

**श्री गणेश सिंह :** उनके नाम हैं-मझगवा ं, खुटहा, सतना, जैतवारा, लगरगवां, उचेहरा, मैहर, भदनपुर, अमदरा, झुकेही, खन्ना बंजारी। ये कुछ ऐसे स्टेशन हैं जहां पर सचमुच आज भी यात्रियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। वहां पर रोशनी की व्यवस्था नहीं हो पाई है। मैं चाहता हूं कि ऐसे स्टेशनों में सुविधाओं का विस्तार किया जाए।

इसके साथ ही कटनी से नैनी, सतना से रीवा, मानिकपुर से झांसी के विद्युतीकरण के कार्य को तत्काल कराया जाए। मानिकपुर से झांसी और मानिकपुर से नैनी का दोहरीकरण बहुत लंबे समय से पेंडिंग पड़ा हुआ है, न जाने किन कारणों से वह काम पूरा

नहीं हो पा रहा है जबकि वहां के टेंडर हो चुके हैं। मैं मांग करता हूं और मैंने माननीय मंत्री जी से व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी निवेदन किया था कि चित्रकूट में लाखों आदमी आते जाते हैं क्योंकि भगवान श्री रामचन्द्र जी की यह बहुत पावन धरती रही है और वहां लोग धार्मिक आस्था लेकर जाते हैं, इसी के साथ मैहर क्षेत्र लगा हुआ है जहां मां शारदा की पवित्र पीठ है। मैंने मांग की थी कि एक डी.एम.यू. गाड़ी मैहर से चित्रकूट धाम कर्वी तक चलाकर दोनों पवित्र स्थलों को जोड़ दिया जाए जिससे यात्रियों के आने जाने के लिए सुविधाएं बढ़ जाएंगी। राजकोट एक ट्रेन है जो कटनी में छः या सात घंटे खड़ी रहती है। पूर्व के मंत्री जी ने सतना में घोाणा की थी और कहा था कि इसे चालू कर देंगे लेकिन आज तक राजकोट एक्सप्रैस सतना नहीं पहुंची है। अब कहा जा रहा है कि वाशिंग पिट नहीं है जबकि सतना का इतना रेवेन्यू देता है और वहां क्या पांच करोड़ की लागत से वाशिंग पिट नहीं बनाया जा सकता लेकिन, वह आज तक नहीं बन पाया है। इस तरह से हमारी राजकोट एक्सप्रैस की मांग यथावत उसी तरह से पड़ी हुई है, मेरी विनती है कि उसे चलाने की कृपा करें।

सतना से बम्बई के लिए एक नई ट्रेन की मांग की गई थी। जबलपुर में जोन के जी.एम. के साथ हम लोगों की बैठक थी उसमें कहा गया था कि इस बजट में निश्चित तौर पर बम्बई के लिए एक ट्रेन देंगे, लेकिन वह भी नहीं हो पाया है। रीवा से नई दिल्ली के लिए जो गाड़ी चलती है उसके समय परिवर्तन के लिए मैंने माननीय मंत्री जी से व्यक्तिगत निवेदन किया था, वह गाड़ी रात में चलती है और जहां खड़ी होती है वह बदमाशों का क्षेत्र है। वहां किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है, मैं नहीं चाहता कि इससे रेलवे की बदनामी हो। हम चाहते हैं कि उसके टाइमटेबल में समय परिवर्तित कर दिया जाए, अगर वह ट्रेन सुबह दस बजे तक दिल्ली आ जाएगी तो यात्रियों की सुरक्षित यात्रा होगी और यह ट्रेन हमारे क्षेत्र के लिए सबसे उपयोगी सिद्ध होगी। साथ ही राजस्व में भी बढ़ोत्तरी हो जाएगी ।

हम लोग मैहर में बहुत लंबे समय से आर.ओ.बी. की मांग कर रहे थे। मैं निवेदन करना चाहता हूं रेलवे की क्रासिंग नेशनल हाईवे नंबर 7 से होती है बम्बई से उत्तर भारत और बिहार की तरफ जाने वाली सभी गाड़ियां वहां से जाती हैं, वहां का फाटक हर आधे घंटे में बंद हो जाता है। मैहर क्षेत्र के लोग इससे लगातार परेशान है इसलिए एक आर.ओ.बी. बनाने की मांग हम कर रहे हैं। लेकिन माननीय मंत्री जी ने अपने बजट में बहुत बढ़िया घोाणा की कि यदि राज्य सरकारें अपना शेयर देंगी तो हम आर.ओ.बी. पूरी तरह से बना देंगे। मैं पूछना चाहता हूं कि वह राट्रीय राजमार्ग है और वहां से रेलवे क्रॉसिंग हो रही है, दोनों भारत सरकार के विभाग है, क्या भारत सरकार राज्य सरकार की मदद के बगैर आर.ओ.बी. बनाने का काम नहीं कर सकती है?

मेरा निवेदन है कि उसे किसी भी हालत में बना दिया जाए। मैहर और सतना के बीच में गोवराव मोड़ एक जगह है, जहां से रेलवे लाइन निकली है। वहां दोनों तरफ किसानों के खेत है, उन्हें आने-जाने में बहुत कठिनाई होती है। उन्हें करीब 20 किलोमीटर का चक्कर लगाकर खेतों में पहुंचना पड़ता है। हमने मांग की थी कि वहां रेलवे फाटक की स्थापना की जाए, जो आज तक नहीं हो पाई। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि इसकी व्यवस्था करने की कृपा करें।

अंत में मैं कहना चाहता हूं कि मैंने अपनी कुछ मांगे लिखी हैं, उपाध्यक्ष महोदय आपकी अनुमति से मैं उन्हें सदन के पटल पर रखना चाहता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय :** आप उन्हें सदन के पटल पर ले कर सकते हैं।

**श्री गणेश सिंह :** सर, मैं शेा भााण सदन के पटल पर रख रहा हूं। लेकिन मैं एक बात अवश्य कहना चाहता हूं कि रेलवे की सुरक्षा बहुत महत्वपूर्ण विाय है। रेलवे की सुरक्षा, यात्रियों की सुरक्षा, रेलवे का विकास और विस्तार यदि समान रूप से होगा, तभी उसें उपलब्धि माना जायेगा। इतना कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

*भारतीय रेलों से प्रतिदिन लगभग 1.4 करोड़ लोग यात्रा करते हैं। हर वा कुछ नई ट्रेनें चलाई जाती हैं। कुछ के फेरे बढ़ाए जाते हैं और कुछ जगहों पर आमान परिवर्तन भी किया जाता है।

यूपीए सरकार का यह तीसरा रेल बजट है जिसमें यात्रियों की सुरक्षा तथा स्लीपर पर चलने वाले यात्रियों के लिए बुनियादी सुविधाओं का अभी भी भयंकर अभाव बना हुआ है। रेल मंत्री जी, भारतीय रेल को दुनिया की नम्बर एक की रेल बनाने में जो ढांचागत सुधार होना चाहिए वह बहुत कम है। बजट में प्रावधान भी बहुत कम है और यही कारण है कि अभी भी 50 हजार से अधिक रेल पुल उन्नीसवीं

शताब्दी के हैं। लगभग 12 हजार किलोमीटर के रेल मार्ग पुराने हैं जिनका तत्काल नवीनीकरण होना चाहिए। करीब 35 हजार कोचों एवं डिब्बों को रिटायर करने की आवश्यकता है।

अभी 26 प्रतिशत रेल लाइनों को ब्रॉडगेज में बदलना बकाया है। विद्युतीकरण मात्र 28 प्रतिशत हो पाया है। डीजल के बढ़ते दामों की चिंता तो रेल मंत्री ने जरुर की है लेकिन रेल लाइनों के कछुआ चाल में चल रहे विद्युतीकरण के कार्य को तीव्रगति से बढ़ाने की बात नहीं कर रहे हैं, ऐसा क्यों?

---

* …..*This part of thespeech was laid on the Table.

यात्रियों की सुरक्षा के बारे में आये दिन रोज बड़ी खबरें पढ़ने, सुनने तथा देखने को मिल रही हैं। दुर्घटनाओं की संख्या में भले ही कमी आयी हो लेकिन यूपीए सरकार के जमाने में घटनाएं भयानक हुई हैं। यात्री सुरक्षित यदि पहुंच रहा है तो अपनी किस्मत पर। अकेले मुम्बई लोकल ट्रेनों में 2005 में 4 हजार से अधिक लोग फिसलकर या टकराकर मर गये। मेरे क्षेत्र में खुटहा रेलवे स्टेशन में गाड़ी में चढ़ते हुए तीन यात्रियों को मालगाड़ी ने कुचल दिया, जिनकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी और कई घायल हैं जिनके पांव तथा हाथ गायब हो गये। मजे की बात है कि एक रुपया किसी को नहीं दिया गया। रेलवे ने कह दिया कि यात्री की लापरवाही है।

फिर भी रेल मंत्री जी मुस्कान यात्रा का दावा कर रहे हैं। गरीब ही सबसे अधिक दुर्घटना का शिकार होता है, उनको मदद करने के बजाए गरीब रथ चलाकर उसके आंसू पोंछने की तैयारी की जा रही है।

महोदय, पिछले बजट में रेल मंत्री जी ने कुल्हड़ और खादी के उपयोग का वचन दिया था। लगा था कि गरीबों के रोजगार में बढ़ोत्तरी होगी लेकिन दुर्भाग्य है कि संसद भवन एवं रेल भवन को छोड़कर कहीं भी न तो कुल्हड़ है और न ही कहीं खादी दिखाई दे रही है।

रेल बजट पूरी तरह से असंतुलित है तथा असंतोा से भरा हुआ है। मैं असंतुलित इसलिए कह रहा हूं कि रेल बजट का छुकाव बिहार एवं तमिलनाडु के अलावा बाकी के राज्यों में न के बराबर है। मेरे प्रदेश मध्य प्रदेश के साथ लगातार तीनों बजटों में उपेक्षा होती रही है।

महोदय, मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वहां पश्चिम रेलवे जोन आता है। मेरे क्षेत्र से सर्वाधिक माल लदान में रेलवे को आमदनी होती है। फिर भी इस क्षेत्र की गंभीर समस्याओं की तरफ लगातार नजरअंदाज किया जाता है। विगत 21 नवम्बर को 10 हजार लोगों ने संसदीय क्षेत्र के मझगवां, खुटहा, जैतवारा, सतना, लगरगवां, उचेहरा, मैहर, मदनपुर, अमदरा, झुकेही तथा खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशनों में रेल रोको आंदोलन करके वहां की समस्याओं का ज्ञापन दिया। इसके बाद भी कोई ख्याल नहीं रखा गया।

महोदय, यह क्षेत्र अत्यंत उपेक्षाग्रस्त है। कटनी से नैनी तक, सतना से रीवा तक, मानिकपुर से झांसी तक का रेल मार्ग अभी तक लगातार मांग करने के बाद भी विद्युत्तीकरण नहीं हो पाया। सतना से रीवा, मानिकपुर से नैनी तथा झांसी तक का रेल मार्ग का दोहरीकरण नहीं हो पाया।

पवित्र नगर चित्रकूट धाम कर्वी से मैहर पवित्र स्थल तक एक नई डी.एम.ए. गाड़ी चलाये जाने की मांग को आज तक पूरा नहीं किया गया। राजकोट एक्सप्रेस को पूर्व रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने सतना तक चलाये जाने की घोाणा की थी। लेकिन आज तक नहीं चलाई जा सकी। सतना से मुम्बई के लिए यात्री गाड़ी की मांग लम्बे समय से है, वह भी नहीं दी गयी। रीवा से नई दिल्ली चलने वाली गाड़ी सुबह 10 बजे तक दिल्ली पहुंचायी जाए। उचेहरा में जनता, महाकौशल जैतवारा में कामयनी, मझगवा में सारनाथ, खन्ना बंजारी में हा वड़ा भोपाल का स्टॉपेज दिया जाए।

रीवा से जबलपुर के लिए सुबह 7 बजे एक शटल गाड़ी चलायी जाए। रेल मंत्री जी ने आर.ओ.बी. बनाने के लिए धनराशि की कमी नहीं है ऐसा अपने भााण में कहा है। मैहर में नेशनल हाइवे पर रेल क्रॉसिंग के ऊपर ओवरब्रिज बनाये जाने की लगातार मांग की जाती रही है। लेकिन आज तक स्वीकृति नहीं दी गयी। गोवराव मोड़ पर रेलवे फाटक लगाये जाने तथा धुनवारा में नये रेलवे स्टेशन की स्थापना की जाए। कटनी से कैमोर तथा कटनी से व्यौहारी तक नई डीएमयू गाड़ी चलायी जाए। खन्ना बंजारी, मझगवां, झुकेही में एफ.ओ.बी का निर्माण कराया जाए। महाकौशल एवं रीवा नई दिल्ली यात्री गाड़ी में प्रथम श्रेणी का डिब्बा लगाया जाता था, बंद कर दिया गया है उसे पुनः चालू किया जाए। ललितपुर सिंगरौली रेल लाइन कार्य सतना तथा सिंगरौली से भी प्रारम्भ किया जाए। खन्ना बंजारी, मझगवां, झुकेही, जैत वारा में एफआरओबी का निर्माण किया जाए। रीवा सतना के बीच जमुना एवं मैहर कटनी के बीच घुनवारा में नये रेलवे स्टेशन की स्थापना की जाए। *

SHRIMATI TEJASWINI SEERAMESH (KANAKPURA): Sir, if you can permit me, I would like to seek your kind permission to speak from here.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Yes, you can.

SHRIMATI TEJASWINI SEERAMESH : Thank you, Sir. I would like to take this opportunity to appreciate a talented journalist, artist who has written a wonderful communicative graphic here… (*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do not show the paper.

SHRIMATI TEJASWINI SEERAMESH : For the first time, an Indian Railway Minister has successfully presented a pro-people Budget. The whole country appreciates it. हम सब लोगों द्वारा राजनीति से ऊपर उठकर सोचने से और बात करने से यह पता चलता है और इसे आम जनता ने भी एप्रिशिएट किया है। यह गांवों के लोगों का बजट है। One can hate or love Laluji for his political colours. But, for the first time, in the Indian history a man has presented a Railway Budget with the profit of Rs. 11,000 crore. In my view, it is not a common thing. I come from an ordinary village. My parents have not travelled by train so far, whether you believe it or not. My village people have not even travelled by car. That is the condition of the village. I represent an area where 80 per cent of the people live in villages. Train is the common mode of transport, which connects the majority of India. For that, the Railway Minister really deserves an appreciation for his competitive and courageous Budget presentation. Even the world appreciates our Prime Minister for his honesty and efficiency. He appreciated it. Under the leadership of our capable and able Railway Minister, our Indian Railways is progressing towards the path of progress. I can understand that one of my brothers in the Opposition, when discussion started today afternoon, criticised that our rail derailed in Bihar because of our own mistakes. Nobody would have derailed us but I believe and I am very confident that with this wonderful Budget, यू.पी.ए. के साथियों से सहयोग से हमारी यही रेल ट्रैक पर वापस आयेगी। I am very confident and even my people believe that. एन.डी.ए. ने क्या किया? Those people were derailed from the Union Government. Why? It is because they have forgotten the ground realities. They have shown 'India

Shining' and 'Feel Good Factor'. That was not the reality. We learnt from their mistakes. That is why our Government has been presenting a good Budget for the last three years. We will not derail. Nobody can derail us.

Sir, let me appreciate that Laluji's magic Railway Budget can think of Garib Rath. क्या हम ऐसा सोच सकते हैं? We cannot even realise it. Villagers cannot travel by car, forget about the flight. Today, farmers and even ordinary people are getting this facility. Only a person belonging to a village can think of this pro-common people idea and this commitment. It is because of this commitment, UPA under the leadership of Madam Soniaji and our Prime Minister, our Laluji and Veluji has presented this pro-people Budget. We are so proud of this pro-farmer, pro-women, pro-youngsters and pro-common people Budget.

Sir, this point of safety of women definitely pleased me very much. As a proud father of the daughters, as a proud husband of the wife, Laluji's commitment and concern towards women is well-known. I appreciate his concern for the women. Today, women need more protection for their rights. Today, we feel that we are more safe to travel by the train. So, I would like to congratulate him for that.

Sir, it is not a small thing to introduce 55 new trains and extension of 37 trains and the Garib Rath to the poor, and declaring Service Year to satisfy and to take care of passengers. This is very much impressive. I would like to appreciate him for that. He even introduced extra bogies. If we forget about politics and then talk, can anyone imagine, in this age of inflation, he has not raised the fares whether it is the goods train. It is because today we cannot depend on any other mode of transport. मैं कामन, मिडल क्लास और लोअर क्लास के बारे में बात कर रही हूं। So, he has really done it. Let us appreciate him, rising above the party lines. He needs a deserving appreciation. मेरी दो डिमांड हैं। Not only I appreciate that he belongs to a village but today, with modernisation, he has introduced e-ticketing. Nobody knew it. It is because when Laluji became Railway Minister, everybody thought that he would fail terribly in his portfolio.

But today he has won the hearts of the people from all walks of life whether they belong to administration or whether they belong to the IT field, by doing modernisation of Railways with a *Swadeshi* touch. पहले दूध और लस्सी को इंट्रोड्यूस किया है। मैं साउथ इंडिया, कर्नाटक से आती हूं, मेरी एक मांग है कि हमारा जो ट्रेडिशनल फूड होता है, उसे रागी मुद्दे कहते हैं, आप उसे भी इंट्रोड्यूस कीजिए, इससे आपको बहुत पापुलेरिटी मिलेगी।

Sir, Kashi is the temple city and the Capital of our State Bangalore is the garden city. Today many people like to travel to Kashi from Bangalore. So, I demand Laluji to introduce a weekly train from Bangalore to Kashi. Then, right from his first Railway Budget, I have been demanding a new survey to be done to link Bangalore city to Mettupalayam via Kanakapura and Chamrajnagar. Out of 13 points in that route, 8 points are coming under my constituency and they are Nayandahalli, Gnana Bharathi, Agara, Harohalli, Kanakapura, Sathanur, Halaguru, Malavalli. 13 प्वाइंट आते है, उन 13 प्वाइंट्स में आठ प्वाइंट मेरे कांस्टीट्यूएंसी में जाते हैं। मेरी एक ही मांग है, आपसे मेरी विनती है कि इस नयी लाईन के लिए आप कुछ करिए। I led a delegation to the hon. Railway Minister along with the Chief Minister of Karnataka and Laluji promised to do it in front of the bureaucrats, but I do not know what happened to that. I am not going to leave this. I may be representing the Ruling Party, but when it comes to development, I am not going to compromise on this line. So, the bureaucrats should adhere to the commitment. Otherwise, politicians will get bad name. The people have voted us with a lot of hope. If we fulfil the commitment

made to our people regarding developmental programmes, irrespective of our party, every parliamentarian will get good name and this temple of democracy will also earn good name.

I would like to sincerely thank the Chair for giving me this opportunity and conclude my small speech.

**श्री टेक लाल महतो (गिरिडीह)** : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह रेल बजट सचमुच में एक ऐतिहासिक बजट है। गरीबों, दीनहीनों और िवकलांगों के लिए यह बहुत अच्छा बजट है। मैंने जब से होश संभाला है तब से ऐसा रेल बजट मैंने कभी नहीं देखा था, न सुना था और न ही पढ़ा था। सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि अगर हम सैकिंड क्लास का टिकट कटाते हैं और फर्स्ट क्लास में जगह मिल जाती है तो फर्स्ट क्लास में भी हमें चढ़ने की जगह मिलेगी। इससे ज्यादा सुविधा क्या हो सकती है।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे झारखंड में पारसनाथ एक जगह है, जिसके बारे में माननीय रेल मंत्री जी को अच्छी तरह से जानकारी है। वहां जैनियों का बहुत बड़ा तीर्थ स्थान है। वहां देश और विदेश से जैनी लोग आते हैं और हमारे एक मंत्री जी भी वहां गए थे ।

**20.00 hrs**

मैं चाहूंगा कि जो राजधानी एक्सप्रेस सूट करे, राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव वहां दिया जाये। हमारा गोमो जं. है जहां ओवरब्रिज न रहने से आवागमन में काफी असुविधा होती है...(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय** : अगर हाउस की अनुमति हो तो हाउस का समय 9 बजे तक बढ़ाया जाता है।

**कई माननीय सदस्य** : ठीक है।

**श्री लालू प्रसाद** : आज 9 बजे तक बैठते हैं, कल 11 बजे तक बैठेंगे।

**श्री टेक लाल महतो** : उपाध्यक्ष जी, मैं कह रहा था कि गोमो जं. हावड़ा-दिल्ली और भुवनेश्वर-दिल्ली लाइन पर है, लेकिन वहां राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव नहीं है। मेरा निवेदन है कि वहां भी स्टापेज दिया जाये। वहां ओवरब्रिज नहीं रहने से लोगों को बहुत दिक्कत आती है। स्टेट गवर्नमेंट अपना शेयर देने के लिये तैयार है। पिछली बार हाजीपुर के जनरल मैनेजर वहां गये थे। मैंने यही प्रस्ताव उनके सामने रखा था जिसे स्वीकार कर लिया गया था। मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि गोमो स्टेशन पर शीघ्र ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाये। गया से दिल्ली के लिये महाबोधि एक्सप्रेस चलती है, जो वहां 3-4 घंटे खड़ी रहती है। मेरा आग्रह है कि इसे धनबाद तक बढ़ाकर, वहां से वापस चलाया जाये। धनबाद एक बड़ी औद्योगिक नगरी है। देश भर के मजदूर वहां कोलियरी में काम करने के लिए आते हैं। इसलिये महाबोधि एक्सप्रैस को धनबाद तक चलाया जाये।

उपाध्यक्ष महोदय, धनबाद में भोपाल और बिलासपुर से काफी लोग आते हैं। उन लोगों के लिये कोई सीधी गाड़ी नहीं होने से दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसलिये मैं चाहूंगा कि गोमो होते हुये एक गाड़ी बिलासपुर, वाया बेरमो, बोकारो थर्मल होकर चलाई जाये। मेरे गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में बीस रोलिंग मिल्स हैं। उसकी साइड में 125 किलोमीटर दूर भागा पड़ता है, जहां से कच्चा माल आता है और यहीं से बना हुआ माल वापस भागा जाता है। इससे जहां किराये में बढ़ोत्तरी होती है, वहीं माल का दाम बढ़ जाता है। हम चाहते हैं कि गिरिडीह में ही एक रेलवे साइडिंग का निर्माण कराया जाये ताकि कोयला वहां मिल सके और पक्का माल बनकर बाहर जा सके। इससे दामों में कमी आयेगी।

उपाध्यक्ष महोदय, हज़ारीबाग गांव के लोगों ने ट्रेन देखी है किन्तु शहर के लोगों ने ट्रेन नहीं देखी। कोडरमा से हजारीबाग को जोड़ा जा रहा है। इसके लिये घोाणा जरूर हुई है, काम चल रहा है लेकिन बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। इस बार जो पैसा मिला है, वह बहुत ही कम है। मैंने पिछली बार यह सवाल उठाया था, तो बताया गया था कि 2007 में इसे चालू कर दिया जायेगा, लेकिन इस

बार जो राशि दी गई है, वह बहुत ही नगण्य है। लगता है कि 10-15 साल में भी यह काम पूरा नहीं होगा। इसलिये मेरा आग्रह है कि यह राशि बढ़ाकर इस काम को शीघ्र पूरा किया जाये। इसी तरह कोडरमा से गिरिडीह के लिये रेलवे लाइन` का काम चल रहा है। यह काम धीमी गति से चल रहा है, जो बहुत ही चिन्ता की बात है। झारखंड में दुमका राज्य की उप-राजधानी है। हम लोग यहां आदिवासी हरिजनों की बराबर चर्चा करते रहते हैं। यह आदिवासी बाहुल्य इलाका है। हमारे कोयला मंत्री उस निर्वाचन क्षेत्र से 1980 से जीतकर आते रहे हैं, लेकिन दुमका शहर में ट्रेन आज तक नहीं पहुंच पायी है। जो पैसा दिया गया है, वह बहुत ही कम है। मेरा अनुरोध है कि दुमका को रेल द्वारा अन्य जगहों से जोड़ने का काम किया जाये। राज्य सरकार ने इस कार्य के लिये तीन करोड़ रुपये देने की घोाणा की है, लेकिन वह राशि भी नहीं मिली है। मेरा आपके माध्यम से मंत्री जी से अनुरोध है कि और राशि देकर दुमका, जो झारखंड की उप-राजधानी है, उसे ट्रेन से जोड़ने का कट करें।

उपाध्यक्ष महोदय, धनबाद एक बहुत बड़ा जंक्शन है जहां हावड़ा, स्यालदाह और कोलकाता से चलने वाली सभी गाड़ियां रुकती हैं लेकिन इस स्टेशन का ठीक से विकास नहीं हो पाया है। धनबाद जैसे शहर को देश का सबसे बड़ा औद्योगिक जिला कहा जाए तो गलत नहीं होगा। यहां रेल से लगातार यात्रियों का आना जाना लगा रहता है। हम चाहते हैं कि धनबाद स्टेशन का सौन्दर्यीकरण किया जाए।

अंत में मैं मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस रेल बजट में कोई यात्री किराया नहीं बढ़ाया गया है जिससे गरीब लाभान्वित होंगे। बहुत सी अन्य रियायतें भी इस बजट में दी गई हैं। खान-पान में थोड़ा सुधार करने की आवश्यकता है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI P. MOHAN (MADURAI): Sir, while welcoming the people-friendly measures of the hon. Railway Minister like 'No Fare Hike, Higher Class Upgradation At No Extra Cost, Bringing Down AC Class Fare, and 50 per cent Concession to Farmers and Milk Producers', I would like to draw the attention of the hon. Minister to certain demands that remain as a far cry.

Hon. Railway Minister has announced that electrification work will be taken up this year between Villupuram and Tiruchirappalli. I would like to urge upon the Minister to go in for electrification beyond Tiruchirappalli up to Kanyakumari.

Doubling of track has been announced and is to be taken up between Madurai and Dindigul with an allocation of Rs.30 crore. I request the Minister to announce and take up this year itself the doubling work between Villupuram and Dindigul.

Doubling work may also be taken up between Madurai and Kanyakumari. This will help augmenting rail service between Chennai and Kanyakumari helping the public from both Tamil Nadu and Kerala.

Already Madurai-Tuticorin doubling survey work is on and is to be completed in March. In view of the commencement of 8$^{th}$ Bay operation in Tuticorin and Sethu Samudram Project and in view of the increased goods traffic, Madurai-Tuticorin doubling may be taken up. A new railway line between Madurai and Tuticorin via Aruppukkottai may be laid.

Already Dindigul-Sabarimala survey is going on. It may be taken up in this year itself. A new line from Bodinaickanur (Tamil Nadu) to Kottayam (Kerala) may also be taken up this year itself.

---

* The speech was laid on the Table.

Madurai, the famous tourism and pilgrimage heritage city, must have the much publicised Rail Yatri Niwas at the earliest for which foundation stone had been laid as early as in 1998. I extend my support to this Budget.

With this, I conclude.

SHRI M. SHIVANNA (CHAMRAJANAGAR): Mr. Deputy Speaker, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak on the Railway Budget 2006-2007. Hon. Minister shri Laluji and his colleagues have done their home work very well. Shri Laluji has take care to present a pro-poor, pro-women, and pro-middle-class Railway Budget for the year 2006-2007. In fact Hon. Minister has set a new trend and it is a new record to present a Railway Budget without increase in the passenger fare for three consecutive years. Hence the Hon. Ministers deserve all commendations. I thank and congratulate Shri Laluji and his colleagues for this achievement.

Sir, there is a proverb in Kannada, “Mr. Gowda to which village do you belong? The answer is , the price of this blanket is forty rupees”.

Similarly we have requested for some important Railway projects whereas the Minister has given us some other new Railway lines. We, the members of parliament along with our Hon. Chief Minister Shri H.D. Kumara Swamy met Shri Laluji and appraised him of the urgency of completing certain long pending Railway projects. In fact, he assured us in this regard. But, so far no action has been taken and the Budget does not reflect any such assurance.

First of all I would like to deal with the problem of my constituency, Chamaraganagar, Karnataka. The gauge conversion work between Mysore and Chamaraganagar is going on well. An amount of Rs. 45/- has been allocated in this Budget. Hence I am hopeful that this work would be completed within a period of one year. But unfortunately the construction work of the Railway line between Chamaraganagar and Mettupalyam has not yet started. Shockingly, the Minister has not given a single paise to this long

pending project in Karnataka. Hon. Minister Shri Velu visited my constituency and other border towns in that area a couple of months ago. While speaking in a function he announced the

---

* English translation of the speech originally delivered in Kannada.

sanction of Re. 1 crore for conducting survey of this route. We along with the people of my constituency were dreaming that sufficient funds would be allocated for the construction work of this very important Railway line. After seeing this Budget it appears that this project has been kept in the cold storage. I am sure that the people of my constituency will start agitations like "RAIL ROKO" and DELHI-CHALO etc. Therefore, my humble request to the Hon. Minister is to sanction at least 100 crores for this project during this year 2006-2007

"Cigarette is a tube of tobacco with fire at one end and a fool at the other end" Said Bernard Shah. The Union Government and the State Governments are also trying their best to ban smoking in public places. Laluji tried this experiment in Railways and succeeded in banning smoking. I am greatful to Laluji for this.

In fact, he is the first Railway Minister to give a big boost to the use of indegenious products including buttermilk, food, cotton materials etc. The consumption of Campa cola, Cococola and other soft drinks in the Railway stations has been reduced drastically. My humble request to Shri Laluji is to introduce and encourage the consumption of Ragi malt and trader coconut water which are very good for health. In fact, Ragi malt acts as a medicine to diabetics patients.

Persons who have lost their limbs or other parts of the body will get concession (50%) ticket to go to various places for their medical treatment. Similarly physically challenged persons also get 75% concession. But, unfortunately they have to travel only in some ordinary passenger trains., This is really strange. When you are giving some concession give it with an open heart. I request the Ministry to change its attitude in this regard. All the trains including Rajdhani Exp, Shatabdi Exp, etc. should allow the above mentioned persons to travel with their concessional tickets.

Our Chief Minister Shri Kumar Swamy has hailed the Railway Budget. He said that it is the common man's Budget. I join him to appreciate the achievements of the Hon. Railway Minister.

**But the most shocking thing is**

"KELIDDU KOTI

KOTTIDDU BHIKSHE"

We had asked for several thousand crores of rupees and the amount allocated in the Budget is very meagre and most disappointing. The required amount is Rs. 3363 crores and the sanctioned amount is Rs. 202 crores only. This has to be rectified and remedied immediately. The proposed Bangalore-satyamangala Railway line is only 260 K.M. The required amount for construction of this line is Rs. 901.62 crores. Only one lakh rupees has been allocated in this Budget. Similarly, there is inordinate delay in completing the gauge conversion of Mangalore-Hassan route. Shri. Laluji has successfully saved Rs. 11,000 crores. He has introduced an innovative "Dynamic Fare" system for the first time in the history of Indian Railways

**20.13 hrs** (Shri Varkala Radhakrishnan *in the Chair*)

Everyday accidents are taking place in Bangalore city. Roads are very narrow and congested. Traffic in the city is in a mess and the I.T. companies are preparing to run away from Bangalora city. The Centre has successfully introduced Metro Railway in Delhi. Why don't they start construction work of Bangalore Metro which is penaing for the last two decades. Our Chief Minister Shri. H.D.Kamara Swamy has made a special request to the Railway Minister to start the Metro Railway work without any further delay. He travelled in Delhi Metro along with his collegues and family. He has expressed his supreme satisfaction about the functioning of Delhi Metro. In this regard I would like to caution the Hon. Minister that checking the passengers by the police at the entrance is not at all satisfactory. Mishaps con take place at any time. Hence he has to take immediate corrective measures in this regard. Five eminent politicians from Karnataka became Railway Ministers at the Centre. Now, the Centre should take up the construction work of Bangalore Metro and any delay in this matter can not be tolerated … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : Please conclude now. We cannot sit here for long.

SHRI M. SHIVANNA : Okay, Sir.… (*Interruptions*)

SHRIMATI TEJASWINI SEERAMESH : Mr. Chairman, Sir, the hon. Member is misleading the House. The Metro Project was delayed not because of the Congress Government. At that time in Karnataka, JD (S) and Congress were the coalition partners. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Madam, you had your chance. Please take your seat.

… (*Interruptions*)

SHRI M. SHIVANNA : Madam, I am not telling like that. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record.

*(Interruptions) ...**

MR. CHAIRMAN : Shrimati Bhavana Gawali.

… (*Interruptions*)

SHRI M. SHIVANNA : I do not want any more explanation. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Nothing will go on record except the speech of Shrimati Bhavana Gawali.

*(Interruptions) ... **

MR. CHAIRMAN: Now, you must realize that this is the House and there is a Chairman in the Chair. You must address here and not her.

SHRI M. SHIVANNA : She is interfering in my speech.

MR. CHAIRMAN: This is the House. Do not address her. Now, you please sit down.

Now, Shrimati Bhavana Gawali, you can continue.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No, nothing will go on record.

*(Interruptions) ... **

---

* Not Recorded.

MR. CHAIRMAN: It is not a verbal duel between you two. This is the House.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No, nothing will go on record. You please take your seat.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No word will be recorded.

*(Interruptions) ... **

MR. CHAIRMAN: Shrimati Bhavana Gawali, you can continue. You can speak.

SHRI KHARABELA SWAIN (BALASORE): Please excuse him. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Whatever you have to say, you give it in writing. You can lay it on the Table. Why do you waste the time of the House? Whatever you have to say, you can give it in writing. It will go on record. Do not misuse the time of the House.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: No.

Shrimati Bhavana Gawali, are you speaking?

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: We are here after eight o' clock. There is some difficulty. You do not realise this.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI PRIYARANJAN DASMUNSI): Sir, you give him two minutes' time to complete. Let him conclude in two minutes' time.

MR. CHAIRMAN: No. On any account, I will not allow him.

Shrimati Bhavana Gawali, you continue. Once decided, there is no going back.

… (*Interruptions*)

---

* Not Recorded.

MR. CHAIRMAN: No, please take your seat.

… (*Interruptions*)

SHRIMATI C.S. SUJATHA (MAVELIKARA): Please allow him two minutes' time.

MR. CHAIRMAN: Please be seated.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I will not succumb to pressure.

… (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: When the Chair is on his legs, you take your seat first. Please be seated. I shall call you. Do not do this in future. You can speak for one minute. This is given as an exceptional case.

SHRI M. SHIVANNA : Thank you.

MR. CHAIRMAN: You conclude within one minute.

* SHRI M. SHIVANNA : Sir, I did not interfere when other Hon. Members were speaking. I expect the Hon. Lady member to reciprocate the same restraint when I am speaking on the floor of the House. There are two routes between Bangalore and Mettupalyam. One is via Kanakapura, Malavalli, Kollegal and Satyamangala. The other route is via Kankapura, Malavalli, Bannur, Tirumakudla Narasipura, Chamarajanagara, and Satyamangala. The Centre may kindly take up any one of the above routes. In fact, Shri. H.D. Deve Gowda, the former Prime Minister of India had ordered for a survey. Now, the Centre should allocate more funds and start the work very soon.

Sir, another very important and long pending Railway line is the one between Mysore and Nelambur via Nanjangud, Gundlu pet Talachery. This will connect Karnataka and Kerala. Business between the two States will improve to a

---

*English translation of the speech originally delivered in Kannada..

large extent and it will be very convenient to the devotees visiting Chamundeshwari Temple and other religious places in and around Mysore.

Sir, Mysore is the southern Kashi. It is one of the most beautiful cities in the word. Brindavan garden is attracting tourists from all over the world. This city is connected to the capital city of Karnataka, Bangalore. It is strange but true. We have only a single track between Mysore and the Silicon city even after 58 years of our Independence. Some work of doubling has been done between Bangalore and Ramanagaram. Rest of the route i.e. from Ramanagaram to Mysore should be doubled on war footing basis. If is also very essential to electrify this Railway line between Bangalore and Mysore which is again pending for the last twenty years.

Sir, I urge upon the Hon. Railway Minister through you to release at least Rs. 2000 crores for taking up all pending Railway works in Karnataka during 2006-2007. Once again I thank you and with those words I conclude my speech.

**श्रीमती भावना पुंडलिकराव गवली (वाशिम) :** महोदय, मैं रेल बजट पर चल रही बहस में भाग लेने के लिए खड़ी हुई हूं और अपने क्षेत्र के बारे में कुछ निवेदन करना चाहती हूं। रेल मंत्री जी ने बजट में किसानों और दुग्ध उत्पादकों को भाड़े में पचास प्रतिशत तक की छूट दी है, अपंग व्यक्तियों और उनके साथ यात्रा करने वाले को भी 50 प्रतिशत की छूट दी गई है और सामान्य व्यक्तियों के लिए गरीब रेल रथ शुरू करने की बात कही गयी है, विशेाकर महिलाओं के लिए विशेा सुरक्षा पथिक की घोाणा भी की गयी है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहती हूं कि विगत चालीस वर्ाों में महाराट्र में बहुत ही कम रेलवे लाइन की लम्बाई बढ़ी है। वर्ा 1960 से 61 तक महाराट्र में कुल रेलवे

लाइन की लम्बाई 5056 किलोमीटर थी, तब से आज तक उसमें केवल 8.7 प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हुई है, जो बहुत ही कम है। इससे महाराट्र के सांसद बिलकुल खुश नहीं हैं। महाराट्र ऐसा प्रदेश है, जहां न केवल सबसे अधिक लोकल ट्रेन्स चलती हैं बल्कि वहां से बड़ी मात्रा में रिवेन्यू रेलवे मंत्रालय को मिलता है। जितना रेवेन्यू महाराट्र से मिलता है, यदि उस अनुपात में देखें तो महाराट्र को कुछ नहीं मिला है। जो योजनाएं हमारे यहां चल रही हैं, उन योजनाओं के लिए केवल 15, 20, 25 या 26 करोड़ रूपये का प्रोविज़न किया गया है। मेरे क्षेत्र में पूर्णा-अकोला रेलवे लाइन को मीटरगैज से ब्राडगैज में परिवर्तन करने के लिए 1999-2001 में निर्णय हुआ था, लेकिन तब से लेकर आज तक केवल 70 करोड़ रूपये ही इस योजना के लिए दिए गए हैं। यह बात मैंने पिछले रेलवे बजट में भी कही थी कि जो योजनाएं सरकार अपने हाथ में लेती है, उन्हें अधिक से अधिक पांच साल में खत्म करना चाहिए। अगर योजनाएं पांच साल में खत्म नहीं होती हैं, तो रेलवे मंत्रालय का खर्चा बढ़ता जाता है। पूर्णा-खण्डवा रेलवे लाइन को पूरा करने के लिए 151 करोड़ रूपये की जरूरत है। यदि यह रेलवे लाइन पूरी हो जाती ,है तो 2008 में नांदेड़ में जो सिख भाइयों का त्रिशताब्दी महोत्सव होने जा रहा है, इससे वहां जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी ।मुझे पूरा विश्वास है कि सन् 2008 तक लालू जी इस रेलवे लाइन के लिए प्रोविजन कर देंगे। इसके साथ ही मै यह भी कहना चाहूंगी कि पूर्णा-खंडवा लाइन जो मेरे डिस्ट्रिक्ट से होकर जाती है और मेरा डिस्ट्रिक्ट बने 4-5 साल हुए हैं। मेरे डिस्ट्रिक्ट से लगा हुआ हिंगोली है, जहां से श्रीमती सूर्यकांता पाटिल आती हैं। उनका और मेरा डिस्ट्रिक्ट साथ-साथ है और यह डिस्ट्रिक्ट की घोाणा हुए पांच साल हुए हैं लेकिन जो विकास होना चाहिए, वह अभी तक नहीं हुआ है। अगर इस रेल लाइन का काम जल्दी होगा तो बहुत से युवाओं को रोजगार उपलब्ध होगा। जो किसान अच्छी फसल होने के बाद भी उसे बेचने नहीं जा पाते, अगर वे मालगाड़ी में अपना माल लेकर जाएंगे तो उन्हें उसके अच्छे दाम मिलेंगे। इससे उद्योग भी बढ़ेंगे। मेरी आपसे विनती है कि वह रेलवे मार्ग, जो कछुए की गति से चल रहा है, उसे खरगोश की गति से चलाना है। मुझे विश्वास है कि खरगोश बीच में नहीं सोएगा। आप मंत्री रहते हुए हमें उसके लिए फंड ऐलॉट करवा दीजिए।

आपने रेलवे में महिलाओं को संरक्षण दिया है, यह बहुत अच्छी बात है और इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहती हूं। महिलाएं जब ट्रेन में सफर करती हैं तो उन्हें बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, उन पर अत्याचार के बहुत से किस्से सुनने में आते हैं। मुम्बई की लोकल ट्रेनों में भी इस तरह के बहुत से मामले हुए हैं।...(व्यवधान) लेकिन आपने हाउस में रहने वाली महिलाओं को कोई संरक्षण नहीं दिया है। आपको हमें भी संरक्षण देना चाहिए। हमने जितने फंड की मांग की है, उतना फंड हमें देंगे, यह संरक्षण हमें आपकी तरफ से चाहिए। महिलाओं के प्रति आपका रवैया बहुत अच्छा है, महिलाओं के प्रति आपका आदर है, इसीलिए श्रीमती राबड़ी देवी बिहार की मुख्य मंत्री थीं और यहां श्रीमती कांति सिंह मंत्री हैं। मैं समझती हूं कि आप हमें नैग्लैक्ट नहीं करेंगे और पूर्णा-खंडवा रेलवे लाइन पर ज्यादा ध्यान देंगे। यदि यह मार्ग सन् 2008 तक पूरा हो जाता है तो लोगों को नान्देड़ जाने में सुविधा होगी।

पुसद-उमरखेड़-वर्धा-यवतमाल के लिए रेलवे लाइन का सर्वेक्षण हुआ था। उसके बारे में क्या हुआ, यह अभी तक पता नहीं चला है। मंत्री जी कृपया करके उस पर ध्यान दें।

रेलवे में जो भर्ती होती है, हमने 10-15 दिन पहले टीवी में देखा और अखबारों में भी पढ़ा था कि वहां काफी अफरा-तफरी होती है। ऐसे मामलों को समाप्त करने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है। जिस राज्य में भर्ती होती है, उस राज्य के युवाओं को ज्यादा प्राधान्य देने की जरूरत है। ऐसा न हो कि ब्यूरोक्रेट्स और कुछ लोग मिलकर उसमें अफरा-तफरी करें। इसके लिए भी कदम उठाने की जरूरत है।

मैं बहुत उम्मीद के साथ लालू जी से मांग कर रही हूं और मुझे विश्वास है कि लालू जी हमारी मांग पूरी करेंगे।

मैं ज्यादा समय न लेते हुए इसी के साथ आपको धन्यवाद देती हूं।

MR. CHAIRMAN : Now Shri Srichand Kriplani will speak. You will get only five minutes to speak.

Now, all the Members of the House will get five minutes each. The time of all the parties is over.

**श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) :** सभापति महोदय, मैं काफी समय से अपने पूर्ववक्ताओं की बातें सुन रहा हूं। ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: In the meanwhile, those hon. Members who want to lay their speeches may give their speeches in writing.

**श्री श्रीचन्द कृपलानी** : अनेक माननीय सदस्यों ने रेल बजट पर अपने-अपने विचार रखते हुए कहा है कि लालू प्रसाद जी ने अच्छा रेल बजट रखा है, संतोाजनक रखा है, किसी ने इस रेल बजट की बुराई भी की है लेकिन मैं निश्चित रूप से कहूंगा कि यह संतोाजनक बजट है। यहां पर श्री राम कृपाल यादव जी बैठे हुए हैं, सुश्री तेजस्विनी जी भी बैठी हुई हैं। अभी शाइन इंडिया की बात हो रही थी। तेजस्विनी जी, मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि एनडीए के पिछले छः साल के राज में इस देश में बहुत विकास हुआ, बड़ी-बड़ी सड़कें बनीं, टेलीफोन की सुविधा गांव-गांव तक पहुंची, देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई, इसीलिए लालू प्रसाद जी अच्छा रेल बजट प्रस्तुत कर पाये। एनडीए सरकार के पांच-छः सालों में बहुत उद्योग-धंधे डेवलप हुए, विकास के कार्य हुए। ...(व्यवधान) वह बात सही है लेकिन यह तो आंकड़े ही बतायेंगे। सारे आंकड़े हमारे सामने हैं। मैं इतना जरूर कहूंगा कि रेल बजट अच्छा था, जैसे आप लोग तारीफ कर रहे हैं, मैं पूछना चाहता हूं कि जब रेल मंत्री श्री लालू प्रसाद अपना रेल बजट पेश कर रहे थे, तब वामपंथी लोग क्यों चिल्ला रहे थे? वे तो आपके सहयोगी दल हैं। हमने फिर भी इस बजट को संतोाजनक माना है। रेल मंत्री जी मैं आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि आपने अच्छा रेल बजट प्रस्तुत करने का प्रयास किया है, लेकिन राजस्थान की इसमें बहुत अधिक उपेक्षा हुई है। ...(व्यवधान)

**श्री लालू प्रसाद** : राजस्थान में काफी काम हुआ है।

**श्री श्रीचन्द कृपलानी** : हमारे क्षेत्र हढ़ौती और मेवाड़ की उपेक्षा हुई है। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जब आप वहां ब्राडगेज कन्वर्जेन के कार्यक्रम में आये थे, तब मैं भी वहां था। आपने हमारे यहां से ब्राडगेज रेल लाइन प्रारंभ की थी। अगर पर्यटन की दृटि से देखें, तो राजस्थान हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में नम्बर वन पर है। अगर हम चित्तौड़गढ़ जिले की बात करें, तो महाराणा प्रताप का इतिहास आपसे या किसी से छिपा हुआ नही है, पन्ना धाय का इतिहास किसी से छिपा हुआ नहीं है, मीरा की भक्ति किसी से छिपी हुई नहीं है, पद्मिनी का जौहर किसी से छिपा हुआ नहीं है। इन स्थानों पर पूरे विश्व से टूरिस्ट आते हैं, इसलिए यहां आने जाने के लिए अच्छी ट्रेनें चलानी चाहिए और हमारी ब्राडगेज लाइन कम्पलीट होनी चाहिए। आपने देखा होगा कि बड़ीसादरी क्षेत्र है, जो झाला मन्ना की धरती कही जाती है। वहां से नीमच वाया छोटीसादरी होकर रेलवे लाइन की हम डिमांड करते रहे हैं। एनडीए सरकार के राज में इसका सर्वे भी कराया गया था, लेकिन आज तक वह डिमांड पूरी नहीं हुई।

आपने रेल बजट में चित्तौड़ से अजमेर और नीमच से रतलाम को वर्ा 2007 तक पूरा करने की बात की है। आप इसे वर्ा 2007 तक अवश्य पूरा करा देंगे, लेकिन हमारी भी अधिकारियों से बातचीत होती रही है। हमें पता चला है कि दोनों ब्राडगेजों में करीब-करीब कार्य पूरा हो चुका है - केबिन बन चुके हैं, ब्रिज बन गये हैं और अब सिर्फ पटरियों बिछाने का काम बाकी है। यदि आप इस बारे में निर्देश देंगे तो मै समझता हूं कि यह कार्य तीन-चार महीने में पूरा हो सकता है।

चित्तौड़, अजमेर और नीमच से रतलाम लाइन का कार्य पूरा हो जाने पर दिल्ली से मुम्बई डायरेक्ट कनेक्शन कर देंगे, तो इससे लोगों को अजमेर आने में सुविधा मिलेगा। मैं समझता हूं कि आप निश्चित रूप से इस सुझाव पर विचार करेंगे। रामगंज मंडी गोपाल के बारे में भी मैं निवेदन करना चाहता हूं। रामगंज मंडी से गोपाल रेलवे लाइन स्वीकृत है लेकिन इस बजट में बहुत कम पैसा दिया है। मेरा निवेदन है कि इस सुझाव पर विचार करते हुए आप इस कार्य को तुरंत करायें। चूंकि रामगंज मंडी से कोटा स्टोन मिलता है जो विश्व का माना हुआ पत्थर है। हमारे यहां से पूरे विश्व में कोटा स्टोन निकलता है। रामगंज में धनिया की बहुत बड़ी मंडी है। अगर यह लाइन कम्पलीट हो जाती है, तो इससे उद्योग जगत को बहुत फायदा मिलेगा और वहां पर रहने वाले लाखों लोगों को, मजदूरों को, जो कोटा स्टोन निकालते हैं, सबको फायदा मिलेगा। मुझे विश्वास है कि आप इस सुझाव पर विचार करेंगे।

मैं यह निवेदन भी करना चाहता हूं कि मेवाड़ के क्षेत्र में बांसवाड़ा, डुंगरपुर, सलूम्बर बहुत बडा आदिवासी इलाका है । उस पूरे आदिवासी इलाके में कहीं भी रेलवे पटरी नाम की कोई चीज नहीं है। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि नीमवाड़ा क्षेत्र, छोटी सादड़ी, प्रतापगढ़, प्रतापगढ़ से ढूंगरपुर-वासौड़ा होकर वलसार होकर रेलवे लाइन मुम्बई तक के लिए निकालें तो पूरा आदिवासी क्षेत्र उससे जुड़ जाएगा। जिन एससीएसटी, आदिवासी, पिछड़े, गरीब और दलित लोगों की बात आप अपने भाण में किया करते हैं, यदि वास्तव में आप उन्हें राहत देना चाहते हैं तो यह रेलवे लाइन यदि पूरी होती है और आपसे लोगों को उम्मीद भी है, हमें भी आपसे उम्मीद है, उसके बारे में निश्चित रूप से आप विचार करेंगे। उसी तरह से बड़ी सादड़ी से मावली मीटर गेज जा रही है, उसे भी हम बढ़ाकर मारवाड़ तक ब्राडगेज बनाकर पहुंचाएं तो उससे लोगों को बहुत मिलेगी। इस तरह से मैं नीमबाड़ी और रामगंज मंडी जो दो बहुत बड़े सब-डिवीजन हैं और हमारा

सीमेंट फैक्टरी का बहुत बड़ा इलाका लगता है, तीन-तीन सीमेंट फैक्टरीज हमारे आसपास के इलाके में हैं, वहां कम्प्यूटर की सुविधा नहीं है। मेरा आपसे निवेदन है कि निम्बाहेड़ा, रामगंज मंडी और भीलवाड़ा में दोनों में कम्प्यूटराइज करा देंगे तो लोगों को बहुत राहत मिलेगी।

सभापति महोदय, मुझे तो नयी ट्रेन्स और रेलवे लाइन के बारे में बहुत लम्बी-चौड़ी बातें करनी है, लेकिन सभापति महोदय ने कहा कि समय बहुत कम है, मैं लालू जी आपसे इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि कुछ ट्रेन्स ऐसी हैं जो बहुत कम खर्चे में, जैसे अभी ब्राडगेज नीमच से आपने उदयपुर से दिल्ली की ओर जयपुर की गाड़ी चलानी आरम्भ की है। उसी तरह से नीमच से वाया कोटा होकर देहरादून के लिए लिंक एक्सप्रैस जुड़ी हुई है। वह मांग उदयपुर के लोगों की भी रहती है। उसकी यदि दो गाड़ियां बन जाएं कि जो देहरादून एक्सप्रैस आपकी कोटा से लिंक एक्सप्रैस बनकर नीमच जाती है और वह उदयपुर आए और दो लिंक एक्सप्रैस बन जाए तो हरिद्वार तक के लिए सीधा मिल जाएगी। उदयपुर-चित्तौड़ और नीमच के लिए वह ट्रेन सीधा नहीं मिलेगी लेकिन उदयपुर के क्षेत्र के लिए मावली तथा चित्तौड़गढ़ के लोगों को भी सीधी सुविधा मिल जाएगी। निश्चित रूप से इसके बारे में आप विचार करेंगे। आपने भी रेल बजट में हमारे यहां के लिए आपने एक ट्रेन की घोाणा की है, जो जबलपुर से कोटा ट्रेन आ रही है, उसे आपने जयपुर तक बढ़ाया है। मेरा रेल मंत्री जी से नि वेदन है कि हमारे जितने भी लोग हैं, उन्होंने हमेशा इस बात की डिमांड की है कि जो जबलपुर की ट्रेन कोटा तक है, उसे उदयपुर तक बढ़ाया जाए। वैसे जयपुर तक बढ़ गई है और जयुपर से बहुत गाड़ियां हैं। उदयपुर से हम इसलिए मांग कर रहे हैं क्योंकि चित्तौड़ में मार्बल की बहुत बड़ी मंडी है। मार्बल की बहुत बड़ी मंडी उदयपुर में है। जबलपुर-कटनी सारा इलाका मार्बल का है लेकिन सारे व्यापारी वहां से होकर जाते हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि उस गाड़ी को जयपुर की बजाए, क्योंकि जयपुर जाती है, कोई बात नहीं है लेकिन उदयपुर तक इसको लिंक एक्सप्रैस बना दें तो यह जबलपुर की ट्रेन से आकर जुड़ जाए। इससे मार्बल के लोगों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि मार्बल के धंधे से लाखों, करोड़ों लोग जुड़े हुए हैं। एक मेरा आपसे यह भी निवेदन है कि मार्बल का एक कन्टेनर डिपो उदयपुर और चित्तौड़ के बीच में है क्योंकि बहुत लम्बे समय से इस बारे में मांग की जाती रही है और लाखों करोड़ों लोग इससे जुड़े हुए हैं। अगर आपने अपने बजट में भी कहा है कि कन्टेनर डिपो अगर जगह-जगह खोलने की आवश्यकता होगी तो खोलेंगे। वहां एक खेमली जगह है, अगर वहां मार्बल का कन्टेनर डिपो खुलता है तो उदयपुर, चित्तौड़ आदि के मार्बल उद्योग को इससे बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

मैं समझता हूं कि रेलवे ओवर ब्रिज के बारे में अगर मैं बात नहीं करूंगा तो मैं अपने क्षेत्र के साथ न्याय नहीं कर पाऊंगा। हमारे इस क्षेत्र में ओवर ब्रिज के नाम पर कोई ओवर ब्रिज नहीं है। चित्तौड़गंज में हमारा बहुत बड़ा इलाका कुम्भानगर है, उस पर यदि एक रेलवे फाटक बनता है तो उससे जनता को बहुत बड़ा फायदा मिलेगा। उसी तरह से रामगंज मंडी, खैराबाद और मोडक क्षेत्र में ओवर ब्रिज की बहुत आवश्यकता है। मोडक में भी फाटक बहुत ज्यादा बंद रहता है। मोडक में मंगलम स्वीट फैक्टरी भी है, फाटक बंद रहने से हजारों मजदूरों को बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि वहां भी ओवर ब्रिज बनाने का आश्वासन आप हमें देंगे। उसी तरह से रामगंज मंडी रंगपुर की हमारे ओवर ब्रिज हैं और भी कई समस्याएं हैं, ...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, please conclude your speech.

**श्री श्रीचन्द कृपलानी** : सभापति महोदय, समाप्त ही कर रहा हूं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Shri Kriplani, you have already exhausted the five minutes allotted to you to speak in the House on this issue. Actually, you have taken up more than 10 minutes.

SHRI SRICHAND KRIPLANI : Sir, I would request you to give me two more minutes to speak on this issue. अगर आप कहें तो मैं ले कर दूं।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: You can lay it.

**श्री श्रीचन्द कृपलानी** : ठीक है, सर, ले कर देता हूं। लालू जी, मेरी कुछ डिमांड हैं, मैं आपसे निवेदन करता हूं,...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN: Kindly give other hon. Members of the House an opportunity to speak on this issue.

**श्री श्रीचन्द कृपलानी** : लालू जी, मेरा आपसे निवेदन है कि आपने जो उदयपुर-बनारस रूट के बारे में आपने जो उनको आश्वासन दिया था, वहां चित्तौड़गड़ की स्पेसिफिक नगरी है, वहां हिन्दुस्तान की कोई ऐसी गाड़ी नहीं है जो वहां न रुकती हो, निश्चित रूप से आप उस

बात को अभी तक अपने ध्यान में रखे हुए होंगे, मैं आपको इस बात के लिए भी धन्यवाद देना चाहता हूं कि, आपने उस दिन कपासन में हमने आपको रोका था और आपने वहां ट्रेन चलाने की घोाणा की थी। आपको मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि वह ट्रेन वहां रुकने लग गई है। बाकी जो बातें की हैं, वे भी आप शीघ्र पूरी करेंगे, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

***<u>स्टोपेज</u>**

**1.** जयपुर-बैंग्लोर, जम्मूतवी व फ्रंटीयर मेल तीनों ट्रेनों का स्टोपेज रामगंज मंडी में किया जाए क्योंकि यहां पर मार्बल व धनियां की सबसे प्रसिद्द मंडी में लोगों और व्यापारियों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है।

**2.** जयपुर सुपर व इंटरसिटी को मौडक पर स्टाप किया जाए। यहां पर सीमेंट के काफी उद्योग स्थापित हैं जिससे व्यापारी वर्ग को काफी कठिनाई होती है।

**3.** मेवाड़ एक्सप्रेस (उदयपुर-जयपुर) का स्टोपेज फतेहनगर, कपासन, पारसौली, बस्सी बूंदी आदि जगह पर नहीं होने के कारण क्षेत्रीय जनता को असुविधा हती है। उक्त स्टेशनों पर मेवाड़ एक्सप्रेस (उदयपुर-जयपुर) का ठहराव निश्चित ही आवश्यक है।

**4.** उदयपुर-हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) आने वाली गाड़ियों का स्टोपेज मावली, बस्सी, बूंदी, पारसौली आदि जगहों पर किया जाए।

**<u>ट्रेनों के संचालन व दूरियां बढ़ाने के संबंध में</u>**

1. कोटा-जबलपुर के बीच ट्रेन नं. 1470 संचालित है, इसे उदयपुर तक बढ़ाया जाना आवश्यक है, विशेा रूप से चित्तौड़गढ़ में मार्बल की सबसे बड़ी मंडी से संबंधित रॉ मेटिरीयल वर्तमान में कटनी व सातना (म.प्र) से आ रहा है जिसे मार्ग पर अत्यधिक आवागमन रहता है।

2. कोटा-ग्वालियर पैसेंजर गाड़ी नं. 297 मैन्टेनेंस के लिए कोटा स्टेशन पर 10 से 12 घंटे तक खड़ी रहती है। इस प्रकार मेन्टेनेंस के समय में कमी कर इस ट्रेन को चित्तौड़गढ़ से संचालित किया जाए जिससे कि इसे मार्ग पर यात्रियों को यातायात सुविधा का लाभ मिल सके।

3. नीमच-आगरा के बीच हल्दीघाटी फास्ट पैसेंजर को कानपुर तक बढाया जाए। कानपुर व्यापारिक दृटिकोण से काफी समृद्ध है जिसके कारण राजस्थान के लोगों को व्यापारिक कारणों से कानपुर आना-जाना पड़ता है। इस ट्रेन का कानपुर तक विस्तार हो जाने से इस क्षेत्र के लोगों, व्यापारियों को काफी सुविधा होगी।

4. अहमदाबाद-धनबाद एक्सप्रेस को हावड़ा तक बढ़ाये जाने के लिए इस क्षेत्र के लोगों द्वारा समय-समय पर मांग की जाती रही है। यह भी अति आवश्यक है क्योंकि इस ट्रेन से हावड़ा तक जाने से कलकत्ता आने-जाने वाले लोगों को सीधी रेल सुविधा उपलब्ध हो सके।

---

*…..* This part of the speech was laid on the Table.

**रेलवे ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज**

**1.** चित्तौड़गढ़-कुम्भानगर, रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज के लिए रेलवे से बजट स्वीकृति की आवश्यकता है।

2. रामगंज मंडी खैराबाद, ओवरब्रिज बनाया जाए। रेलवे फाटक के अधिकतर समय बंद होने के कारण जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है।

3. मोडक में फाटक बंद होने से लोगों को काफी कठिनाइयां होती है। यहां पर ओवरब्रिज होना अति आवश्यक है।

4. फाटक नं 102 (बड़ौली घाटा) तथा अजौलिया का खेड़ा धोसुंडा व पाड़ौली (कपासन) आदि के रेलवे फाटक बंद होने से जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यहां पर कर्मचारी नियुक्त कर फाटकों को खोला जाए ताकि आवागमन करना सुलभ हो सके।

5. रामगंज मंडी में झलावाड़ गेट नं. 76 पर फाटक बंद कर दिया गया है। इसलिए कर्मचारी की नियुक्ति कर फाटक को खुला रखा जाए ताकि लोगों की कठिनाई दूर हो सके।

6. रंगपुर (रामगंज मंडी) में ओवरब्रिज का कार्य धीमी गति से चल रहा है। कृपया परीक्षण करा कार्य को गति देकर शीघ्र ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा कराया जाए।

7. गेट नं. 108 के पास ओवरब्रिज बनाने के लिए स्वीकृति जारी हो गयी है लेकिन कार्य शुरू नहीं किया गया है। कृपया जनभावना के अनुरूप तत्काल ओवरब्रिज निर्माण का कार्य शुरू किया जाए।

**मार्बल कन्टेनर डिपो के संबंध में।**

चित्तौड़गढ़ एवं उदयपुर सहित आसपास के क्षेत्र में मार्बल उद्योग की काफी प्रगतियां हैं। यह क्षेत्र मार्बल मंडी के रूप में विख्यात है। यहां से पूरे देश में मार्बल सप्लाई की जाती है। इसके अलावा पड़ौसी देशों को भी मार्बल का निर्यात किया जाता है। इन्हीं बिन्दुओं को दृटिगत रखते हुए उदयपुर एवं चित्तौड़गढ़ के बीच खेमली स्टेशन को कन्टेनर डिपो के लिए चिन्हित किया गया है। यहां कन्टेनर डिपो बन जाने से मार्बल का व्यवसाय बढ़ेगा और रेलवे को भी अच्छे राजस्व की प्राप्ति होगी। इस संबंध में मार्बल उद्यमियों एवं इनके संगठनों द्वारा भी मार्बल कन्टेनर डिपो बनाए जाने की पुरजोर मांग की जाती रही है, इस कार्य को शीघ्र करने की कृपा करें।

आशा है कि आपके माध्यम से जो बात मैंने माननीय मंत्री जी के समक्ष रखी है। मुझे विश्वास है कि मंत्री जी आशा के अनुरूप ध्यान देंगे तथा इन समस्याओं का समाधान शीघ्र कराएंगे।

**कम्प्यूटराइज आरक्षण**

1. कोटा में डकनियां स्टेशन का विस्तार कर मॉडर्न स्टेशन बनाया जाए।

2. कोटा शहर की बढ़ती आबादी और लगभग 40 हजार बाहर के विद्यार्थी कोचिंग के लिए कोटा आते हैं, इनके लिए पांच नए आरक्षण टर्मिनल बनाए जायें, जिससे आरक्षण में इन्हें सुविधा मिल सके।

3. रावतभाटा परमाणु ऊर्जा केन्द्र देश में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यहां पर रेलवे आरक्षण केन्द्र नहीं होने की वजह से क्षेत्रीय जनता व अधिकारियों को काफी परेशानी होती है। अतः रावतभाटा पर भी आरक्षण केन्द्र खोला जाए।

4. रेलवे स्टेशन चित्तौड़गढ़ पर स्थित कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र को जब प्रारंभ किया गया था उस समय यहां वी.आई.पी. विंडों शुरू किया था, जिसे बाद में बंद कर दिया गया। स्टेशन पर वी.आई.पी. सुविधा को मद्देनज़र रखते हुए विंडों को पुनः प्रारंभ करावें।

**निम्बाहेड़ा एवं रामगंज मण्डी रेलवे स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र स्वीकृति के संबंध में**

1. रेलवे स्टेशन निम्बोहड़ा पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र नितांत आवश्यक है, यहां जे.के. सीमेंट फैक्टरी सहित पत्थर की खदानें एवं कई छोटे बड़े उद्योग धंधे संचालित हैं साथ ही यह निम्बाहेड़ा के पास ही स्थित प्रसिद्ध कृण धाम सांवलियात्री में प्र ातिदिन हजारों श्रद्धालुओं से लोगों को भारी परेशानी होती है इसलिए यहां शीघ्र कम्प्यूटरीकृत आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराए जाने का कट करें।

2. रामगंज मण्डी कोटा जिले का प्रमुख व्यावसायिक नगर है। व्यापारिक कारणों से स्थानीय लोगों के अलावा बाहरी लोगों का आना-जाना लगा रहता है। इस रेलवे स्टेशन से होकर विभिन्न एक्सप्रेस लम्बी दूरी की अनेक गाड़ियां गुजरती हैं लेकिन कम्प्यूटरीकृत आरक्षण केन्द्र नहीं होने से इस मार्ग के साथ-साथ अन्य जगहों पर जाने वाले लोगों को सीधी आरक्षण सुविधा उपलब्ध नहीं होती है। अतः रामगंज मंडी में रेलवे स्टेशन पर कम्प्यूटरीकृत आरक्षण सुविधा उपलब्ध करायी जाए।

## अतिरिक्त स्लीपर कोच जोड़ने की व्यवस्था

1. नीमच से दिल्ली लिंक एक्सप्रेस नं. 9019 जिसमें कोटा से देहरादून के लिए यात्री सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मेवाड़ वासियों की विशेा रूप से मांग है कि इस गाड़ी में नीमच से देहरादून, हरिद्वार तक के लिए एक स्लीपर कोच जोड़ा जाए जिसे हरिद्वार तक के लिए यात्रा सुलभ हो सके। साथ ही उक्त गाड़ी को चित्तौड़गढ़ से उदयपुर तथा चित्तौड़गढ़ से नीमच दो भाग में की जावे जिसे कि मेवाड़ व मालवा अंचल के यात्रियों को भी सुविधा का लाभ मिल सके।

## नयी रेल गाड़ियां

1. उदाचुर-जबलपुर वाया चित्तौड़गढ़-कोटा

2. उदयपुर से मुम्बई वाया कोटा, उदयपुर से मुम्बई वाया भीलवाड़ा, अजमेर

3. उदयपुर से ग्वालियर वाया कोटा-अन्ता शिवपुरी, उदयपुर से दिल्ली वाया हावड़ा, अजमेर

4. उदयपुर से आगरा वाया ग्वालियर कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़ अन्ता शिवपुरी टूरिस्ट के नाम से नयी रेल चलायी जाए।

5. कोटा से जयपुर सुबह, कोटा से जयपुर शाम को नयी ट्रेन चलायी जाए।

6. उदयपुर से कोटा मार्ग पर प्रातःकाल के समय कोई गाड़ी नहीं है, जिस कारण मेवाड़ व हाड़ौती क्षेत्र में यात्रियों व पर्यटकों को काफी कठिनाई होती है। अतः उदयपुर से कोटा मार्ग पर प्रातःकालीन नयी रेल सेवा प्रारंभ की जाए, जिसका सभी स्टेशनों पर ठहराव किया जाए।

7. चित्तौड़गढ़ से उदयपुर के लिए दोपहर 2.00 बजे के बाद रेल सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। अतः चित्तौड़गढ़ से उदयपुर के लिए सांय 4.00 बजे, शाम 7.00 बजे दो लोकल ट्रेन संचालित की जाए।

8. रतलाम से चित्तौड़गढ़ के लिए रात्रि 12.00 बजे से प्रातः 7.00 बजे के बीच में कोई ट्रेन नहीं है। अतः प्रातः 5.00 बजे रतलाम से चित्तौड़गढ़ के लिए नयी ट्रेन चलायी जाए।

